आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज * होली उत्सव”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 47 | उज्जैन, मंगलवार 03 मार्च, 2026 | फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

### इजराइल-ईरान जंग, बहरीन में भारत ने वीजा-पासपोर्ट सर्विस बंद की

# ओमान की खाड़ी में तेल टैंकर पर ड्रोन से हमले में एक भारतीय की मौत

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

इजराइल-ईरान जंग के कारण बीते दो दिन में भारत में 760 से ज्यादा इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। आज भी दिल्ली एयरपोर्ट पर 87 फ्लाइट कैंसिल रहीं। दिल्ली, मुंबई, कोच्चि, बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर, अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं।

बहरीन में स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि मौजूदा हालात को देखते हुए इंडियन कांसुलर एप्लीकेशन सेंटर ने भारतीय वीजा और पासपोर्ट सर्विस अगले नोटिस तक बंद करने का फैसला किया है।

ओमान की खाड़ी में सोमवार को एक तेल टैंकर पर बम से लैस ड्रोन बोट से हमला किया गया, जिसमें एक भारतीय नाविक की मौत हो गई। मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात को देखते हुए और अबू धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर को 9 मार्च तक विजिटर्स के लिए



बंद किया गया है। इधर पीएम नरेंद्र मोदी ने आज इजराइल-ईरान जंग के बीच दिल्ली में कनाडा के पीएम मार्क कार्नी से मुलाकात के बाद कहा- पश्चिम एशिया में हालात चिंताजनक हैं। भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करेगा। हम बातचीत से समस्या का समाधान निकालने के पक्ष में हैं।

### खामेनेई की मौत पर भारत में प्रदर्शन

इधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार दूसरे दिन ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन हुए। श्रीनगर के बेमिना इलाके में सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस भी छोड़ी। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। शोपियां, बारामूला, बांदीपोरा में लोगों ने बाजार बंद रखा।

### पीओके में हिंसक प्रदर्शन-विरोध

भारत के अलावा पाकिस्तान में भी खामेनेई की मौत के विरोध में हंगामा जारी है। आज सुबह पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। गिलगित-बाल्टिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस में आग लगाई। वहीं, स्कर्दू में एसपी ऑफिस और कई सरकारी इमारतों को जला दिया। इस दौरान सुरक्षाबलों की ओर से की गई फायरिंग में 7 प्रदर्शनकारी मारे गए, 12 से ज्यादा घायल हैं।

### अमेरिका डिएगो-गार्सिया मिलिट्री बेस को लेकर ब्रिटेन से नाराज

## हिंद महासागर से ईरान पर हमला करना था

**एजेंसी ▸▸ तेल अवीव**

इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग का आज तीसरा दिन है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर पर नाराजगी जताई। दरअसल ब्रिटिश पीएम ने अमेरिका को हिंद महासागर में मौजूद अपना मिलिट्री बेस डिएगो गॉर्सिया देने में काफी देर लगाई है।

इसे लेकर ट्रम्प ने कहा है कि वे ब्रिटिश पीएम से बेहद निराश हैं। अमेरिका जंग के पहले दिन इस बेस से ईरान पर हमला करना चाहता था। हालांकि ब्रिटेन ने लंबे इंतजार के बाद इसकी इजाजत दी और कहा कि अमेरिका को यहां से सिर्फ ईरान के मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाने की परमिशन होगी।

वहीं कुवैत ने सोमवार को गलती से 3 अमेरिकी फाइटरजेट्स को दुश्मन का विमान समझकर निशाना बनाया। हादसे में सभी अमेरिकी पायलट सुरक्षित हैं।



दूसरी तरफ ईरान ने साइप्रस में ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स के अक्रोटिरी बेस पर ड्रोन हमला किया। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, रविवार देर रात हुए इस हमले में बेस को मामूली नुकसान पहुंचा, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। इसके जवाब में ब्रिटिश सेना कार्रवाई कर रही है। दरअसल, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने ईरानी मिसाइल साइट्स पर हमले के लिए अमेरिका को इस बेस का इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी।

## देश विदेश


### ममता ने बंगाल को घुसपैठियों का स्वर्ग बनाया: अमित शाह

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल में एक सभा में कहा कि राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल को घुसपैठियों का स्वर्ग बना दिया है। उन्होंने कहा कि एक बार बीजेपी की सरकार बन जाए, तो हम बंगाल से हर घुसपैठिए की पहचान करके उसे निकाल देंगे। शाह ने आगे कहा कि अभी वोटर रोल से सिर्फ घुसपैठियों के नाम हटाए जा रहे हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में पार्टी के पूरी बहुमत के साथ सत्ता में आने पर उन्हें राज्य से बाहर कर देंगे। अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा को संबोधित करने के दैरान ये बातें कहीं। हिंदू शरणार्थियों की नागरिकता नहीं छीनी जाएगी। ममता बनर्जी की सरकार सीमाओं की सुरक्षा करने में नाकाम रही है। बीजेपी के सत्ता में आने पर घुसपैठ और भ्रष्टाचार दोनों रुकेंगे।

### नागपुर फैक्ट्री ब्लास्ट में 21 डॉयरेक्टरों के खिलाफ केस

**नागपुर।** महाराष्ट्र में नागपुर जिले के राउलगांव स्थित गोला-बारूद निर्माण कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में रविवार को हुए धमाके से घायल दो और लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इससे मृतकों की संख्या बढ़कर 19 हो गई। उधर, पुलिस ने एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के नौ डॉयरेक्टरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कंपनी के 21 डॉयरेक्टर्स और शेयरधारकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 23 अन्य घायल श्रमिकों का यहां के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। धमाका नागपुर जिले की कटोल तहसील के राउलगांव स्थित खनन और औद्योगिक विस्फोटक निर्माता कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड की डेटोनेटर पैकिंग इकाई में हुआ। पुलिस ने बताया कि शव बुरी तरह जल चुके हैं और उनकी पहचान करने के लिए परिवार के सदस्यों के डीएनए नमूने लिए जा रहे हैं।

### विजय-रश्मिका का कल हैदराबाद में होगा ग्रैंड रिसेप्शन



**कई सेलेब्स होंगे शामिल, बिना वैलिड कार्ड नहीं मिलेगी एंट्री**

**हैदराबाद।** विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने हाल ही में परिवार और करीबी लोगों के बीच शादी की। अब यह कपल 4 मार्च को हैदराबाद में ग्रैंड रिसेप्शन देने जा रहा है। रविवार को जारी एक ऑफिशियल अनाउंसमेंट लेटर में विजय और रश्मिका ने बताया कि वेडिंग रिसेप्शन सिर्फ इनविटेशन वाला इवेंट रहेगा। इस सेलिब्रेशन को सोच-समझकर एक खास गैदरिंग के तौर पर क्यूरेट किया गया है, जिसमें तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के सदस्यों के साथ-साथ पॉलिटिकल और एडमिनिस्ट्रेटिव सर्कल के कुछ खास मेहमानों का स्वागत किया जाएगा। चूंकि रिसेप्शन में फिल्म इंडस्ट्री से लेकर अन्य क्षेत्रों की हाई-प्रोफाइल पर्सनैलिटीज आने वाली हैं, इसलिए लोकल अधिकारियों से बातचीत के बाद कपल ने सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए हैं। उन्होंने कन्फर्म किया कि गेस्ट लिस्ट को और सीमित कर दिया गया है और वेन्यू में एंट्री सिर्फ उन्हीं मेहमानों को मिलेगी जिनके पास वैलिड ऑफिशियल इनविटेशन होगा, ताकि भीड़भाड़ न हो और व्यवस्था बनी रहे। विजय और रश्मिका ने फैंस और सपोर्टर्स से मिले जबरदस्त प्यार के लिए दिल से शुक्रिया कहा। उन्होंने कहा, आपकी सेफ्टी और खुशी हमारे लिए सबसे अहम है। आपके प्यार और सपोर्ट के लिए हम बेहद आभारी हैं। हम चाहते हैं कि आप हमारा साथ दें, ताकि यह सेलिब्रेशन सबके लिए सुरक्षित और यादगार रहे। बता दें कि विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना 26 फरवरी को राजस्थान के उदयपुर में शादी के बंधन में बंध गए। दोनों की शादी एक प्राइवेट सेरेमनी में आईटीसी ममेंटोस रिसॉर्ट में हुई। शादी दो अलग परंपराओं से संपन्न हुई।

### ईपीएफओ ने खाताधारकों को 2025-26 में भी 8.25% ब्याज मिलेगा

**नई दिल्ली।** ईपीएफओ ने खाताधारकों को दी बड़ी राहत, 2025-26 में भी 8.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, 7 करोड़ से ज्यादा लोगों को लाभ नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2025-26 के लिए ईपीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर बनाए रखने का फैसला किया है। यह लगातार दूसरा साल है जब ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया गया। यह दर 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच जमा होने वाले अंशदान पर लागू होगी। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी यही 8.25 प्रतिशत की दर लागू थी। इस फैसले से करोड़ों नौकरीपेशा लोगों को स्थिर और अनुमानित रिटर्न का भरोसा मिलेगा।

### दो भाइयों के बीच खूनी संघर्ष में चार की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में दो भाईयों के बीच छोटी से बात से शुरू हुए विवाद ने एक खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के बसंतपुर उदल गांव में आधी रात घर से निकल रही खून की धारा ने लोगों को दंग कर दिया। जानकारी के मुताबिक कुल्हाड़ी से किए गए हमलों में चार की मौत हो गई, वहीं दो की हालत गंभीर हैं। अब इस परिवार में केवल एक छोटा बच्चा बचा है, जिसे पुलिस ने अपने पास रख लिया है। यह पूरी घटना रात लगभग 12.30 बजे की है। गांव लगभग आधी नींद में था, तभी एक घर से चिल्लाने की आवाजें आने लगी, जब तक गांव वाले वहां पहुंच कर उस लड़ाई को रोक पाते तब तक चार लाशें बिछ चुकी थी।

# अफगान का पाक के नूरखान एयरबेस पर हमला

### तालिबान के मंत्री बोले- हमने डूरंड लाइन पार की, पाक का दावा- 400 अफगान लड़ाके मारे

**एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद/काबुल**

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बीते चार दिनों से लगातार हवाई हमले और गोलीबारी जारी है। तालिबान सरकार का कहना है कि हमने पाकिस्तान के बेहद संवेदनशील नूर खान एयरबेस पर हमला किया है। यह एयरबेस रावलपिंडी में है।

इसके साथ ही तालिबान के एक मंत्री ने दावा किया कि उनके लड़ाके डूरंड लाइन पार कर पाकिस्तान की जमीन में घुस चुके हैं। तालिबान के मुताबिक, क्वेटा और खैबर पख्तूनख्वा के कुछ सैन्य ठिकानों पर भी हमले किए गए हैं।

ये कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से काबुल, बगराम और अन्य इलाकों में किए गए हवाई हमलों के जवाब में की गई। दूसरी तरफ पाकिस्तान



सरकार ने दावा किया है कि अब तक 400 से ज्यादा अफगान लड़ाके मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरूआत 22 फरवरी को हुई थी। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी।

### टीटीपी अफगानिस्तान से ऑपरेट हो रहा

पाकिस्तान लंबे समय से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि टीटीपी अफगानिस्तान से ऑपरेट हो रहा है, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इनकार करती रही है। पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने दावा किया था कि सीमावर्ती इलाकों में टीटीपी के ठिकानों पर कार्रवाई में कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी अखबार डॉन ने यह संख्या 80 तक पहुंचने का दावा किया था। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 27 फरवरी को पाकिस्तान पर हमला किया। अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि पाकिस्तान को 'सही समय पर कड़ा जवाब' दिया जाएगा। मंत्रालय ने इन हमलों को देश की संप्रभुता का उल्लंघन बताया था।

## एआई समिट में शर्टलेस प्रदर्शन-यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जमानत

### दिल्ली कोर्ट बोली- नारे भड़काऊ नहीं थे, लोगों को डराने का सबूत नहीं

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने एआई समिट में शर्टलेस विरोध प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार इंडियन यूथ कांग्रेस के नौ कार्यकर्ताओं को सोमवार को जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि यह प्रदर्शन सिर्फ सरकार की आलोचना करने का तरीका था। इसलिए मुकदमा शुरू होने से पहले किसी को जेल में रखना कानून के मूल सिद्धांतों के खिलाफ होगा।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि प्रदर्शन के समय लगाए गए नारे भड़काऊ नहीं थे। उनमें कोई धार्मिक या क्षेत्रीय रंग नहीं था। किसी तरह की तोड़फोड़ या लोगों को डराने का भी कोई सबूत नहीं मिला। कोर्ट ने यह भी बताया कि प्रदर्शन करने वालों को सुरक्षा के साथ बाहर ले जाया गया था।

कोर्ट ने कहा- आजादी अधिकार है और जेल केवल खास स्थिति में होनी चाहिए। अगर ट्रायल से पहले किसी को बिना जरूरी कारण के जेल में रखा जाए तो यह बिना सजा तय हुए ही सजा देने जैसा होगा। पटियाला हाउस कोर्ट के न्यायिक मजिस्ट्रेट (फर्स्ट क्लास) रवि ने कृष्ण हरि, नरसिंह यादव, कुंदन कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह यादव, राजा गुर्जर, अजय कुमार विमल उर्फ बंटू, सौरभ सिंह और अरबाज खान की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया।

### शेयर बाजार में हड़कम्प

## 2700 अंक गिरकर खुला सेंसेक्स

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

अमेरिका और इजराइल के ईरान के साथ युद्ध का सीधा असर आज सोमवार को शेयर बाजार पर देखा जा रहा है। मार्केट भारी गिरावट के साथ खुला है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स आज 2744 अंक की जबरदस्त गिरावट के साथ खुला। हालांकि, शुरूआती कारोबार में कुछ रिकवरी दिखी। सुबह 9 बजकर 31 मिनट पर सेंसेक्स 1.17 फीसदी या 949 अंक गिरकर 80,384 पर ट्रेड करता दिखा। उधर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी इस समय 0.99 फीसदी या 250 अंक की गिरावट के साथ 24,929 पर ट्रेड करता दिखा।




सेंसेक्स पैक के शेयरों में आज सबसे अधिक गिरावट लार्सन एंड टुब्रो, इंडिगो, एशियन पेंट, अडानी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, मारुति, एनटीपीसी, रिलायंस, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट में देखी जा रही है। वहीं, बीईएल, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा और एयरटेल हरे निशान पर ट्रेड करते दिखाई दिए।

## अविमुक्तेश्वरानंद पर आरोप लगाने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पीछे हटे

**एजेंसी ▸▸ गाजियाबाद**

बटुकों के साथ हुए यौन शोषण मामले में आशुतोष ब्रह्मचारी ने कदम पीछे खींच लिए हैं। उन्होंने पुलिस और सरकार पर मदद न करने के आरोप लगाए। आशुतोष ब्रह्मचारी का कहना है कि पुलिस ने अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। हम कोर्ट कैसे जाएंगे, जब हमारे बटुकों की कोई सुरक्षा ही नहीं है। पुलिस, सरकार सिर्फ अविमुक्तेश्वरानंद का पक्ष ले रही है।

**बटुकों के साथ अन्याय हो रहा है-** बटुक यौन शोषण मामले को लेकर एक नया मोड़ सामने आया है। इस केस में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर गंभीर आरोप लगाने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी ने खुद पीछे हटने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने पुलिस और सरकार पर गंभीर आरोप लगाते



- आशुतोष ब्रह्मचारी ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस, सरकार और यहां तक कि न्यायिक प्रक्रिया भी आरोपी के पक्ष में झुकी हुई नजर आती है। उनके मुताबिक, इस पूरे घटनाक्रम में पीड़ित बटुकों के साथ न्याय नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी कोई मदद नहीं कर रहा है, और बटुकों के साथ अन्याय हो रहा है।
- फिलहाल, आशुतोष ब्रह्मचारी ने पीछे हटने की बात कही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौजूदा हालात में सक्रिय भूमिका निभाना उनके लिए संभव नहीं है। अब निगाहें प्रशासन और पुलिस पर हैं कि वे इस मामले में आगे क्या कदम उठाते हैं।

हुए कहा कि उन्हें न्याय की उम्मीद अब लगभग खत्म होती नजर आ रही है।

आशुतोष ब्रह्मचारी का कहना है कि इस मामले में शुरूआत से ही उन्हें सहयोग नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने पहले एफआईआर दर्ज करने में ही देरी की और जब कोर्ट के निर्देश पर मामला दर्ज हुआ, तब भी आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका दावा है कि आरोपी अविमुक्तेश्वरानंद को बचाने की कोशिश की गई, जिससे उन्हें अदालतों में राहत लेने का पर्याप्त समय मिल गया।

उन्होंने कहा कि उनके पास न तो बड़े वकील हैं और न ही इतना पैसा कि वे लंबी कानूनी लड़ाई लड़ सकें। दूसरी तरफ आरोपी के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि हम कोर्ट कैसे जाएं, जब हमारे बटुकों की सुरक्षा तक सुनिश्चित नहीं है। उनका कहना है कि उन्होंने सभी सबूत संबंधित एजेंसियों को सौंप दिए हैं और यह मामला पॉक्सो कानून के तहत आता है, फिर भी कार्रवाई में सुस्ती समझ से परे है।

### गाजियाबाद के लोनी में यूट्यूबर सलीम पर हमला करने वाले

# आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया

**एजेंसी ▸▸ गाजियाबाद**

गाजियाबाद के लोनी में यूट्यूबर सलीम पर हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। एनकाउंटर के दौरान जीशान नाम के आरोपी को दो गोलियां लगीं, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जीशान अमरोहा का रहने वाला है। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है और मामले की आगे जांच की जा रही है।

गाजियाबाद के लोनी में यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने हमले के मुख्य आरोपी जीशान को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, एनकाउंटर के दौरान जीशान को दो गोलियां लगीं। उसे घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जीशान अमरोहा का रहने वाला था।

यह मुठभेड़ लोनी इलाके में हुई। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया और पूरे मामले की जांच जारी है। इससे एक दिन पहले ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सलीम पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का बयान दिया था। इसके अगले ही दिन आरोपी एनकाउंटर में मारा गया। गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह बाइक सवार दो हमलावर सलीम के दफ्तर में घुसे थे और उन्होंने चाकू से गर्दन और पेट पर ताबड़तोड़ वार किए थे। गंभीर रूप से घायल सलीम को तुरंत अस्पताल ले जाया गया और बाद में दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार उनकी गर्दन का ऑपरेशन किया जा चुका है और एक अन्य सर्जरी होनी है। उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और इलाज जारी है।



### वीडियो कंटेंट को लेकर मिलती थी धमकी

सलीम वास्तिक खुद को एक्स मुस्लिम बताते हैं और यूट्यूब पर वीडियो बनाते हैं। उनके वीडियो कंटेंट को लेकर सोशल मीडिया पर कई बार विरोध और धमकियां मिलने की बात सामने आई थी। बताया जा रहा है कि लगातार बयानबाजी के कारण वो कुछ लोगों के निशाने पर थे।

हमले के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।





# मंत्रोच्चार के साथ हुआ होलिका दहन



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### होली का पर्व सोमवार को सबसे पहले महाकालेश्वर मंदिर में मनाया गया

# महाकाल मंदिर में होलिका दहन के साथ होली पर्व शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

होली का पर्व सोमवार को सबसे पहले उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में मनाया गया। परंपरा के अनुसार इस बार भगवान महाकाल को केवल एक किलो हर्बल गुलाल प्रतीकात्मक रूप से अर्पित किया गया। संध्या आरती के दौरान पुजारी ने भगवान को गुलाल अर्पित किया। जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर परिसर में गोबर के उपलों से बनी होलिका का दहन किया गया। इस अवसर पर पंडे-पुजारी व उनके परिवार के सदस्य सहित श्रद्धालु मौजूद थे।

सुरक्षा कारणों से इस बार भी आम श्रद्धालुओं को होलिका दहन स्थल के पास जाने की अनुमति नहीं दी गई। पूर्व में हुई आग की घटना को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने विशेष सावधानी बरतते हुए यह फैसला लिया है। होलिका दहन में संभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहें।



महाकाल मंदिर में धुलेंडी का पर्व मंगलवार को ही मनाया जाएगा। इस दौरान तड़के सुबह 4 बजे होने वाली भस्म आरती में सबसे पहले भगवान महाकाल को गुलाल लगाया जाएगा। इसके बाद भगवान का भांग और चंदन से विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

मंदिर के पुजारी के अनुसार, महाकाल मंदिर में सबसे पहले होली मनाने की परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है, जिसमें भगवान को प्रतीकात्मक रूप से गुलाल अर्पित किया जाता है। महाकाल मंदिर में साल में दो बार भगवान की दिनचर्या में बदलाव होता है। कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा से ठंड के अनुसार आरती का समय होता है। वहीं चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से गर्मी के अनुसार आरती का समय तय होता है। इस बार चैत्र कृष्ण प्रतिपदा 3 मार्च (होली के दूसरे दिन) से भगवान महाकाल की दिनचर्या में भी बदलाव आएगा।

इस दिन से गर्मी की शुरूआत मानी जाती है। भगवान महाकाल को ठंडे जल से स्नान कराया जाएगा। ठंडे जल से स्नान का क्रम शरद पूर्णिमा तक रहेगा। इस दौरान प्रतिदिन होने वाली पांच में से तीन आरती का समय भी बदल जाएगा।

### ग्रहण के दौरान विशेष नियम

ग्रहण के सूतक काल में मंदिर के पट खुले रहेंगे, लेकिन नियमित भोग नहीं लगाया जाएगा। भगवान को केवल शक्कर का भोग अर्पित किया जाएगा। ग्रहण खत्म होने के बाद मंदिर की शुद्धि कर पूजा-अर्चना और आरती की जाएगी।

### मंदिर परिसर में रंग लाने पर प्रतिबंध

श्रद्धालुओं को रंग-गुलाल लेकर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। पुजारी, कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी भी रंग लेकर प्रवेश नहीं करेंगे। सभी प्रवेश द्वारों पर कड़ी जांच की जाएगी। मंदिर परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि होली का पर्व मंदिर की गरिमा के अनुरूप शांति, श्रद्धा और सौहार्द के साथ मनाएं।

## मंगल- राहु ने युद्ध करवा ही दिया...

खुसूर फुसूर

सनातन में ज्योतिष ज्ञान को बडा समृद्ध बताया गया है। हमारे कई ज्योतिष के जानकारों ने मंगल और राहु की युति से विध्वंस के योग को पूर्व में ही उजागर कर दिया था। यहां तक की दिशा के अनुसार पश्चिम एशिया के देशों में इस विध्वंस को भी बता दिया था। यहां तक की इसकी समयावधि भी कई जानकारों ने खुलासे के रूप में की थी। हाल ही में मंगल, सूर्य, बुध, शुक्र जैसे ही राहु के निकट आए परिस्थितिया बदल कर एक दम विध्वंसक हो गई, केतु जब से सिंह राशि में आया तो दुनिया के बडे नेता के खतरे में आने के संकेत भी जता दिए गए थे। जो कि सामने आया है एक बडे धार्मिक नेता का नुकसान हुआ। सूर्या और राहु कल शनिवार एकदम पास पास थे, मंगल राहु ने हिंसात्मक योग बनाया और भयानक हमलो में जान माल के साथ ईरान का सुप्रीम लीडर भी मारा गया । मंगल राहु के साथ सुंदरता के गृह शुक्र बुध भी रहे , इनके साथ रहने की स्थिति ने सुंदर देश दुबई और कतर को भी विध्वंस की चपेट में ले लिया। गृहों की तब्दीली जब सब कुछ परिवर्तन करने की स्थिति में है । ज्योतिष के जानकारों के अनुसार अभी तो फिर भी हालात दुनिया और देश में नियंत्रण के हैं। इसके पीछे का कारण है इन सब ग्रहों पर मिथुन से गुरु की दृष्टि है। ज्योतिषियों का ज्ञान कहता है कि एक माह बाद के गृहों की युति और उनकी चाल से डरें जब मंगल शनि साथ आयेंगे। खुसूर-फुसूर है कि आधुनिकता के अंधकार में डूब रही दुनिया धर्म एवं आध्यात्म को दरकिनार कर कबिलाई संस्कृति की तरह अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए कुछ भी करने को बेकरार है। इन हालातों को पैदा करने वाले गृह ही हैं जिनकी चाल से दुनिया प्रभावित हो रही है।

### श्री महाकालेश्वर मंदिर की टनल निर्माण में सीबीआरआई से रिपोर्ट ली

# टनल के अंदर तो ठीक अब उपरी सिरे को भी उधेडा





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर के एक-एक निर्माण में समय की महत्वता है। प्रतिदिन यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और इसके साथ ही आने वाले त्यौहारों/पर्वों के बावजूद निमार्णों के प्रति गंभीरता नहीं रखी जा रही है। इसका बडा उदाहरण स्मार्ट सिटी की और से निर्मित टनल का सामने आ रहा है। सवाल यह उठ रहा है कि प्रथम निर्माण के समय ही गुणवत्ता को लेकर पूरी सतर्कता क्यों नहीं रखी गई।पूर्ननिर्माण का खर्च तो ठेकेदार उठा रहा है लेकिन समय जाया होने का दोषी कौन है। इसे लेकर सभी चूप हैं।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा के लिए टनल बनाई गई है। करोडों की लागत से यह काम स्मार्ट सिटी ने किया है। बरसात के दिनों में इस टनल में रिसाव की स्थिति सामने आने के साथ ही छत टपकने का मसला भी सामने आया था। इस पर मंदिर प्रबंध समिति ने आपत्ति ली थी। इस कार्य पर सवालिया निशान लगाए गए थे। बाद में टनल के अंदर एवं उसकी छत से फ्लोरिंग उधेडने का काम किया जा रहा है। इस पूरे प्रकरण के संबंध में स्मार्ट सिटी के अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता से जानकारी लेने पर उन्होंने अनभिज्ञता ही जताई और बोले की निचले स्तर से जानकारी लेना होगी। बकौल स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा सीबीआरआई की रिपोर्ट के आधार पर इस काम को ठेकेदार से फिर से करवा रहे हैं अंदर एवं उपर छत की फ्लोरिंग उधेडवाकर यहां वाटर प्रुफिंग की जाना है उसके बाद पूनः फ्लोरिंग की जाएगी। इस खर्च को ठेकेदार ही भूगतेगा,अतिरिक्त कोई खर्च हमें नहीं करना है। उसकी ग्यारंटी में है यह काम।

### निर्माण की गंभीरता पर उठ रहे सवाल

इस पूरे मसले से टनल के निर्माण कार्य की गंभीरता एवं गुणवत्ता दोनों पर प्रश्न उठना स्वभाविक सा है। निर्माण के समय इसमें गंभीरता के अभाव की स्थिति को भी दर्शा रहा है। टनल निर्माण एवं उसके आंतरिक हिस्से के साथ उपरी हिस्से में फ्लोरिंग कर दी गई और वाटर प्रुफिंग को जगह ही नहीं दी गई। ऐसे में साईड इंजीनियर एवं वरिष्ठ अभियंताओं के निरीक्षण पर भी सवालिया निशान खडे हो रहे हैं। सिपेज की समस्या को भी श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की और से इंगित किया गया था। बकौल प्रबंध समिति प्रशासक प्रथम कौशिक हमने सिपेज की स्थिति देखकर इससे स्मार्ट सिटी को अवगत करवाया। साथ ही रिपोर्ट के आधार पर काम करवाने के लिए कहा है। हमने साफ कह दिया है कि श्रावण मास से पहले ही यह काम पूरा किया जाए। बारिश के दौरान टनल हमारे लिए महत्वपूर्ण है।

### व्यवस्था में बाधा, समय जाया गया

टनल के निर्माण में सिपेज एवं उसके बाद आंतरिक एवं बाह्य फ्लोरिंग को पूनः उधेडने के काम से मंदिर प्रबंध समिति की व्यवस्था में बाधा तो बनती ही है समय भी जाया हो रहा है। निर्माण में प्रारंभ से ही गंभीरता की निगरानी रखी होती तो ऐसे में टनल का भरपूर उपयोग प्रबंध समिति को करने को मिलता साथ ही श्रद्धालुओं को भी सुविधा की स्थिति मिलती। निर्माण की गुणवत्ता में कमी को लेकर तो ठेकेदार पूर्न निर्माण से सजा अदा कर रहा है लेकिन समय जाया होने के मामले में और निर्माण की गंभीरता नहीं रखे जाने पर संबंधित यंत्री पर कोई कार्रवाई सामने नहीं आ रही है।

### फ्लोरिंग के टुकडों से श्रद्धालु जख्मी

खास यह है कि टनल के उपरी हिस्से की फ्लोरिंग को उधेडा जा रहा है। इसमें छोटे झछोटे नुकीले टुकडे यत्र-तत्र फैल रहे हैं और श्रद्धालुओं के पांवों को जख्म दे रहे हैं। ऐसे में शुगर के मरीजों के लिए यह नुकीले टुकडे गंभीर समस्या भी बन सकते हैं।

# सीएम का होली पर शासकीय कर्मचारियों को तोहफा, अब केंद्र के समान 58% मिलेगा महंगाई भत्ता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

होली के त्यौहार पर मोहन सरकार ने शासकीय कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते (डीए) में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि आज होली के शुभ अवसर पर राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 3% की वृद्धि कर 58% करने का निर्णय किया है। सभी शासकीय सेवकों को भारत सरकार के समान अप्रैल (मई में देय) 2026 के वेतन में 58% महंगाई भत्ता मिलेगा। जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक के एरियर की राशि मई 2026 से प्रारंभ होकर 6 समान किस्तों में दी जाएगी।

पेंशनर्स को भी जनवरी-फरवरी 2026 की पेंशन में 58% का महंगाई भत्ता दिया जाएगा। हमारी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम कर रही है। आज दिन में किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत बड़वानी में कैबिनेट की, कई महत्वपूर्ण निर्णय किए। शाम को सभी कर्मचारी बंधुओं और पेंशनर्स के कल्याण के लिए निर्णय लिया है। सभी को होली की बधाई।

### 556 से 4230 रुपये तक का होगा फायदा

महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत वृद्धि से प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारियों और अधिकारियों को लाभ होगा। एक अनुमान के अनुसार इस बढ़ोतरी से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को 465 से 556 रुपये, तृतीय श्रेणी कर्मचारी 585 से 1473, द्वितीय श्रेणी अधिकारी 1683 से 2019 रुपये तथा प्रथम श्रेणी अधिकारियों को 2397 से 4230 तक प्रति माह वेतन ज्यादा मिलेगा। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने महंगाई भत्ता जुलाई 2025 से प्रदान करने का स्वागत किया है। उन्होंने प्रदेश के सेवानिवृत कर्मचारियों को भी जुलाई 2025 से ही महंगाई राहत प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए।

### प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग करने लगे, कांग्रेस ने कहा शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन अनिश्चितकालीन के लिए जारी रहेगा

# किसानों की उपज कम तौलने के आरोप में कार्रवाई नहीं, कांग्रेस ने दिया धरना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंडी में उपज लेकर पहुंचे किसान ने व्यापारी पर तौल कांटे से धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया था। चार-पांच दिन बीत जाने के बाद भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई तो उज्जैन जिला कांग्रेस ने मंडी परिसर में धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। बताया जाता है की तौल कांटे में गड़बड़ी कर 107 किलो की बोरी को 95 किलो का बताया जा रहा था इससे किसानों की उपज कम दिख रही थी जिससे उनको नुकसान हो रहा था। ताजपुर निवासी किसान इदरीश खान जब अपनी फसल नीलामी के लिए मंडी लेकर पहुंचे तो उन्होंने बताया कि उनके साथ भी इसी तरह की धोखाधड़ी हुई। किसान ने इसकी सूचना किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक जाट को दी। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को शिकायत की गई। लेकिन अभी तब कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है जिसके चलते किसानों में आक्रोश है। 5 दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए



कांग्रेस कार्यकर्ता सोमवार को मंडी में धरने पर बैठ गए और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कांटे से प्रति क्विंटल पांच से 20 किलो तक की चोरी पकड़ी गई है और किसानों पर अब समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने पांचों व्यापारियों पर प्रकरण दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग की। धोखाधड़ी का एक वीडियो बनाकर भी सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है।

धरना प्रदर्शन में तराना विधायक महेश परमार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी भी मौजूद थे। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन अनिश्चितकालीन तक जारी रहेगा। उन्होंने कलेक्टर से चर्चा का हवाला देते हुए किसानों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। मंडी प्रशासन ने बताया कि नापतोल विभाग द्वारा भी इस मामले में कार्रवाई की जा रही है संबंधित व्यापारी की आईडी बंद कर दी गई है और उसका लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## ट्रैंडिंग

पिछले 2-3 महीने से
ईरान, अमेरिका और
इजरायल के बीच केवल
तू-तू मैं-मैं हो रही थी!
फिर, मोदी जी जब
इजराइल गए, तब जा के
मारपीट शुरू हुई!
😂😂😂

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### बगैर हेलमेट दुपहिया चलाने वालों पर कार्रवाई

**इंदौर।** इंदौर में ट्रैफिक पुलिस की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ शहर के अलग-अलग चौराहों पर चालान बनाए जा रहे हैं। साथ ही वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। रविवार सुबह से देर रात तक चले विशेष अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने विभिन्न चौराहों पर कार्रवाई करते हुए बिना हेलमेट वाहन चला रहे 1840 चालकों के चालान काटे। दरअसल, शहर के ट्रैफिक को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। साथ ही पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई कर रही है।

### प्रदेश के ऊर्जामंत्री श्री तोमर ने इंदौर में ली मिटिंग

**इंदौर।** बिजली उपभोक्ताओं की सुविधाओं के लिए विद्युत कंपनी की टीम गंभीरता से कार्य करे। आरडीएसएस, एसएसटीडी के नए कार्यों का समय पर उपभोक्ताओं को लाभ मिले, ताकि उपभोक्ता संतुष्टि में बढ़ोत्तरी हो। उपभोक्ता सुविधाओं से संबंधित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश के ऊर्जामंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ये बातें कही। रविवार दोपहर पोलोग्राउंड इंदौर स्थित पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक कार्यालय में आयोजित मिटिंग में उन्होंने कहा कि आरडीएसएस के अंतर्गत किसान हो, घरेलू हो, गैर घरेलू हो या औद्योगिक श्रेणी का उपभोक्ताओं के लिए नए कार्य हो रहे हैं, ये कार्य गुणवत्ता से हो, समय से पूर्ण किए जाए, ताकि परियोजना का उद्देश्य समय पर सफल हो। श्री तोमर ने कहा कि आरडीएसएस अंतर्गत जो ऐजेंसियों लापरवाही कर रही है, उन पर कठोर कार्रवाई की जाए।

### इंदौर जिला पंचायत द्वारा पारंपरिक खेलों का आयोजन

**इंदौर।** नवाचार के अंतर्गत भारतीय पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने और उन्हें बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिला पंचायत इंदौर द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता रामबाग स्थित मल्हार सांदीपनि आश्रम में संपन्न हुआ जिसमें कबड्डी और पिट्ठू (सितौलिया) जैसे पारंपरिक खेलों में खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल की बारीकियों पर चर्चा की।

### 50 साल बाद बाबा के दर्शन करने के लिए आया हूं- डॉ. साहा

**उज्जैन।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा सोमवार को भगवान महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे। वे अपने परिवार के साथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन और आशीर्वाद लेने आए थे। डॉ. साहा ने नंदी हाल से ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए और करीब 10 मिनट तक विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद उन्होंने देहरी से पूजन कर भगवान को जल अर्पित किया। दर्शन उपरांत मंदिर प्रबंध समिति की ओर से कलेक्टर एवं अध्यक्ष रोशन कुमार सिंह और मंदिर प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने डॉ. साहा का स्वागत एवं सत्कार किया। मीडिया से चर्चा में डॉ. माणिक साहा ने कहा कि वे करीब 50 साल बाद महाकाल मंदिर आए हैं।

### इंदौर में छात्र ने प्रेम प्रसंग के चलते जहर खाकर दी जान, मौत

**इंदौर।** इंदौर के भंवरकुआ थाना क्षेत्र में किराए के कमरे में रहने वाले एक छात्र ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। तीन दिन इलाज के बाद रविवार को एमवाय अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मयंक (22) पुत्र हरिहर द्विवेदी ने 26 फरवरी की रात मेडिकल स्टोर से ब्लड प्रेशर की दवा लाकर अपने कमरे में खा ली थी। अगले दिन दोस्तों ने उसकी हालत खराब होने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हालत गंभीर होने पर रविवार को उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। यहां उपचार के दौरान शाम को उसकी मौत हो गई।

### इंदौर में डॉक्टर के घर लाखों की चोरी

**इंदौर।** पलासिया थाना क्षेत्र में हुई डॉक्टर के घर लाखों की चोरी अब एक सुनियोजित गैंग की साजिश लग रही है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात में बदमाशों ने पहले रेकी की, फिर सूने फ्लैट को टारगेट कर कुछ ही मिनटों में पूरा घर खंगाल दिया। पूरी घटना उउळश में कैद है, लेकिन इसके बावजूद पुलिस अभी तक आरोपियों की पहचान नहीं कर पाई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि बदमाशों को पहले से पता था कि फ्लैट में कोई मौजूद नहीं है। 25 फरवरी की दोपहर आश्रय अपार्टमेंट, मनोरमागंज स्थित फ्लैट नंबर 205 का ताला तोड़कर तीन आरोपी अंदर घुसे थे।


# तेज आवाज में डीजे बजाने पर क्लब मैनेजर पर केस

## 5 आयोजकों पर भी कार्रवाई; रहवासियों ने की थी शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायत पर तुकोगंज पुलिस ने रविवार रात यशवंत क्लब के मैनेजर और आयोजकों सहित पांच लोगों पर मामला दर्ज किया। कार्रवाई रहवासियों की शिकायत के बाद की गई।

तुकोगंज थाना प्रभारी जितेंद्र यादव के अनुसार यशवंत क्लब में मैनेजर मजहर खान, आयोजक तेजवीर खान, हेमंत बिजोरे निवासी नंदानगर, स्वराज पाठक निवासी रेजीडेंसी क्षेत्र और चंचल वर्मा के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई। मौके पर पुलिस को तीन स्पीकर तेज आवाज में बजते



मिले।

पुलिस ने जंजीर वाला चौराहे के पास एक शादी समारोह में तेज आवाज में डीजे बजाने पर डीजे संचालक अमित बागरे निवासी न्यू पलासिया के खिलाफ भी कार्रवाई की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नियमों के उल्लंघन पर प्रकरण दर्ज किया।

### फार्म हाउस में डीजे और हुक्का पार्टी पर कार्रवाई

कनाडिया थाना क्षेत्र के बिचौली हप्सी स्थित मित्तल फार्म हाउस में डीजे और हुक्का पार्टी का आयोजन किया जा रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डीजे जब्त किया और पंकज पुत्र देवीलाल नागर निवासी सुदर्शन सिटी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

**कॉलेज परिसर में बिना अनुमति फाग उत्सव पर केस-** भंवरकुआं पुलिस ने महाराजा रंजीत सिंह कॉलेज में बिना अनुमति फाग उत्सव आयोजित करने पर कार्रवाई की। पुलिस ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आनंद निघोजकर को आरोपी बनाया है। आयोजन की सूचना पुलिस या वरिष्ठ कार्यालय को नहीं दी गई थी।

## साल की पहली लोक अदालत 14 मार्च को: संपत्तिकर व जलकर के सरचार्ज में 100% तक की छूट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के सभी 22 जोनल ऑफिसों, रजिस्टार ऑफिस और निगम मुख्यालय में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगमायुक्त क्षितिज सिंघल एवं राजस्व प्रभारी निरंजनसिंह चौहान ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में संपतिकर अधिभार (सरचार्ज) में निम्न शर्तों पर छूट दी जा रही है। संपति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार तक बकाया है पर अधिभार में 100% तक की छूट। संपति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार से ज्यादा और एक लाख तक बकाया होने पर अधिभार में 50% तक की छूट। संपति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 1 लाख से ज्यादा बकाया होने पर अधिभार में 25% तक की छूट दी जाएगी। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार तक बकाया होने पर 100% प्रतिशत तक की छूट।

# महाकाल मंदिर में लेडी गार्ड-श्रद्धालु के बीच झगड़ा

## गेट नंबर एक से एंट्री को लेकर गालियां दीं, झूमाझटकी की; दोनों पर एक्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के महाकाल मंदिर में लेडी गार्ड और राजस्थान के श्रद्धालुओं को लेकर आए पंडित के बीच एंट्री को लेकर विवाद हो गया। दोनों के बीच बहस होने के बाद अपशब्द कहे गए। झूमाझटकी भी हुई। इसका वीडियो सामने आया है। इसमें मंदिर के गेट नंबर-1 यानी अवंतिका द्वार पर पंडित कमलेश शर्मा और महिला सुरक्षाकर्मी ज्योति परमार के बीच बहस होती दिख रही है। आरोप है कि गार्ड ज्योति ने पंडित शर्मा और उनके साथ आए श्रद्धालुओं को गालियां और धमकियां दीं। वहीं, वीडियो में शर्मा भी ज्योति से विवाद करते नजर आ रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर मंदिर प्रशासन ने महिला सुरक्षाकर्मी को हटा दिया है। पंडित कमलेश शर्मा के गेट नंबर-1 यानी अवंतिका द्वार से प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। घटना रविवार सुबह करीब 10:30 बजे की बताई जा रही है। इसका वीडियो सोमवार को सामने आया।

### राजस्थान का आधार कार्ड होने पर रोका

सुरक्षाकर्मी ज्योति परमार ने महाकाल थाने में आवेदन देकर बताया कि पंडित कमलेश शर्मा आधार कार्ड दिखाकर तीन लोगों को गेट नंबर-1 से प्रवेश दिलाने का प्रयास कर रहे थे। आधार कार्ड राजस्थान का होने के कारण उन्हें रोका गया। इस पर शर्मा ने विवाद किया और मारपीट की धमकी दी।





### पंडित ने लगाया गालियां देने का आरोप

पंडित कमलेश शर्मा ने कहा कि उनके साथ आए श्रद्धालुओं के पास उज्जैन और राजस्थान दोनों जगह के पहचान पत्र थे। सुरक्षाकर्मी ने प्रवेश से रोका तो उन्होंने आपत्ति जताई। इस दौरान महिला सुरक्षाकर्मी ने गालियां दीं, जिसका वीडियो उनके पास मौजूद है। हालांकि, उन्होंने अभी तक पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### मंदिर प्रशासन ने दोनों पर की कार्रवाई

महाकाल मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार, गलत आधार कार्ड पर प्रवेश का प्रयास किया जा रहा था। सुरक्षाकर्मी ने नियमों के अनुसार रोकने की कोशिश की, जिससे विवाद हुआ। अभद्र भाषा का उपयोग करने पर महिला सुरक्षाकर्मी को हटा दिया गया है। वहीं, पंडित कमलेश शर्मा के गेट नंबर-1 से प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगाया है।

## पहले सप्ताह में सर्द हवा का दायरा घटेगा, दूसरे में दिन तपने लगेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सर्द हवा की जगह तपन की दस्तक शुरू हो गई है। मार्च की शुरूआत के साथ दिन व रात का पारा चढ़ने का अनुमान है। दोपहर में धूप के तेवर तीखे होने लगने के संकेत हैं। शाम ढलने के बाद तपन महसूस होगी। कहीं कहीं रात में भी तापमान बढ़ेगा। मार्च माह शीत से ग्रीष्म ऋतु की ओर परिवर्तन का समय है। इस माह में तापमान दिन-प्रतिदिन बढ़ेगा। सतही हवा आमतौर पर हल्की और दिशा में परिवर्तनशील होगी। उत्तर भारत से होकर जाने वाले पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से कभी-कभी आकाश बादलों से ढंकने के आसार है। कभी मेघ गर्जन और मावठा तो कभी मेघ गर्जन के साथ झंझावात होने की भी संभावना रहती है। कभी-कभी ओलावृष्टि के साथ मेघ गर्जना भी होगी। कभी-कभी वातावरण धूमिल सा होने के संकेत हैं। इस माह हवा शांत प्रतीत होगी। कभी-कभी दोपहर के बाद हवा तेज एवं झोंकेदार होगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान का अंतर बहुत ज्यादा रहेगा। महीने के अंत तक अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री या उससे अधिक पहुंचने का अनुमान है।

#### आवेदन कमियों के चलते दो बार अस्वीकार

## बहुमंजिला आवासीय परियोजना को लेकर विवाद गहराया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में एक बहुमंजिला आवासीय परियोजना को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। स्प्रिंग वैली नामक प्रोजेक्ट के लिए तीशा बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स प्रा. लि. द्वारा मध्यप्रदेश रेरा में पंजीयन हेतु आवेदन किया गया था, जिसे प्राधिकरण ने कमियों के चलते दो बार अस्वीकार कर दिया। आदेश में उल्लेख है कि आवश्यक वैधानिक अनुमतियां, पूर्व परियोजनाओं का विवरण तथा अन्य अनिवार्य दस्तावेज विधिवत प्रस्तुत नहीं किए गए। सुनवाई का अवसर देने के बावजूद निर्धारित प्रावधानों का पालन नहीं होने पर आवेदन निरस्त किया गया तथा नियमानुसार 10 प्रतिशत प्रसंस्करण शुल्क काटकर शेष राशि लौटाने के निर्देश दिए गए।



मामले में शिकायतकर्ता ने कलेक्टर, नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों से निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने, बिना पंजीयन किए गए विक्रय को निरस्त करने और जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। रिकॉर्ड के अनुसार नगर एवं ग्राम निवेश की पूर्व अनुमति की वैधता समाप्त हो चुकी थी और बहुमंजिला निर्माण के लिए अपेक्षित स्वीकृतियां स्पष्ट नहीं थीं। रेरा ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि निर्णय के विरुद्ध अधिनियम की धारा 44 के तहत 60 दिनों के भीतर अपील की जा सकती है। फिलहाल प्रकरण को लेकर प्रशासनिक स्तर पर आगे की कार्रवाई पर नजर बनी हुई है।

# एक दस्तावेज से ही लग जाएगा कैंसर का टीका

## एचपीवी टीकाकरण: वैध मोबाइल नंबर है जरूरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की। यह पहल बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है देशभर में अभियान प्रारंभ हो चुका है। मध्य प्रदेश में भी इसकी शुरूआत हो चुकी है। इस अभियान के तहत भोपाल और उज्जैन में टीके लगाये गए।



एचपीवी निःशुल्क वैक्सीन अभियान के अंतर्गत यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण के लिए निम्न में से किसी एक दस्तावेज की आवश्यकता होगी। आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, अपार आईडी, स्टूडेंट फोटो आईडी, पासपोर्ट, मदर एंड चाइल्ड प्रोटेक्शन कार्ड, स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट, मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट, परमानेंट एजुकेशन नंबर (पेन आईडी), राशन कार्ड, बैंक पासबुक, अनाथ आश्रय का जन्म घोषणा प्रमाण पत्र अथवा आयु घोषणा फार्म (माता-पिता के अंडरटेकिंग सहित)।




### वैध मोबाइल नंबर आवश्यक

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण के लिए एक वैध मोबाइल नंबर आवश्यक होगा, जिस पर ओटीपी प्राप्त होगा। अभियान के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की जिन बालिकाओं का पूर्व में टीकाकरण हो चुका है, उनका पुनः टीकाकरण नहीं किया जाएगा।

### निःशुल्क टीकाकरण अभियान, जानें कब तक चलेगा

प्रदेश में 90 दिनों के भीतर 14 वर्ष आयु की लगभग 8 लाख बालिकाओं को निःशुल्क टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उज्जैन में निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत कई अस्पताल में टीके लगाए गए। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में इस अभियान के तहत लगभग 8 लाख किशोरियों को निःशुल्क टीका लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से टीकाकरण की व्यवस्था की जा रही है। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपनी बेटियों के स्वस्थ, सुरक्षित और कैंसर-मुक्त भविष्य के लिए उनका टीकाकरण अवश्य कराएं।




### जानें क्यों खास है यह मुहिम?

यह टीकाकरण विशेष रूप से उन किशोरियों के लिए है, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है और 15 वर्ष से कम आयु की हैं। इस आयु वर्ग को केवल एक डोज दी जाएगी। निजी बाजार में लगभग 4 हजार रुपये कीमत वाला यह टीका शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। अभियान आगामी तीन महीनों तक चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक बालिकाएं इसका लाभ उठा सकें। प्रदेश सरकार महिलाओं और किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य, सम्मान और सुरक्षित भविष्य के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है।

#### इंदौर में मिडकॉन 2026 सम्मेलन, फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन तकनीक पर जानकारी दी गई

# कैंसर के बाद भी महिलाएं बन सकती हैं मां-एक्सपर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

ब्रेस्ट कैंसर के बढ़ते मामलों के बीच एक्सपर्ट ने कहा कि इलाज के बाद भी महिलाएं मातृत्व सुख प्राप्त कर सकती हैं। मिडकॉन 2026 सम्मेलन में फर्टिलिटी एक्सपर्ट डॉ. कल्याणी श्रीमाली ने बताया कि आधुनिक तकनीकों से कैंसर मरीजों की फर्टिलिटी को सुरक्षित रखा जा सकता है।

डॉ. श्रीमाली ने बताया कि कम उम्र और अविवाहित मरीजों के अंडाणुओं को सुरक्षित रखा जाता है। शादीशुदा महिलाओं के मामले में आईवीएफ के माध्यम से एम्ब्रियो तैयार कर उन्हें संरक्षित किया जाता है। एम्ब्रियो को सुरक्षित रखने से पहले जेनेटिक जांच की जाती है, ताकि कैंसर से जुड़े जीन की पहचान हो सके।



### गायनेकोलॉजिस्ट की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया

आयोजन समिति के चेयरपर्सन डॉ. मनीष कौशल ने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर की समय पर पहचान में गायनेकोलॉजिस्ट की भूमिका अहम होती है। बड़ी संख्या में महिलाएं नियमित जांच के लिए उनके पास आती हैं, जिससे शुरूआती अवस्था में कैंसर का पता लगाया जा सकता है।

### इस तरह कम किया जा सकता है कैंसर का जोखिम

विशेषज्ञों ने जीवनशैली में सुधार को कैंसर से बचाव का प्रभावी उपाय बताए

**नियमित व्यायाम:** सप्ताह में कम से कम 150 मिनट की मध्यम स्तर की शारीरिक गतिविधि स्तन और कोलन कैंसर के जोखिम को कम कर सकती है।

**संतुलित आहार:** फल, सब्जियां, साबुत अनाज और फाइबर युक्त भोजन कैंसर जोखिम घटाने में सहायक है, जबकि प्रोसेस्ड और अत्यधिक रेड मीट का सेवन जोखिम बढ़ा सकता है।

**पर्याप्त नींद:** 7-8 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद हार्मोन संतुलन और इम्यून सिस्टम को मजबूत रखती है।

**तंबाकू और शराब से दूरी:** धूम्रपान और अत्यधिक अल्कोहल सेवन कई प्रकार के कैंसर के प्रमुख रोके जा सकने वाले कारण हैं, जिनसे बचाव आवश्यक है।

## जनता के लिए नहीं खोला हेरिटेज सामुदायिक भवन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मोतीनगर इंदौर रोड पर शहर का पहला हेरिटेज सामुदायिक भवन फरवरी 2025 में लोकार्पित हुआ था, लेकिन आज तक जनता इसका लाभ नहीं ले पा रही है। 4 करोड़ 48 लाख से तैयार भवन अत्याधुनिक सुविधाओं और हेरिटेज शैली के डिजाइन के साथ बना जिसे नगर निगम ने आयोजनों और सामुदायिक गतिविधियों के लिए खोलने का वादा किया था। निगम ने घोषणा की थी कि भवन अन्य सामुदायिक भवनों की तरह कम शुल्क पर बुक किया जा सकेगा। एक साल बाद भी केवल निगम का ही एक कार्यक्रम आयोजित हुआ है और अब तक कोई सार्वजनिक बुकिंग शुरू नहीं हुई। न ही संचालन के लिए कोई ठोस योजना सामने आई है, जिससे जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा।



## न्यूज-कॉलम



### नगर में होली से पहले सोमवार को बाजार में रही रौनक

**सनावद।** होली के त्यौहार ,आते ही आज सोमवार को बाजारों में अच्छी रौनक रही।बच्चों में कार्टून थीम वाली पिचकारी और अलग-अलग डिजाइन के मुखौटों की विशेष मांग है।दुकान संचालक गोपाल नीमा ने बताया की मुख्य बाजारों से रंग-बिरंगी पिचकारी, गुलाल, अबीर, मुखौटे और होली से जुड़े सजावटी सामानों की दुकानो में अच्छी चहल पहल है। खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ नजर आ रही है, जिससे बाजारों में चहल-पहल तेज हो गई है।बच्चों के लिए आकर्षक पिचकारी इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी और रंगीन मुखौटे खरीदे जा रहे हैं। बच्चों में कार्टून थीम वाली पिचकारी और अलग-अलग डिजाइन के मुखौटों की विशेष मांग है। इसके साथ ही, हर्बल गुलाल और विभिन्न रंगों के पैक्ड अबीर की खरीदारी भी अधिक हो रही है। इस बार बाजार में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है

### मंच के द्वारा पोरवाड़ आइडियल भजन प्रतियोगिता का आयोजन

**सनावद।** अंतर्राष्ट्रीय पोरवाड़ सामाजिक मंच द्वारा हर बार समाज की प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहा हैसन्मति जैन काका एवं आशीष जैन लोनारा ने बताया की इसी के अंतर्गत पोरवाड़ आइडियल भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें घर बैठे भजन का वीडियो बनाकर भेजना है अंतर्राष्ट्रीय पोरवाड़ सामाजिक मंच के मुख्य सांस्कृतिक सचिव आतिश जैन इंदौर ,आयुषी जैन बड़वाह ने बताया कि भजन प्रतियोगिता तीन अलग-अलग आयु वर्ग में आयोजित की गई है जिसमें 5 मार्च तक 3 मिनट का वीडियो साफ और स्पष्ट रोशनी में बनाकर भेजना होगा बिना वाद्य यंत्र के पारंपरिक वेशभूषा में बनाकर भेजना होगा मंच द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा अंतरराष्ट्रीय पोरवाड़ मंच के सभी पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने का अनुरोध किया गया है।

### नेपानगर में भव्य भगोरिया उत्सव



**नेपानगर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में भव्य भगोरिया उत्सव मनाया गया। सोशल, कल्चरल एंड सोसाइटी नेपा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आदिवासी भाई-बहनों ने पारंपरिक वेशभूषा में ढोल- मांदल की थाप पर नृत्य किया। विधायक मंजू राजेंद्र दादू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने भी ढोल- मांदल की थाप पर नृत्य कर रहे दलों के साथ लोक नृत्य कर उत्साह वर्धन किया। इस बार भगोरिया सांस्कृतिक कार्यक्रम में काफी भारी तादाद में लोग पहुंचे। आदिवासी भाई-बहनों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-मांदल की थाप पर नृत्य कर समा बांध दिया। कार्यक्रम की विशेषताएं- पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासी भाई-बहनों का नृत्य ढोल- मांदल की थाप पर नृत्य विधायक मंजू राजेंद्र दादू का विशेष आगमन भारी तादाद में लोगों की उपस्थिति रही।

### त्रिपुरा के सीएम ने किए भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन

**उज्जैन।** त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा ने महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन कर देश व त्रिपुरा की समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर के भव्य स्वरूप की सराहना की। मंदिर परिसर में संध्या आरती के बाद होलिका दहन तथा धुलेंडी पर भस्म आरती में हर्बल गुलाल अर्पित करने की परंपरा निभाई जाएगी। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने सोमवार को ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन लाभ लिए। महाकाल मंदिर के सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने बताया कि त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने सोमवार को सपत्नीक भगवान महाकाल के दर्शन किए। परंपरा अनुसार उन्होंने सोला पहना और नंदी हॉल में बैठकर ध्यान लगाया। इसके बाद भगवान का आशीर्वाद लिया और फिर नंदी महाराज का जलाभिषेक करते हुए उनके कान में मनोकामना भी कही।

### पार्षद मद के काम जल्द करवाने के दिए निर्देश

**उज्जैन।** जोन 5 के अध्यक्ष पुरुषोत्तम मालवीय की अध्यक्षता में शुक्रवार को जोन समिति की बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य, प्रकाश, शिल्पज्ञ, राजस्व और पीएचई विभाग सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। जोन अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि वार्डों में पार्षद मद के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता के हित और सुविधा को ध्यान में रखते हुए लंबित कार्यों के टेंडर शीघ्र जारी किए जाएं और कार्य प्रारंभ करवाए जाएं।

### जिला चिकित्सालय और माधव नगर अस्पताल में टीकाकरण का शुभारंभ

**उज्जैन।** शनिवार को जिला चिकित्सालय में एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल और सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संभागीय प्रोजेक्ट अधिकारी डॉ. मंदीप मंडलोई, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रवींद्र कुमार पाल, आरएमओ डॉ. चिन्मय चिचोलीकर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री मनीष भद्रावले, जिला कम्युनिटी मोबिलाइज श्री अनस कुरैशी, जिला वैक्सीन मैनेजर श्री आकाश सिंह ठाकुर, अस्पताल प्रबंधक श्रीमती हिमांगी चौहान, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक श्री दिलीप वसुनिया, अन्य स्टाफ उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 14 वर्ष से 15 वर्ष के मध्य की समस्त किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु ।।क्कङ्क टीकाकरण अभियान 28 फरवरी 2026 से शुरू किया जा रहा है।

# जय भोलेनाथ ग्रुप की मातृशक्ति ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया फाग उत्सव

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



पदम नगर स्थित ओम श्री पद्मेश्वर महादेव मंदिर के जय भोलेनाथ ग्रुप की मातृशक्ति ने हर्षोल्लास और गहन भक्ति भाव के साथ फाग उत्सव का भव्य आयोजन किया। यह उत्सव होली के पावन पर्व की परंपरा को जीवंत करने का अनुपम उदाहरण बना, जहां श्रद्धा, प्रेम और आपसी सौहार्द का सुंदर संगम देखने को मिला।

मंदिर के सेवादार मनोहर शामनानी ने बताया कि विगत तीन वर्षों से यह उत्सव पूर्ण आस्था और श्रद्धा के साथ निरंतर मनाया जा रहा है। हर बार यह आयोजन भक्तों के बीच उत्साह और भक्ति की नई लहर पैदा करता है, जो भगवान शिव की कृपा का प्रतीक बन जाता है। इस वर्ष का फाग उत्सव काजल मुकेश बंसल के निवास पर संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत पार्षद श्रीमती माला लखमीचंद खटवानी ने बाल कृष्ण को गुलाल लगाकर की। इसके पश्चात भगवान शिव के मंगलपाठ और आरती के साथ आयोजन का शुभारंभ हुआ। भजन-कीर्तन की मधुर धुनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। च्हर हर महादेवज्, च्भोलेनाथ की जय और च्फागुन के रंग बरसेज् जैसे भक्ति भजनों ने सभी को भाव-विभोर कर दिया।

महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी नजर आईं। घर के आंगन को फूलों, गुलाल और रंग-बिरंगे पुष्पों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छोटे कृष्ण स्वरूप के साथ खेली गई फूलों की होली रही। नन्हे बाल कलाकारों ने भगवान कृष्ण का रूप धारण कर फूलों की वर्षा की, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह दृश्य मानो भगवान कृष्ण की फाग लीला का सजीव रूप प्रस्तुत कर रहा था, जहां रंग प्रेम और भक्ति के प्रतीक बन गए।

मातृशक्ति के रूप में नंदा चंचलानी, मुस्कान तोलानी, काजल बंसल, ज्योति चौहान, नंदिनी प्रजापति, अंशु पालीवाल, कशिश साहनी, ललिता पाटीदार, वर्षा खत्री, जिया चंचलानी, यामिनी सेन, पूजा पटेल, सरिता पाटीदार, रश्मि बाहेती सहित अन्य महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। महिलाओं ने गुलाल उड़ाते हुए एक-दूसरे को गले लगाया, जिससे हंसी-ठिठोली और आनंद का वातावरण बन गया।

फाग उत्सव की यह पुरातन परंपरा भगवान शिव और शक्ति की महिमा को समर्पित है। जय भोलेनाथ ग्रुप की मातृशक्ति ने इसे न केवल जीवंत बनाए रखा है, बल्कि नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया है। आयोजन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कहा कि यह उत्सव उनके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक शांति का संचार करता है।

मनोहर शामनानी ने कहा, च्यह आयोजन तीन वर्षों से लगातार हो रहा है और हर बार पहले से अधिक भव्य बनता जा रहा है। मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत सराहनीय है, जिन्होंने घर-घर तक भक्ति और एकता का संदेश पहुंचाया है।

आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें फल और मिष्ठान वितरित किए गए। सभी ने एकजुट होकर भगवान शिव से प्रार्थना की कि समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता का यह रंग सदैव बना रहे। फाग उत्सव ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूती प्रदान की।

## जिला मुख्यालय पर अंतिम भगोरिया में उमड़ा जन सैलाब





'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अलीराजपुर

आदिवासी अंचल का लोक पर्व भगोरिया त्यौहार आज अंतिम चरण में जिला मुख्यालय में संपन्न हुआ जिसमें हजारों की संख्या में आदिवासी समाजजन इकट्ठा हुए एवं ढोल एवं मादंल की धुन पर खूब थीरके एवं मेले में झूले चकरी का भी लुफ्त उठाया इसी के साथ इस पारंपरिक त्यौहार में कांग्रेस के आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल जोबट से विधायक सेना महेश पटेल युवा कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराज पटेल ने अपने सैकड़ो कार्यकताओं के साथ गैर निकाल वहीं दूसरी ओर भाजपा की ओर से प्रदेश मंत्री श्रीनगर सिंह चौहान द्वारा निकाली गई गैर में मंत्री श्री कैलाश जी विजयवर्गीय भी हुए शामिल मंत्री कैलाश विजयवर्गीय है ने मंत्री श्री नगर सिंह चौहान के साथ ढोल एवं बांसुरी बजाने का लाभ उठाया गैर में शामिल अलीराजपुर रतलाम सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत श्री जयपाल खरत भाजपा जिला अध्यक्ष भाजपा जिला अध्यक्ष मक्कू परवाल एवं सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

## आदिवासी भाईयों बहनों का लोकप्रिय त्यौहार है भगोरिया- मंत्री श्री विजयवर्गीय

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

आदिवासी अंचल के लोकप्रिय और पारंपरिक भगोरिया पर्व का अंतिम दिन आज आलीराजपुर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। भगोरिया का त्यौहार आदिवासी भाइयों बहनों के लिए लोकप्रिय त्यौहार है। यह त्यौहार आदिवासी भाई बहनों की प्रकृति प्रेम को प्रदर्शित करता है क्योंकि यह त्यौहार रबी की फसल की कटाई के बाद होली के ७ दिवस पूर्व से मनाया जाता है। यह सब नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजवर्गीय ने आज आलीराजपुर के प्रसिद्ध भगोरिया पर्व में शामिल होने पर कही और आदिवासी समाज को भगोरिया और होली की शुभकामनाएं दीं । इस दौरान अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, क्षेत्रीय सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान , जिला पंचायत अध्?यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत , जिला अध्?यक्ष श्री मकू परवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण उपस्थिति थे।

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आदिवासी संस्कृति, परंपरा और भाषा के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने आदिवासी कला और संस्कृति को संरक्षित करने वाले कलाकारों को पद्मश्री सम्मान दिलाने की पहल का भी उल्लेख किया। साथ ही शासन द्वारा आदिवासी जननायकों टंट्या मामा, शंकर शाह और भीमा नायक जैसे महानायकों को इतिहास में उचित स्थान दिलाने के प्रयासों की सराहना की।भगोरिया के अंतिम दिन मंत्री श्री विजयवर्गीय,मंत्री श्री चौहान एवं सांसद ने मांडल की थाप पर आदिवासी भाई-बहनों के साथ पारंपरिक नृत्य किया।

## पुनर्वास मार्ग पर यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण

### लायंस क्लब सनावद स्नेह ने दी सौगात

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा ग्राम मोरघड़ी और पुनर्वास क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा के लिए इंदौर- इच्छापुर हाईवे पर यात्री प्रतीक्षालय की स्थापना की गई। यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण सोमवार को लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.अनिल खंडेलवाल,रीजन चेयर पर्सन ला.राजीव मालवीय,एलसीआईएफ कॉर्डिनेटर ला. अनिता जैन एवं लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष ला. भागचंद जैन ने किया। इस अवसर पर खंडेलवाल ने लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष भागचंद जैन द्वारा की जा रही सेवा गतिविधियों की सराहना की और कहा कि लायंस क्लब मानवता की सेवा में अग्रणी संस्था है। लायंस क्लब द्वारा प्रदेश भर में लायंस क्लबों के माध्यम से आवश्यकतानुसार यात्री प्रतीक्षालय की स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं। ला.अनिता जैन ने कहा कि क्षेत्रवासी पिछले कई वर्षों से यात्री प्रतीक्षालय की प्रतीक्षा कर रहे थे।पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज बन जाने के बाद इंदौर इच्छापुर हाईवे सीधे ओंकारेश्वर रोड से जुड़ जाएगा।ऐसी स्थिति में लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा नवस्थापित यात्री प्रतीक्षालय विद्यार्थियों,महिलाओंऔर बुजुर्ग यात्रियों के बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। ला.भागचंद जैन ने कहा कि लायंस क्लब के आदर्शों के अनुरूप जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए क्लब संकल्पबद्ध है। इस दौरान ला.जाकिर हुसैन अमी, ला.शिवानी मौर्य,ला.रजनीश जैन,ला. हेमंत दातार,ला.अनिता चौधरी, ला.राजेश जटाले,राजेंद्र जैन महावीर,सपन जैन,भारती परिहार,शकुंतला जमरे,अर्चना ,पिंकी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### नगर पालिका कर्मचारियों की मनमानी :

## भगोरिया महोत्सव में दुकानदारों से वसूले गए अधिक रुपए

**नेपानगर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित भगोरिया महोत्सव में नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा मनमाने तरीके से दुकानदारों से वसूली की गई। आदिवासी दुकानदारों से एक दुकान के लिए एक हजार रुपए से लेकर तीन हजार रुपए तक वसूले गए। आदिवासी दुकानदारों का विरोध- आदिवासी दुकानदारों और आसपास के दुकानदारों ने नगर पालिका कर्मचारियों की इस मनमानी का विरोध किया है। उनका कहना है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है और न ही नगर पालिका अधिकारी ने ज्यादा रुपए वसूली करने के आदेश दिए हैं। क्या है भगोरिया महोत्सव-भगोरिया महोत्सव एक आदिवासी त्योहार है जो हर साल नेपानगर में आयोजित किया जाता है। इसमें आसपास के आदिवासी ग्रामीण लोग भाग लेते हैं और अपनी संस्कृति का प्रदर्शन करते हैं। नगर पालिका अधिकारियों का बयान- नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और वे इस मामले की जांच करेंगे। कार्रवाई की मांग-आदिवासी दुकानदारों और आसपास के दुकानदारों ने नगर पालिका अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि नगर पालिका कर्मचारियों की मनमानी को रोकना चाहिए और उन्हें दंडित किया जाना चाहिए।

### होली पर 3 व 4 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**आलीराजपुर।** राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 3 मार्च 2026, मंगलवार को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश रहेगा। साथ ही शासन ने निर्णय लेते हुए 4 मार्च 2026, बुधवार को भी निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट 1881 की धारा 25 के अंतर्गत सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश के मुताबिक यह अवकाश राज्य शासन की सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना अवकाश दिनांक 29 दिसम्बर 2025 में संशोधन करते हुए घोषित किया गया है। शासन के इस निर्णय के बाद होली पर्व पर शासकीय कार्यालयों, बैंक एवं अन्य शासकीय संस्थानों में 3 एवं 4 मार्च 2026 को अवकाश रहेगा।

## संभागायुक्त ने ली सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने गुरुवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय में सिंहस्थ 2028 महापर्व के लिए निमार्णाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर निर्माण कार्य कराने वाले विभागीय अधिकारियों को समन्वय के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मेला अधिकारी श्री सिंह ने समीक्षा के दौरान पीडब्ल्यूडी के प्रचलित कार्यों की प्रगति में आशानुरुप गति न पाई जाने पर नाराजगी जताते हुए पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री का वेतन काटने का निर्देश दिया है। मेला अधिकारी श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ के कार्यों के पूर्ण होने का समय सीमा का चार्ट तैयार किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह भी उपस्थित रहें।बैठक में बताया गया कि फ्रीगंज आरओबी का कार्य प्रगतिरत है। इसी तरह चक कमेड में ब्रिज निर्माण का कार्य भी प्रगतिरत है। मेला अधिकारी श्री सिंह ने अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि सिंहस्थ 2028 के प्रचलित निर्माण कार्यों के दौरान अन्य विभागों से तालमेल कर निमार्णाधीन कार्यों की गति बढाई जाए। जिससे विभाग के कार्य समय पर पूर्ण किया जा सके। बैठक में बताया गया कि लालपुर-मक्सी रोड एलसी-7 मार्ग का डिजाईन तैयार हो चुका है।

रेल्वे स्टेशन से श्री महाकालेश्वर मंदिर तक रोप-वे परियोजना को लेकर जानकारी दी गई कि रोप-वे के लिए 3 स्टेशनों पर कार्य प्रगतिरत है। पीडब्ल्यूडी द्वारा सिंहस्थ 2028 के लिए प्रचलित कार्यों में आशानुरुप प्रगति न पाई जाने पर संभागायुक्त श्री सिंह ने नाराजगी जताते हुए पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री श्री गौतम अहिरवार का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।बैठक में बताया गया कि सदावल हेलीपेड का कार्य पूर्ण है। यहां पर कल्वर्ट का कार्य प्रगतिरत है। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि हेलीपेड पर लाउंज कार्य, वेटिंग एरिया का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ 2028 के प्रचलित निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए कार्य की गति बढ़ाई जाए।

## कलेक्टर के निर्देशन में मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में आयुष्मान भारत निरामयम और मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।जिले के महाकालधाम कॉलोनी निवासी श्री आकाश रायकवार की पुत्री नित्या उम्र ०५ माह जन्म से ही कमजोर थी।नित्या को सांस लेने में कठिनाई होने के साथ, तेज धड़कन हो जाती थी, जिसके कारण नित्या अक्सर रोती रहती थी और स्तनपान भी नही कर पा रही थी। उक्त कारणों से बालिका नित्या के माता-पिता काफी चिंतित रहते थे। आर. बी. एस.के. (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) मोबाईल हेल्थ टीम चिकित्सा द्वारा भ्रमण के दौरान जब आंगनवाड़ी में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच एवं स्क्रीनिंग की जा रही थी तब चिकित्सक द्वारा नित्या की स्वास्थ्य जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि नित्या हृदय रोग से ग्रसित है। आर. बी.एस. के. दल के चिकित्सक द्वारा नित्या को तत्काल जिला चिकित्सालय, चरक भवन रैफर किया गया और नित्या के माता-पिता को जानकारी दी गई कि नित्या को जिला स्तरीय शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र जिला चिकित्सालय में ले जाकर उसका उपचार करवा सकते है। जहां पर आयुष्मान भारत निरामयम योजना और मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के अन्तर्गत नित्या का निःशुल्क ऑपरेशन हो जाएगा। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा बताया कि नित्या के माता-पिता नित्या को लेकर शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र, (डी.ई. आई.सी.), जिला चिकित्सालय उज्जैन पहुंचे। जहां पर नित्या का आयुष्मान भारत निरामयम योजना में मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अन्तर्गत पंजीयन कर नित्या की आवश्यक जांचे करवाई गई।

## आरडीए को 25 करोड़ ऋण स्वीकृत होने पर ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप को दिया धन्यवाद

**रतलाम।** आरडीए को 25 करोड़ का ऋण स्वीकृत होने पर रतलाम नगर के ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप से भेंट कर उनका स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया। ऋण स्वीकृति से बजट की कमी से अटकी ट्रांसपोर्ट नगर सहित रतलाम विकास प्राधिकरण की अन्य योजनाओं को अब गति मिलेगी। इससे रतलाम के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। ट्रांसपोर्ट नगर सहित रतलाम विकास प्राधिकरण की सभी योजनाओं को गति देने के लिए कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप लगातार प्रयासरत थे। ऋण स्वीकृति के लिए उनके द्वारा कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से चर्चा की गई थी, ऋण स्वीकृत होने पर श्री काश्यप ने श्री विजयवर्गीय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। गौरतलब है कि ट्रांसपोर्ट नगर की योजना रतलाम के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे शहर विकास को नई गति ही नहीं मिलेगी, वरन रोजगार के अवसर भी निर्मित होंगे। ट्रांसपोर्ट नगर के साथ-साथ आरडीए की अन्य योजनाएं भी ऋण मिलने से आगे बढ़ेगी। श्री काश्यप के सम्मान के दौरान ट्रांसपोर्ट व्यवसायी वीरेंद्र श्रीमाल, प्रदीप छिपानी, अशोक कटारिया, धन्नालाल जैन, तेज कुमार श्रीमाल, हेमंत अरोड़ा, पवन आर्य, शैतान सिंह, प्रशांत जैन, हर्ष कटारिया, आशीष मंडोत, राजेश बानाया आदि उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन रतलाम की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

### फेडरेशन द्वारा वर्ष २०२६ को सेवा, सदस्यता और सक्रियता के मुख्य प्रकल्प के साथ मनाने का लिया निर्णय

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की जिला बैठक जिलाध्यक्ष वरुण पोरवाल की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। इस अवसर पर श्री पोरवाल ने फेडरेशन की आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। श्री पोरवाल ने बताया की आगामी वर्ष में सदस्यता ,सेवा एवं सक्रियता को आधार रख ,संस्था ने वैश्य हित में कार्य करने का निर्णय लिया गया है द्य

वरुण पोरवाल के रामबाग स्थित निवास पर आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि फेडरेशन के द्वारा आगामी दिनों मे जिला विधिक प्राधिकरण के सहयोग से वेशयजनों को विधिक सेवा मे आ रही समस्याओ से निपटने के लिए कानून सेल का गठन कर संगोष्ठी के माध्यम से समझाया जावेगा, कानूनी सेल के अंतर्गत वैश्यजनों को निःशुल्क कानूनी सलाह , काउंसलिंग एवं आपसी वाद विवादों में मार्गदर्शन एवं परामर्श उपलब्ध किया जाएगा जिससे कि समाजजन का समय एवं पैसा प्रकरणों में बर्बाद नहीं हो, वैश्य बालिकाओं को काउंसलिंग की सुविधा भी दी जाएगी द्य वैश्य व्यापारियों को भी आर्बिट्रेशन के माध्यम से सहयोग प्रदान किया जाएगा द्य

इसकी के साथ महिला इकाई का भी गठन किया जावेगा जिससे कि जिले की वैश्य महिलाएं सशक्त बने एवं उन्हें विभिन्न कुटुम्ब उद्योग स्थापित करने हेतु भी प्रेरित किया जाएगा। संस्था पदाधिकारियों के मध्य आगामी नववर्ष मे राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन करने की सहमति भी बनी। बैठक में जिले भर में सदस्यता अभियान चलाकर एक हजार से अधिक सदस्य बनने हेतु भी संकल्प लिया गया।

बैठक मे वरिष्ठ बी एल मजावदिया, दिलीप मेहता, विशाल डांगी, नीलेश लड्ढा, संजय बाफना, श्रीकांत डोसी, रजनीश गोयल, राजेश माहेश्वरी, महेश अग्रवाल, अभिषेक धूत, सिद्धार्थ मूणत, सुरेश बाहेती, नीलेश बाफना, राजेश धुपिया, चेतन मूणत, अंकित कटारिया, सौरभ मेहता, विपुल मोदी, मयंक गांधी आदि उपस्थित रहे। बैठक मे युवा शाखा के महामंत्री के लिए चेतन मूणत के नाम की घोषणा कर स्वागत किया गया। आभार जिला महामंत्री दिलीप मेहता ने माना।

## न्यूज -कॉलम

### प्रिंसिपल को भारी पड़ा शादी में हर्ष फायर करना

**उज्जैन।** नागदा के ग्राम कलसी में मांगूसिंह के खेत के पास शादी समारोह में 12 बोर की दो नाली बंदूक से हर्ष फायर करना प्रायवेट स्कूल के प्रिंसिपल मारिया शेखावत को भारी पड़ गया। 19 फरवरी को किये गये हर्ष फायर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया और मामले में रविवार को मारिया शेखावत के खिलाफ 25 (ए) आयुष अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर लिया। नागदा पुलिस के अनुसार प्रकरण संजय शर्मा निवासी श्रीराम कालोनी की शिकायत पर दर्ज किया गया है। बंदूक लायसेंसी होना सामने आई है। प्रिसिंपल अपने विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र के परिवार में आयोजित शादी समारोह में पहुंचे थे।

### युवक का अपहरण करने वालों को भेजा गया जेल



**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र के सुन्दराबाद फंटा से पानी पताशी का ठेला लगाने वाले विजयसिंह का इको कार क्रमांक एमपी 09 झेड एल 5301 में आये प्रहलाद खेरवाल, राघवेंद्र कुशवाहा, रणजीत डोडिया और सुनील कुशवाहा निवासी बड़नगर ने चाकू की नोंक पर अपहरण कर लिया था। पुलिस ने 10 किलोमीटर पीछा करने के बाद चारों को बड़नगर के पास ग्राम जस्साखेड़ी से हिरासत में लेकर विजयसिंह को मुक्त कराया था और मामले में अपहरण के साथ फिरौती मांगने का प्रकरण दर्ज कर ईको कार को जप्त किया था। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि चारों को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। मामला प्रेम प्रंसग से जुड़ा था, अपहृत विजयसिंह का पुत्र 2 साल पहले राघवेंद्र की बेटी को लेकर चला गया था और शादी कर ली थी। इसी बात को लेकर पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया गया था।

### हीरामिल तलाब में महिला ने किया कूदने का प्रयास

**उज्जैन।** हीरामिल की चाल स्थित तालाब में सोमवार सुबह एक महिला ने कूदने का प्रयास किया। महिला के पीछे ही उसके परिजन भी पहुंच गये थे। महिला का बचा लिया गया और अपने साथ ले गये। मामले की जानकारी लगने पर देवासगेट थाना पुलिस तालाब के पास पहुंची और लोगों से पूछताछ की, इस दौरान सामने आया कि महिला को बचाकर बिना नम्बर की काले रंग की कार में ले जाया गया है। महिला कहां की रहने वाली थी इस बात की जानकारी नहीं है। थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि घटनाक्रम का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से काले रंग की गाड़ी की जानकारी जुटाई गई, लेकिन कुछ सामने नहीं आया।

### जहर खाकर महिला ने किया जान देने का प्रयास

**उज्जैन।** कमल कालोनी में रहने वाली 21 वर्षीय रोशनी पति लवकुमार ने घर पर जहीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगढ़ने पर उसे परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उपचार के लिये भर्ती किया है। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस द्वारा बयान दर्ज किये जायेगें उसके बाद ही महिला द्वारा जहर खाने का कारण स्पष्ट हो पायेगा। संभावना जताई जा रही है कि पारिवारिक विवाद के चलते उसने ऐसा कदम उठाया है।

### पानी की बोतल लाने की बात पर युवकों में विवाद



**उज्जैन।** नागदा के पाल्या स्थित तेजाजी मंदिर के पास पानी की बोतल लाने की बात पर ध्रुव पिता भगवानसिंह रघुवंशी निवासी ओझा कालोनी और ईश्वर पिता मोहनसिंह निवासी इंदिरा चौक नागदा के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक-दूसरे को पानी की बोतल लाने के लिये कहा था, इसी बात पर कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला मारपीट में बदल गया। ईश्वर ने अपने साथियों के साथ मिलकर ध्रुव से मारपीट की वहीं ध्रुव ने ईश्वर के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 137-1 | 148-3 |
| मेन बाजार | 117-9 | 469-9 |
| कल्याण नाइट | 335-1 | 680-4 |
| मिलन डे | 334-0 | 456-5 |
| मिलन नाइट | 466-6 | 126 -9 |
| मधुर डे | 357-5 | 880-6 |
| मधुर नाइट | 358-6 | 559-9 |
| शुभांक | 2 | 7 8 |

# मानक डेसीबल सीमा में संचालित किया जाये डीजे साउंड

## बैठक में संचालकों को हिदायत, भरवाया गया बाउंड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कानून व्यवस्था और शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिये सोमवार को जिले में पुलिस द्वारा डीजे संचालकों को बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण और आमजन के साथ विशेषकर विद्यार्थियों की सुविधा सुनिश्चित करना था।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा में निर्देश पर जिले के सभी थानों पर पुलिस द्वारा डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की। हर थाना क्षेत्र में डीजे संचालित करने वालों को बुलाया गया और दिशा-निर्देश जारी कर हिदायत दी गई कि शहर की कानून व्यवस्था के साथ शांति को बनाये रखने के लिये साउंड सिस्टम का संचालक मानक डेसीबल और नियमों के साथ किया जाये। नियमों का उल्लघंन करने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में विशेषकर विद्यार्थियों के हितों का ध्यान रखा गया और बताया कि वर्तमान में बोर्ड परीक्षा के साथ सभी कक्षाओं की फायनल परीक्षा चल रही है। साउंड सिस्टम से उन्हे असुविधा ना इसका खास ध्यान रखा जाये। परीक्षा के दौर में विद्यार्थियों की एकाग्रता नहीं टूटनी चाहिये और पढ़ाई में बाधा नहीं आनी चाहिये। रात 10 बजे बाद डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।



### सांस्कृतिक के साथ मयार्दा, शालीनता बनाये

डीजे संचालकों की बैठक के दौरान पुलिस ने कहा कि त्यौहारों के दौरान शहर के सौहार्द्र को बनाए रखे। सार्वजनिक स्थानों पर केवल मर्यादित और सभ्य गीत ही बजाए जाएं। किसी भी प्रकार के अश्लील या भड़काऊ गीतों के प्रसारण पर पूर्णत-प्रतिबंध रहेगा। रात्रि में बीमार, बुजुर्गो और आम नागरिकों को डीजे साउंड की वजह से परेशानी नहीं आना चाहिये।

### संचालकों से कराये बांड पर हस्ताक्षर

बैठक में दिशा-निर्देश जारी करने और हिदायत देने के बाद पुलिस द्वारा सभी डीजे संचालकों से नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिये बांड ओवर पत्र पर हस्ताक्षर कराये गये और कहा गया कि भविष्य में किसी भी प्रकार के नियमों का उल्लघंन नहीं किया जायेगा। पुलिस नियमों का पालन कराने के लिये प्रतिबद्ध है।

### शाम ढलते ही पुलिस ने शुरू की पेट्रोलिंग

महाकाल मंदिर में होलिका दहन के बाद शहर में रंग-गुलाल उड़ने लगा था। शहरवासी रंगों की मस्ती में डूबने लगे थे। सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस ने पेट्रोलिंग शुरू कर दी थी। हर थाना क्षेत्र में जहां होलिका दहन होना है, वहां आयोजकों से चर्चा कर शांति सौहार्द्र के साथ त्यौहार मनाने की अपील की जा रही थी। प्रमुख चौराहों पर भी पेट्रोलिंग जारी थी और नशा कर वाहन चलाने वालों के साथ हुडदंगियों पर नजर रखी जा रही थी।

# मालीपुरा में हुआ कवि सम्मेलन कवियों ने देर रात तक बांधा समां

## कार्यक्रम को लेकर रंग बिरंगे फूलों से सजा मालीपुरा




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सोमवार रात मालीपुरा सांस्कृतिक समिति द्वारा मालीपुरा चौराहे पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया। कवियों ने अपनी कविताओं से देर रात तक समां बाधे रखा। कवियों ने अपनी कविता सुनाकर खूब तालिया बटोरी। सोमवार रात कवि सम्मेलन में काव्य की सरीता भई हास्य कविताओं में श्रोतागण ने जमकर ठहाके लगाये। समिति संरक्षक सत्यनारायण चौहान, अध्यक्ष राकेश चौहान और सचिव मुकेश बारोड़ ने बताया कि यह प्रतिष्ठित कवि सम्मेलन सोमवार रात 9 बजे से मालीपुरा चौराहे पर शुरू हुआ। समिति पिछले कई दशकों से इस साहित्यिक परंपरा का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही है। कवि सम्मेलन में देश के ख्याति प्राप्त कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। आमंत्रित कवियों में मुंबई से हास्य व्यंग्य कवि आशकरण अटल व सुनील व्यास, औरैया से वीर रस के कवि अजय अंजाम, इंदौर से गीतकार अमन अक्षर, भोपाल से गीत-गजल के लिए अनु सपन और बदनावर से हास्य व्यंग्य कवि राकेश शर्मा शामिल हुए। सभी कवियों ने अपनी कविताओं से जमकर गुदगुदाया।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर

**उज्जैन।** ग्राम गंगेडी में हनुमान मंदिर के सामने तेजगति से दौड़ी कार ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक विनोद पिता लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी बृजराजखेड़ी चला रहा था। जिसका संतुलन बिगड़ने पर बाइक पर पीछे बैठी वृद्ध मां भागवंताबाई गिरने से गंभीर घायल हो गई। चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने मामले में विनोद की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जो टक्कर मारने के बाद मौके से भाग निकला था।

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युतीकरण कार्य**

उप मुख्य बिजली इंजीनियर, (निर्माण) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा, बीआरसी **ई-निविदा सूचना संख्या: TR-C-02-2026-P, dt. 26.02.2026. कार्य एव स्थान:** डिजाइन, ड्राइंग, फैब्रिकेशन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का पैसेंजर एलवेटर (लिफ्ट) G+1, 20 20 यात्री / 1360 किलोग्राम क्षमता वाली एमआरएलएस एलिवेटर कुंडहेला, तिलकान, तिलकवाड़ा और मोरैया रेलवे स्टेशनों पर डभोई-चांदोद अतन आमान परिवर्तन के साथ केवडिया तक विस्तार के संबंध में डी श्रेणी से बी श्रेणी रेलवे स्टेशन में परिवर्तन के संबंध में। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 1,33,82,110.52. **निविदा सुरक्षा (बीड सुरक्षा):** ₹ 2,16,900/-. **निविदा अपलोड करने की तिथि:** 26.02.2026, समय 14:21 बजे. **बोली शुरू होने की तिथि** कनें. **बोली शुरू होने की तिथि और समय:** 09.03.2026 को. **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 23.03.26 को, समय 15:00 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 1183

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

### देसाईनगर में बदमाश के पास मिला 16 इंच का चाकू



**उज्जैन।** गश्त पर निकली पुलिस को खबर मिली कि देसाईनगर में चौराहा पर एक बदमाश वारदात की नियत से चाकू लेकर घूम रहा है। पुलिस ने बदमाश को पकड़ने के लिये देसाईनगर का रूख किया। बदमाश ने भागने का प्रयास किया जिसे पीछा कर पकड़ा गया तो 16 इंच लम्बा चाकू बरामद हो गया।

माधवनगर थाना एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि बीती रात गश्त के दौरान खबर मिली थी एक बदमाश किसी बडी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। तत्काल आरक्षक अशोक, अरूण और गोपाल के साथ देसाईनगर बदमाश की तलाश में पहुंचे। इस दौरान चौराहा पर घूम रहे बदमाश ने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर संतानेश्वर महादेव मंदिर के पास से पकडा। बदमाश की तलाशी लेने पर उसके पास से 16 इंच लम्बा चाकू बरामद हो गया। बदमाश को हिरासत में थाने लाया गया, जहां पूछताछ में उसका नाम आदित्य पिता महेश उर्फ पट्टू चावरे 26 साल निवासी वाल्मिकी कालोनी सामने आया। धारदार चाकू बरामद होने पर 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। एएसआई गौतम के अनुसार बदमाश के आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ वर्ष 2014 से अब तक कई धाराओं में प्रकरण दर्ज हो चुके है। पूर्व में हत्या के प्रयास, छेड़छाड़, लज्जा भंग, मारपीट, चाकूबाजी का आरोपी रह चुका है। वर्ष 2021 में रासुका में जेल भी जा चुका है। पिछले वर्ष जिलाबदर भी किया गया था। चाकू बरामद होने पर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### कार्मल स्कूल के पास मिली लाश की शिनाख्त

**उज्जैन।** कार्मल स्कूल के पास सोमवार दोपहर एक व्यक्ति के मृत अवस्था में पड़े होने की खबर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मृतक के पास पहचान का दस्तावेज नहीं मिला। शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज पहचान के प्रयास शुरू किये गये। शाम को परिचितों ने उसकी पहचान कर ली। चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची थी। मृतक 35 से 40 साल का प्रतीत हो रहा था। उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं होने पर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा गया और मर्ग कायम कर शिनाख्त के प्रयास शुरू किये गये। शाम को पता चला कि मृतक लोकेन्द पिता गोविंददास शर्मा निवासी रामद्वार मिर्चीनाला क्षेत्र का रहने वाला है। उसके परिजनों को सूचना दी गई। परिचितों ने अस्पताल पहुंचकर उसकी पहचान की। बताया जा रहा है कि मृतक शराब पीने का आदी था संभवत- अधिक शराब पीने से उसकी मौत हुई। जानकारी यह भी सामने आई है कि आगररोड शराब दुकान के पास से उसका दो पहिया वाहन भी मिला है। थाना प्रभारी के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का सही कारण सामने आ पायेगा।

### पुराने विवाद में युवक पर चाकू से हमला

उज्जैन। पुराने विवाद में सोमवार शाम युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। घायल युवक को शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम की सूचना मिलने पर पुलिस घायल के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची।

महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कनौजिया ने बताया कि चरक अस्पताल से बेगमपुरा में रहने वाले शादाब पिता मोहम्मद सईद 22 साल निवासी बेगमपुरा को घायल हालत में लाने की सूचना मिली थी। अस्पताल पहुंचकर घायल के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि वह कबाड़े का काम करता है और उसे नलियाबाखल में तनवीर ने अपने साथियों के साथ मिलकर चाकू मारा है। कुछ दिनों पहले तनवीर को घर के बाहर बैठने पर मना किया था, जिसके चलते विवाद हुआ था। उसी विवाद को लेकर नलियाबाखल में रोक हमला किया गया। एएसआई कनौजिया के अनुसार बयान दर्ज मामला जांच में लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

**जाहिर सूचना**

एतद सर्वसाधारण का सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती कमलाबाई होल्कर पति श्री मधुकर राव होल्कर निवासी-787, वार्ड क्रमांक 9, सावेर, तहसील सावेर जिला इंदौर के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-266/1/2 रकबा 0.40हे ग्राम उंटेसरा तहसील घटिट्या जिला उज्जैन में स्थित हैं। जिसे क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार द्वारा किया गया हैं एवं टोकन बयाना राशि अदा कर सौदा चिठठी का निष्पादन करवा लिया गया हैं तथा शेष राशि अदाकर अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र का निष्पादन होना शेष हैं। यदि उक्त कृषि भूमि में किसी भी व्यक्ति का स्वत्व, हित या भार हो या किसी व्यक्ति को उक्त सौदे के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपति हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी का कब्जा हो या किसी न्यायालय में उक्त कृषि भूमि के संबंध में कोई प्रकरण विचाराधीन हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। 7 दिन की अवधि पूर्ण हो जाने के पश्चात अन्बंध पत्र के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी । सूचित हो । इति दिनांक 02/03/2026

**विश्वजीतसिंह चौहान एडवोकेट**
**कार्यालय--सेकण्ड फ्लोर वीडियोंमेन बिल्डिंग, गुरूद्वारे के पीछे. फ्रीगंज, उज्जैन मो. 7869333334**

**जाहिर-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा UMMEED HOUSING FINANCE PVT. LTD. Branch UJJAIN (M.P.) के समक्ष श्री कुलदीप भाटिया पिता श्री राजेश भाटिया द्वारा ऋण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है तथा उक्त ऋण की प्रतिभूमि स्वरूप अपने स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन / भूखण्ड क्रमांक 115, वार्ड नंबर 11, मोहल्ला तेजाजी चौक, नगर पंचायत सांवेर, तहसील सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 280.00 वर्गफीट (26.02 वर्गमीटर) जिसके पूर्व में प्रेमस्वरूप का मकान, पश्चिम में रोड़, उत्तर में- दिनेश वर्मा का मकान एवं दक्षिण में-रोड़ है, को बंधक किया जा रहा है, उक्त संपत्ति को श्रीमती मंजू पति श्री राजेश भाटिया द्वारा पंजीकृत दान पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक एमपी 179092023ए11766802 दिनांक 26.04.2023 के द्वारा कुलदीप भाटिया पिता श्री राजेश भाटिया को दान में प्रदान की है, यदि उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने के संबध में अन्य किसी भी हितबद्ध व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिकी या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक या गिरवी हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को मेरी पक्षकार UMMEED HOUSING FINANCE PVT. LTD. Branch UJJAIN (M.P.) द्वारा बधक कर लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो । दिनांक 02.03.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**

**जाहिर-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 1. दशरथ पिता कालूराम जी 2. रहीश कुमावत पिता कालूराम कुमावत, निवासीगण ग्राम पिपलोदाद्वारकाधीश, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) के संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भूमि, भूमि सर्वे क्रमांक 122/2/10/1/2/2 रकबा 0.0200 हेक्टेयर कुल किता 01 कुल रकबा 0.0200 हेक्टेयर भूमि जो कि ग्राम पालखंदा, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में उज्जैन-देवास मेन रोड़ पर स्थित है, उक्त भूमि के पूर्व दिशा में गोपाल कुंवर की भूमि, पश्चिम दिशा में उज्जैन- देवास मेन रोड़, उत्तर दिशा में कच्चा रास्ता व दक्षिण दिशा में गोपाल कुंवर की भूमि हैं। का सौदा मेरे पक्षकार से कर लिया है। मेरे पक्षकार ने उक्त कृषि भूमि को बयाना राशि अदाकर क्रय अनुबंध कर लिया है। यह कि कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, साहुकार, बैंक, वित्तीय संस्थान या अन्य कोई सरकारी संस्थान का ऋण अथवा वारिसाना हक हो अथवा कोई हक, स्वत्व, हित अथवा उक्त भूमि रहन, बय, दान आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के पश्चात् मेरा पक्षकार उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र अपने हित में सम्पादित व निष्पादित करवा लेगा। तथा बाद में कोई उर्ज आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**अनिल सिसोदिया ( सेवा प्रदाता )**
**कार्यालय पता - पंवासा, हजारी हनुमान मंदिर के पास, मक्सी मार्ग, उज्जैन ( म.प्र. )**
**मो.9977742156, 9713604558**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भवन क्रमांक सी-62 स्थित अभिलाषा कॉलोनी वार्ड क्रमांक 54 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय कर लिया है। इसमें मय खुली जमीन तल एवं हवाई हक सहित में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में कय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशी दे दी गई है। मेरें पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष धनराशि अदा कर अपने हित में विक्रय पत्र का निष्पादन कराया जावेगा। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग की कोई आपत्ति हो या उक्त प्रकार का कोई ऋण भार टैक्स मेंटेनेंन्स बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस कि अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्च्यात मेरे पक्षकार द्वारा विधीवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व किसी कि कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक 02/03/26 उज्जैन

**प्रतीक उपाध्याय एडव्होकेट उज्जैन**
**कार्यलय 21, दशहरा मैदान उज्जैन ( म.प्र. )**
**मोबाईल न. 91111-44811**

## जागरूक रहने वाला कौन है?



जागरूक रहने वाला कौन है? जब आप किसी प्रकार का कोई गहरा अनुभव कर रहे हैं, तब उस समय क्या हो रहा होता है? क्या आप इसके प्रति जागरूक होते हैं कि आप अनुभव कर रहे हैं? अनुभव समाप्त हो जाने के बाद ही अनुभवकर्ता और अनुभव अस्तित्व में आते हैं। तब अनुभवकर्ता अनुभव में आए विषय का निरीक्षण करता है। अनुभव के क्षण में न तो द्रष्टा होता है और न दृश्य; वहां केवल अनुभूति हो रही होती है। हममें से अधिकतर लोग अनुभव नहीं कर रहे होते। हम सदा अनुभूति की अवस्था के बाहर रहते हैं और इसीलिए यह प्रश्न करते हैं कि निरीक्षक कौन है? जागरूक रहने वाला कौन है?

आपको नहीं लगता कि यह प्रश्न ही गलत है? अनुभूति के दौरान न सजग रहने वाला होता है, और न उसकी सजगता का विषय। कई लोगों के लिए अनुभूति की अवस्था में रहना अत्यधिक कठिन है, क्योंकि उसके लिए एक असाधारण लचीलेपन, गहन संवेदनशीलता की आवश्यकता होती है; और जब हम किसी लक्ष्य के पीछे दौड़ रहे हैं, जब हम सफल होना चाहते हैं, जब हम लाभ-हानि के बारे में सोचते हैं, तब हम उस संवेदनशीलता से वंचित हो जाते हैं और तब हममें कुंठा पैदा होती है। जो किसी वस्तु की मांग नहीं कर रहा, जो किसी लक्ष्य के पीछे नहीं दौड़ रहा, किसी परिणाम व उसके निहितार्थों को नहीं खोज रहा, ऐसा व्यक्ति सतत अनुभूति की अवस्था में है। तब सब कुछ गतिशील होता है, अर्थपूर्ण होता है; तब कुछ भी कहीं प्राचीन, कहीं दोहराव नहीं होता, क्योंकि जो वास्तविकता है, वह कभी पुरानी नहीं होती।

**सम्पादकीय**

## एक और युद्ध

दुनिया में एक और बड़े युद्ध का छिड़ना बहुत चिंता और दुख की बात है। वैसे, ईरान को लेकर युद्ध का माहौल बीते दो महीने से बन रहा था, पर चौबीस घंटे के युद्ध में ही जो भयावहता सामने आई, उसने पूरी दुनिया को तनावग्रस्त कर दिया है। अमेरिका और इजरायल ने शनिवार को ईरान पर सबसे पहले प्रहार किए, इसके बाद ईरान ने कम से कम छह मध्यपूर्व के देशों में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया। इसका बहुत ही खतरनाक जवाब अमेरिका और इजरायल ने दिया। भारत में जब लोग रविवार सुबह जागे, तब इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू बता रहे थे कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के जीवित न होने के संकेत मिले हैं। शुरू में ईरान ने इस सूचना को छिपाने की कोशिश करते हुए इसे मानसिक युद्ध बताया, पर बहुत जल्दी ही पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे ईरानी न्यूज चैनल पर एक एंकर रोते हुए अपने देश के सर्वोच्च नेता की मौत की खबर सुना रहा था। इतना ही नहीं, एक तरह से ईरानी सत्ता की पहली कड़ी ध्वस्त हो गई है और चालीस दिन के शोक के बीच दूसरी कड़ी ने ऐसे इरादे के साथ सत्ता संभाली है कि लगता है, यह युद्ध बहुत जल्दी खत्म नहीं होगा।

दोनों तरफ से जारी की जा रही धमकियों पर गौर कीजिए, तो दहशत होती है। एक तरफ, ईरान कह रहा है कि अमेरिका पछताएगा, तो दूसरी ओर, खुद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बोल रहे हैं कि दुश्मनों को खून के आंसू रोना पड़ेगा। जंग में यह भाषा आम है, पर इस भाषा की प्रशंसा नहीं हो सकती। यह युद्ध मिसाइलों और तकनीकी योग्यता के आधार पर लड़ा जा रहा है और शक नहीं कि इस मोर्चे पर अमेरिका और इजरायल बहुत आगे हैं। ईरान की ताकत की कलई चौबीस घंटे में खुल गई है। ईरान अपने आला नेताओं की सुरक्षा में भी नाकाम रहा है। इजरायल दूर बैठकर मिसाइल से टारगेट कीलिंग को अंजाम देने में माहिर है। क्या ईरान के सत्ता प्रतिष्ठान को इजरायल की इस ताकत का पता नहीं था? क्या ईरान अपने रक्षा प्रमुख की हत्या को भूल चुका था? फिलहाल, ईरान ताकत और तैयारी, दोनों मोर्चों पर पीछे दिख रहा है। जंग सिर्फ इरादे के जोर पर नहीं जीती जाती है। आगे ईरान को अपना ज्यादा नुकसान करने से बचना चाहिए। युद्ध नहीं रुका, तो मध्यपूर्व के कम से कम छह देशों में हजारों लोग मारे जाएंगे, जो आर्थिक नुकसान होगा, उसका अनुमान लगाना मुश्किल है।

**होलिका उत्सव पर विशेष लेख**

# भक्त प्रह्लाद और उनका चुनौतीपूर्ण जीवन

भक्त प्रह्लाद विष्णु के सच्चे भक्त थे। वे निष्काम भक्त कहे जाते हैं क्योंकि उन्होंने हमेशा अपने स्वयं के सुख के लिए कभी नहीं सोचा तथा सर्वदा दूसरों के सुख के लिए ही विष्णु भगवान का स्मरण करते रहे। इनके पिता का नाम हिरण्यकश्येपु था।



डॉ. शारदा मेहता (दैनिक अवन्तिका)

वह एक दुर्जेय राक्षस था। इसके पिता कश्यप तथा माता अदिति नाम से प्रसिद्ध थे। हिरण्यकश्यपु का एक भाई था जिसका नाम हिरण्याक्ष था। हिरण्यकश्यपु को प्रह्लाद के पूर्व भी सन्ताने उत्पन्न हुई थीं जिनमें तीन पुत्र तथा एक पुत्री थी। इनके नाम थे- संल्हाद, अनुल्हाद, ल्हाद तथा चैथा पुत्र प्रह्लाद था। एक पुत्री थी जिसका नाम सिंहिका था। प्रह्लाद की माता (हिरण्यकश्यपु की पत्नी) का नाम कयाधु था। एक बार भगवान विष्णु से अपने भाई हिरण्याक्ष के वध का बदला लेने के लिए कठोर तपस्या कर रहा था। यह देख कर देवर्षि नारद को अत्यधिक चिन्ता हुई। इन्द्र कयाधु को हरण करके ले जा रहा था। मार्ग में उसे नारदजी मिले। उन्होंने इन्द्र को कहा था कि कयाधु गर्भवती है। इसके गर्भ में असाधारण व्यक्तित्व का शिशु पनप रहा है। तब इन्द्र ने नारदजी से कहा कि आप इसे अपने आश्रम में ले जाइए। आश्रम में कयाधु धार्मिक वातावरण में रहती थी। भक्तिमय वातावरण का प्रभाव गर्भस्थ शिशु प्रह्लाद पर भी पड़ा। वहाँ उसने भगवान विष्णु की कथाएँ श्रवण की जिसका प्रभाव उसके सम्पूर्ण जीवन पर परिलक्षित होता है। त्रिलोकीनाथ श्री विष्णु ही उनको राक्षसकुल में जन्म लेने के बाद भी देवत्व की ओर शनैरूशनैरू अग्रसर करते गए और सम्पूर्ण संसार ही उनके लिए विष्णुमय हो गया-

स वर्द्धमानो विरराज बालैरू
सह त्रयीनाथपदेषु भक्त्या।
बालोऽल्पदेहो महतीं महात्मा
विस्तारयन्‌ भाति स विष्णु भक्तिम।।
श्रीनरसिंह पुराण अध्याय 41/32

बालक प्रह्लाद का विद्यारम्भ किया। राजा हिरण्यकश्यप ने उसे देखा। वह बड़ी-बड़ी सुन्दर आँखों वाला बालक हाथ में पट्टी (स्लेट) लिए हुए आ रहा था। उस पर भगवान श्रीकृष्ण का चक्र तथा नाम लिखा था। बालक प्रह्लाद ने श्रीकृष्ण की स्तुति सुनाई। राक्षसराज हिरण्यकश्यपु ने कहा कि ये सब तो मेरे शत्रु हैं-

गृहीत्वा तु करे पुत्रं पट्टिका या सुशोभना।
मूर्ध्नि चक्रांकिता पट्टी कृष्णनामांकिताऽऽदरात।।
श्रीनरसिंह पुराण अध्याय 41/36

प्रह्लाद ने भी अपने पिताजी से कहा आप भी सभी पापों का नाश करने वाले श्रीविष्णु भगवान की शरण में जाने का प्रयास करें-

गुरवेऽपि ब्रवीम्येतद्यतो हितकरं परम।
शरणं व्रज सवेशं सर्वपापक्षयंकरम।।
श्रीनरसिंह पुराण अध्याय 41/46

यह सुनकर असुरपति हिरण्यकश्यपु ने प्रह्लाद के गुरु को बुलाया और उनसे बड़े ही अपमानजनक शब्दों में वातालर्प की। सम्राट का पुत्र होकर मेरा बालक मेरे ही शत्रु की प्रशंसा करता रहता है। यह कृत्य अनुचित है, दण्डनीय है। प्रह्लाद जब किशोरावस्था के सोपान पर पहुँचा तो पिताजी हिरण्यकश्यपु ने उसके सामने राज्य शासन का भार सौंपने का प्रस्ताव रखा। भक्त प्रह्लाद ने विष्णु भगवान का गुणगान करते हुए वह प्रस्ताव भी अस्वीकार कर दिया। हिरण्यकश्यप ने क्रोधित होकर आदेश दिया कि इस मूर्ख पर अस्त्र-शस्त्र से वार किए जाए परन्तु महान आश्चर्य यह हुआ कि वे अस्त्र-शस्त्र विपरीत दिशा में जाकर मारने वाले दैत्यों का ही संहार करने लगे। यह देखकर हिरण्यकश्यपु ने विषैले सर्पों को कहा कि वे प्रह्लाद को डस कर मार डालें। इस प्रकार उसको मारने के लिए अनेक प्रयत्न किए गए परन्तु सभी प्रयास निष्फल रहे। दैत्यराज हिरण्यकश्यपु के पुरोहितों ने कहा कि आप अपने क्रोध पर अपना नियन्त्रण रखें क्योंकि भले ही पुत्र कुपुत्र हो परन्तु माता-पिता कभी भी कुमाता-कुपिता नहीं हो सकते-

तदलं देव रोषेण दयां कर्तुं त्वमर्हसि।
पुत्र कुपुत्रतामेति न मातापितरौ कदा।।
श्रीनरसिंह पुराण अध्याय 42/38

हिरण्यकश्यपु को तो श्री विष्णु भगवान का जाप पसन्द था ही नहीं। वह उनका कट्टर विरोधी था। उसने आदेश दिया कि प्रह्लाद को जहरीले विशाल सर्पों से बँधवाकर समुद्र के खारे पानी में फिंकवा दिया जाए और उस पर पर्वत की चट्टानें रख दी जाएं-

बबन्धुस्तं महात्मानं फल्गुभिरू सर्पैरज्जुभिरू।
गरुडध्वजभक्तं तं बद्धवाहिभिरबुद्धयरू।।
श्री विष्णुपुराण अध्याय 43/32

भक्त प्रह्लाद को ऊँचे पर्वतों के शिखर से नीचे फेंका गया। जंगल में वृक्ष से बाँधकर उसके वध के लिए जंगली पशुओं को छोड़ा गया। परन्तु हर समय वह सभी भीषण संकटों से बचकर सुरक्षित वापस आ गया कारण कि वह श्री विष्णु का परम भक्त था। हर संकट की घड़ी में भगवान विष्णु उसकी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहायता करते थे। अंत में हिरण्यकश्यपु ने उसे आग में जलाने की युक्ति सोची। उसकी एक बहिन थी जो प्रह्लाद की बुआ थी उसका नाम होलिका था। वह बालक प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठ गई। प्रह्लाद जीवित बच गए और होलिका जल गई। यहाँ भी श्रीविष्णु ने अपने भक्त की सहायता की। इस घटना की स्मृति में ही प्रतिवर्ष हमारे यहाँ होलिका दहन किया जाता है।

तपस्या करके ब्रह्माजी से हिरण्यकश्यप ने वर माँगा था कि न मुझे मनुष्य मार सके न जानवर ही मार सके। न मेरी मृत्यु दिन में हो न मैं रात्रि में ही मरूँ। न कोई मुझे घर में मार सके न घर के बाहर ही मार सके। मुझे मारने में न अस्त्र का प्रयोग हो न ही किसी शस्त्र का प्रयोग किया जाए। इस वर के प्रभाव से उसे अपनी मृत्यु का भय नहीं था। वह अत्यधिक निरंकुश हो गया था। भक्त प्रह्लाद पर उसके पाशविक षड्यंत्र की निरन्तर वृद्धि होती आ रही थी। श्री विष्णु की निरन्तर भक्ति के कारण भक्त प्रह्लाद सुरक्षित बच निकलते थे। एक दिन दैत्यराज हिरण्यकश्यपु अत्यधिक क्रोधित हुआ। उसने प्रह्लाद से पूछा कि क्या तेरे भगवान इस स्तम्भ में भी हैं। प्रह्लाद ने स्वीकार किया कि वे सर्वत्र व्याप्त हैं। इस स्तम्भ में भी उनका निवास है। यह सुनते ही राक्षसराज ने क्रोध में आग बबूला होकर स्तम्भ पर तलवार से वार किया। स्तम्भ में दरार पड़ गई और प्रह्लाद को भगवान के नृसिंह रूप के दर्शन हो गए। नृसिंह दैत्यों से घिरे हुए हैं और उनका वध करते आ रहे हैं। जब सूर्यास्त का समय हुआ तब वे असुर हिरण्यकशिपु को घसीट कर द्वार तक ले गए। उसे अपनी जंघा पर लिटा कर तीक्ष्ण नाखूनों से उसके विशाल वक्षस्थल को विदीर्ण कर दिया।

## इस बार आरक्षण वाली होली...!

इस बार भिया आरक्षण वाली होली खेलेंगे। पूरी व्यवस्था हो गई है। संवैधानिक आरक्षण व्यवस्था के अनुसार रंगों से संसदीय व विधायी पिचकारियों को भर लिया गया है। हर वार्ड व विधानसभा स्तर पर कार्यकताओं को जनता को रंगने की जिम्मेदारी दी गई है। आरक्षण अनुसार ही डीजे व ढोल वालों को भी बुक कर लिया गया है। जिन्हें आरक्षण नहीं मिला उनके साथ सिर्फ शोले फिल्म के ठाकुर काका वाली होली की तरह ह्यचुटकी वाली होलीह्व खेली जाऐगी। बाकी जिसको जिस अनुपात व प्रतिशत के अनुसार आरक्षण मिला है उन्हें उसी तरह रंगों से रंगरेज किया जाऐगा। इस बार की आरक्षणमय होली में भिया ने बकायदा अपने क्षेत्र में सरकारी आदेश की तरह घोषणा कर दी है कि सभी को होली खेलना है। पानी बचाने वाली बात कोई नहीं करेगा। भिया के पास पर्याप्त पानी है। उनके क्षेत्र में पानी के अधिकांश टेंकर उन्हीं के चलते हैं। बाकी समय वह व्यापार रहता है लेकिन होली पर पानी से भिया क्या कमाई करेंगे! ऐसा उनके स्वभाव में भी नहीं है ओर कोई लालच भी नहीं! वहीं होली पर पर्यावरण बचाओ वाले दूर रहे। भिया के टेंकर व बरसाने की लठ्ठ से पानी की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था क्षेत्र में करते रहेंगे। होली हो और भिया किसी तरह की मिठाई की व्यवस्था ना करें यह हो ही नहीं सकता। इस बार की होली पर भिया ने मिठाई वितरण में भी बकायदा आरक्षण व्यवस्था की है और साथ ही मिठाईयां विभिन्न रंगों की भी बनाई है। इसमें भी आरक्षण पद्धति का ही सहारा लिया गया है। संवैधानिक व्यवस्था के तहत जिसे जितना आरक्षण मिला है उसे होली पर मिठाई भी उतनी ही दी जाऐगी और अलग अलग वर्ग आधारित रंग वाली मिठाई भी बांटी जाऐगी। ह्यमिलावट वाली मिठाई व नकली मावा वाली बातों की इस पर्व पर चर्चा करने से बचें। नहीं तो आरक्षण वाली होली के साथ राजनीतिक रंगों वाली होली भी खेली जा सकती है।ह्व यह सब पुण्य कार्य भिया स्वयं अपने हाथ से करेंगे और उनकी नजरों के सामने होगा। तैयारी जोरों पर है, दिनरात इसके लिए भिया के कार्यकर्ता लगे हैं। इस होली पर हर बार की तरह ठंडाई का भी उचित प्रबंधन किया गया है। वह थोड़ा गोपनीय रहेगा। जैसे चुनाव के समय पीने -पीलाने का आयोजन गोपनीय रहता है, उसी तरह होली पर ठंडाई जिसे धार्मिक अनुष्ठान के रूप में प्रसाद की तरह उपयोग कर सबको भोले के प्रसाद के रूप में भी बांटा जाऐगा

- भूपेन्द्र भारतीय

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 03 मार्च 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:51 सूर्यास्त 18:27
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:30 से 16:30 तक
तिथि - पूर्णिमा 17:08 उपरांत एकम
नक्षत्र - मघा 07:31 उपरांत पूवार्फाल्गुनी
योग - सुकर्मा 10:24 उपरांत धृति
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण सिंह में रहेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 13 तारिख

**मेष-** विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

**वृषभ-** मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन-** आज धन का निवेश न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्क-** आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है।

**सिंह-** फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कन्या-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**तुला-** किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक-** घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है।

**धनु-** बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**मकर-** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कुंभ-** सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें।

**मीन-** भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545

**होली पर विशेष**

## होली-परंपरा,प्रतीक और वर्तमान की वैचारिक चुनौती

होली भारतीय सांस्कृतिक जीवन का केवल एक उत्सव नहीं,बल्कि सामाजिक चेतना की परीक्षा भी है। रंगों की उन्मुक्तता,सामूहिक उल्लास और लोक परंपराओं की जीवंतता के बीच यह पर्व हर वर्ष हमें यह प्रश्न पूछने के लिए विवश करता है कि क्या हम अपने मूल मूल्यों के प्रति उतने ही प्रतिबद्ध हैं,जितने अपने उत्सवों के प्रति? बदलते सामाजिक परिदृश्य, तीव्र होती वैचारिक प्रतिस्पर्धा और डिजिटल माध्यमों की प्रभावशाली उपस्थिति के बीच होली का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठा है।



अमित राव (दैनिक अवन्तिका)

पौराणिक कथा में हिरण्यकशिपु का अहंकार,प्रह्लाद की दृढ़ आस्था, होलिका का छल और अंततः भगवान नरसिंह का न्याय–ये घटनाएँ केवल धार्मिक आख्यान नहीं है,ये सत्ता और सत्य के शाश्वत संघर्ष का रूपक हैं। हिरण्यकशिपु उस मानसिकता का प्रतीक है,जो शक्ति के मद में असहमति को कुचलना चाहती है। प्रह्लाद उस साहस का प्रतीक है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने विश्वास से विचलित नहीं होता। और होलिका यह स्मरण कराती है कि अन्याय के साथ खड़ी शक्ति अंततः स्वयं भस्म हो? ही जाती है। समकालीन संदर्भ में यह कथा हमें सावधान करती है। आज समाज में विचारों का बहुलतावाद है,जो लोकतंत्र की शक्ति है। किंतु इसी के साथ एक प्रवृत्ति यह भी उभर रही है कि स्थापित सांस्कृतिक प्रतीकों को उलटकर प्रस्तुत किया जाए कभी जिज्ञासा के नाम पर, कभी प्रतिरोध के नाम पर और कभी केवल सनसनी के लिए। हाल के समय में कुछ मंचों पर होलिका को नायिका और प्रह्लाद को खलनायक के रूप में चित्रित करने के प्रयास सामने आए हैं।

निस्संदेह,किसी भी कथा का पुनर्पाठ संभव है। समाज स्थिर नहीं होता,वह प्रश्न पूछता है,नए अर्थ गढ़ता है। परंतु पुनर्व्याख्या और विकृति के बीच एक स्पष्ट रेखा होती है। यदि किसी कथा की मूल आत्मा जो सत्य, नैतिक साहस और अन्याय के प्रतिरोध का संदेश देती है को जानबूझकर उलटकर प्रस्तुत किया जाए,तो वह बौद्धिक विमर्श नहीं,बल्कि सांस्कृतिक असंतुलन का कारण बन सकता है। प्रह्लाद को खलनायक सिद्ध करने का प्रयास वस्तुतः उस आदर्श को चुनौती देना है, जो कठिन समय में भी नैतिक दृढ़ता का प्रतीक रहा है। हमारी दृष्टि से प्रश्न यह है कि क्या हम अपने सांस्कृतिक प्रतीकों से संवाद कर रहे हैं या उन्हें वैचारिक संघर्ष का उपकरण बना रहे हैं? होली का मूल संदेश विभाजन नहीं,समरसता है, प्रतिशोध नहीं,आत्मशुद्धि है। होलिका दहन का अर्थ केवल एक पौराणिक प्रसंग का स्मरण नहीं,बल्कि यह स्वीकार करना है कि अहंकार,द्वेष और असत्य अंततः समाज को ही जलाते हैं।

आज यह आत्मशुद्धि केवल धार्मिक या आध्यात्मिक संदर्भ तक सीमित नहीं है। पर्यावरणीय संकट,जल-संकट और सार्वजनिक आचरण की गिरती संवेदनशीलता हमें नई जिम्मेदारियों की याद दिलाती है। यदि होली के नाम पर हम जल की अंधाधुंध बबादी करें, रासायनिक रंगों से प्रकृति और स्वास्थ्य को हानि पहुँचाएँ या उत्सव की आड़ में किसी की गरिमा का उल्लंघन करें, तो यह उस मूल भावना के विरुद्ध होगा, जिसका यह पर्व प्रतिनिधित्व करता है। परंपरा का सम्मान तभी सार्थक है, जब उसमें समयानुकूल विवेक भी जुड़ा हो। रंगों की होली सामाजिक समानता का प्रतीक मानी जाती है। यह वह अवसर है जब सामाजिक विभाजन की रेखाएँ क्षीण पड़ती हैं और लोग एक-दूसरे को अपनत्व के रंग में रंगते हैं। किंतु यह समरसता केवल प्रतीकात्मक न रह जाए यह सुनिश्चित करना भी समाज की जिम्मेदारी है। यदि वर्ष भर हम वैचारिक कटुता,सामाजिक दूरी और डिजिटल आक्रोश में उलझे रहें और एक दिन रंग लगाकर संतुष्ट हो जाएँ, तो यह उत्सव की आत्मा के साथ न्याय नहीं होगा।

# जब होली सिर्फ.त्योहार नहीं, अपनापन हुआ करती थी

### फीके पड़ते रंग, टूटते रिश्ते

होली भारतीय समाज का ऐसा पर्व रहा है, जो केवल रंगों तक सीमित नहीं था। यह मनुष्यों के बीच की दूरी मिटाने, वर्षों की कड़वाहट धो डालने और रिश्तों में नई ताजगी भरने का अवसर हुआ करता था। फाल्गुन का महीना आते ही वातावरण में एक अलग-सी उमंग घुल जाती थी। हवा में गुलाल की गंध, गलियों में बच्चों की किलकारियाँ और घर-घर से उठती लोकगीतों की स्वर-लहरियाँ जीवन को उत्सव में बदल देती थीं।



डॉ सत्यवान सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

पर आज की होली, बीते समय की होली से काफी अलग दिखाई देती है। समय के साथ समाज बदला है, तकनीक बढ़ी है, सुविधाएँ आई हैं–लेकिन इन्हीं बदलावों के बीच कहीं न कहीं रिश्तों की ऊष्मा ठंडी पड़ गई है। रंग अब भी हैं, पर वे दिलों तक नहीं पहुँच पाते। एक समय था जब होली का मतलब केवल एक दिन का उत्सव नहीं होता था। वसंत पंचमी से ही इसकी तैयारियाँ शुरू हो जाती थीं। मंदिरों में फाग गूँजने लगता था, चौपालों पर ढप-चंग की थाप सुनाई देती थी और गाँव-मोहल्लों में रसिया गाने वालों की टोलियाँ निकल पड़ती थीं। यह सामूहिकता ही होली की आत्मा थी। बच्चे मोहल्लों में समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे। किसी ने मना भी कर दिया, तो बुरा नहीं मानते थे–हँसते-हँसाते आगे बढ़ जाते थे। रंग लगाना अपराध नहीं, अपनापन जताने का तरीका था। कोई डाँट भी दे, तो उसे होली की मस्ती समझकर भुला दिया जाता था। आज वही बच्चे मोबाइल की स्क्रीन में सिमट गए हैं, और मोहल्ले संवादहीन हो चले हैं। होली का सबसे सुंदर पक्ष यह था कि उस दिन सामाजिक भेद-भाव धुंधले पड़ जाते थे। अमीर-गरीब, छोटा-बड़ा, अपना-पराया–सब एक ही रंग में रंगे नजर आते थे। दुश्मन भी गले मिल लेते थे। ह्लबुरा न मानो, होली हैह्व केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि सामाजिक सहमति थी कि आज दिल खोलकर जिया जाएगा।

आज वही वाक्य मजाक बनकर रह गया है। लोग रंगों से ज्यादा सीमाएँ बचाने में व्यस्त हैं। कहीं कोई अनहोनी न हो जाए, कहीं कोई विवाद न खड़ा हो जाए–इस डर ने होली की सहजता छीन ली है। पहले घर-घर पकवान बनते थे। गुजिया, दही-बड़े, मालपुए और ठंडाई की खुशबू पूरे मोहल्ले में फैल जाती थी। पड़ोसियों की बहू-बेटियाँ भी अपने ही घर की सदस्य मानी जाती थीं। मेहमानों का स्वागत खुले दिल से होता था। आज उत्सव घर की चार दीवारों तक सिमट गए हैं। एक औपचारिक ह्लहोली मुबारकह्व या ह्लहैप्पी होलीह्व का संदेश रिश्तों की गर्मजोशी का स्थान ले चुका है। समाज में बढ़ती असुरक्षा और अविश्वास ने पारिवारिक व्यवहार को भी बदल दिया है। पहले लड़कियाँ होली के दिनों में सहेलियों और रिश्तेदारों के यहाँ देर तक रुक जाती थीं। हँसी-मजाक और गीत-संगीत के बीच समय कैसे बीत जाता था, पता ही नहीं चलता था। आज वही बातें चिंता का कारण बन जाती हैं। रिश्तों पर संदेह की परतें चढ़ गई हैं।

परंपराएँ भी धीरे-धीरे लुप्त हो रही हैं। कभी घरों में टेसू और पलाश के फूलों से प्राकृतिक रंग बनाए जाते थे। महिलाएँ लोकगीत गाते हुए रंग घोलती थीं और बच्चे उत्सुकता से इंतजार करते थे। छोटी-छोटी लड़कियाँ गाय के गोबर से वलुडिया बनाती थीं, उन पर मालाएँ सजाती थीं। ये केवल रस्में नहीं थीं, बल्कि सामूहिक श्रम और रचनात्मकता के प्रतीक थे। आज बाजार से खरीदे गए रासायनिक रंगों ने उन परंपराओं की जगह ले ली है। सुविधा बढ़ी है, लेकिन भावनात्मक जुड़ाव घटा है।

**धर्म–आस्था**

# होली भारतीय संस्कृति के आंतरिक सौंदर्य का प्रतिक

भारतीय संस्कृति अपनी उत्सव धर्मिता के फलस्वरूप दुनियाँ को अपनी और आकर्षित करती है। उत्सव धर्मिता का सौंदर्य ही इसे खास बनाता है। इन्ही उत्सव एवं तीज त्योहारों की निरंतर चलती प्रक्रिया मे होली भी शामिल है। यह पर्व यूँ तो होलिका दहन से रंग पंचमी तक मनाया जाता है, किंतु फाल्गुन माह मे इसे फाग उत्सव के रूप मे सम्पूर्ण माह बनाने की परम्परा भी लम्बे समय से प्रचलित है। होली अधर्म पर धर्म की विजय और समानता का संदेश देती है, रंगों का यह महापर्व मन के मेल को धो देने का महत्वपूर्ण अवसर है। होली के अनेकों रंग है, यह भारतीय उत्सव परम्परा का एक प्रमुख पर्व है। हर उत्सव के अपने संदेश होते है, होली उत्सव का भी अपना संदेश है। एक और होलिका दहन भक्त प्रहलाद की धार्मिक आस्थाओं की विजय का उद्घोष है। अपने पिता हिरण्य कश्यप की धर्म विरोधी मानसिकता का सबसे प्रबल विरोधी यदि कोई था तो वह उसका स्वयं का पुत्र भक्त प्रहलाद जो धर्म, दया, सदमार्ग का प्रतीक था। जब अपने पुत्र की धार्मिक आस्थाओं से तंग हिरण्य कश्यप भक्त प्रहलाद को धर्म का रास्ता छोड़, ईश्वर विरोधी बनाने के प्रयास मे विफल हो जाता है तब वह अपनी बहन होलिका जिसे आग मे सुरक्षित रहने का वरदान प्राप्त था। भक्त प्रहलाद को खत्म करने की योजना को मूर्त रूप देते है। होलिका अग्नि के मध्य भक्त प्रहलाद को गोदी मे लेकर उसे अग्नि के माध्यम से खत्म करने का प्रयास करती है, किंतु अपनी धार्मिक आस्थाओं पर प्रगाढ़ विश्वास के चलते ईश्वर द्वारा भक्त प्रहलाद को भीषण आग मे भी सुरक्षित रखा जाता है, इसके विपरीत होलिका इस आग मे जलकर भस्म हो जाती है। संदेश धार्मिक आस्थाओं के माध्यम से सत्य के मार्ग पर चलने का है। असत्य और अधर्म पर सत्य और धर्म की विजय का यह उत्सव भारतीय दर्शन का सौंदर्य पर्व है। होलिका दहन के बाद पांच दिन तक याने रंग पंचमी तक सम्पूर्ण देश रंग गुलाल की मस्ती मे रंग जाता है। यह पर्व हमारी अनेकता मे एकता के दर्शन का वाहक है। जब वातावरण रंग गुलाल और पानी की बौछार से आच्छादित होता है। तब जाति, धर्म, अमीर गरीब के सब भेद धाराशाही हो जाते है। उत्सव के माध्यम से समाज मे सामाजिक समरसता का जो दर्शन होली पर्व मे है। वह दुनियाँ के अन्य उत्सव त्योहारों नजर नही आता है।



नरेन्द्र तिवारी (दैनिक अवन्तिका)

होली का सीधा संबंध प्रकृति से है। फाल्गुन माह माघ की ठण्ड के बाद फरवरी और मार्च के दौरान आता है। होली भी इसी माह मनाई जाती है। इस दौरान वातावरण आनंदित और उल्लासित होता है। गर्मी का आरम्भ जहाँ पतझड़ का संदेश लेकर आता है, तब पलास के फूल अपनी सम्पूर्ण सौंदर्यता के साथ खिल उठते है। पलास को छूल, परसा, ढाक, टेसू और किंशुक के वृक्ष के रूप मे विभिन्न हिस्सों मे जाना जाता है। इसके फूल जिसे जंगल की आग भी कहा जाता है। तपती गर्मी मे जब दूर से इसे देखते है तो आग के मानिन्द दिखाई देता है। दरअसल आग की तरह दिखने वाला यह टेसू का फूल अपनी डाल पर मदमाता, मुस्काता दिखाई देता है। पलाश के यह फूल यूपी, एमपी एवं झारखण्ड मे बहुतायत मे मिलते है। यूपी और झारखण्ड का यह राज्य पुष्प है। भारतीय डाक तार विभाग द्वारा डाक टिकिट पर प्रकाशित कर इस पुष्प को सम्मानित भी किया जा चूका है। प्राचीन काल मे टेसू के फूल से रंग तैयार किये जाते थै। फूलों के रंग एक और प्राकृतिक रंगत लाते है। अब रंगों में रसायन का प्रयोग किया जाने लगा है, जो मनुष्य मानवीय स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है।

होली रंगों का त्यौहार है। हर रंग की अपनी खूबसूरती होती है। होली भारतीय समाज की एकता का प्रतीक है। एकता का रंग भारत की विशेषता है। इस दिन सभी मतभेदो को भूल प्यार का रंग जब गालो पर लगता है, तो गीले, शिकवे खत्म हो जाते है। फिल्म शोले का वह शानदार गीत होली के दौरान हवाओं मे गूंजने लगता है, 'होली के दिन दिल खिल जाते है, रंगों मे रंग मिल जाते है, गीले शिकवे भूलकर दोस्तों, दुश्मन भी गले मिल जाते है।' याने होली के दिन मन का मेल धुल जाता है। होली का संदेश भी अपनों से हुई नाराजगी को दूर करना ही तो है। प्रकृति निर्मल है, रंग प्रकृति की अदभुत संरचना है। रंग भी होली के दिवस मन को निर्मल बनाने का प्रयास करता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमाड़ी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1812-2800 चना काबली- 3100-9001, चना बड़ा- 4420-5071, रायड़ा- 5100-5901, बलटा- 1704-3938, सोयाबीन- 1401-5801, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,69,900, रवा- 1,68,600 चांदी- टंच- 2,88,000 पाट- 2,87,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

# गैस गीजर में हुए विस्फोट के धमाके से दो मंजिला मकान की छत गिरी, बड़ा हादसा टला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कानड़

सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच कानड़ के पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित एक डबल मंजिला मकान में संभवतः गैस गीजर में हुए विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया। घटना डॉक्टर जयप्रकाश सोनी के निजी मकान में हुई। धमाके की तेज आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी।

धमाके से घबराकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि मकान की अंदरूनी व बाहरी दीवारों में दरारें पड़ गईं तथा छत का एक हिस्सा भरभराकर नीचे गिर गया। घर के अंदर लगा एसी, सीमेंट की बनी पानी की टंकी, कमरों में किया गया पीओपी कार्य, लकड़ी का फर्नीचर और गैलरी के कांच पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गैलरी और दीवार का मलबा सड़क तक फैल गया, जिससे कुछ समय तक आवागमन प्रभावित रहा। पास के एक अन्य मकान की छत को भी आंशिक नुकसान पहुंचा है।



दूसरी मंजिल पर हुए धमाके जिसने पक्की दीवार तक को गिरा दिया गनीमत रही कि विस्फोट के समय कोई ऊपरी मंजिल पर नहीं था।राहत की बात यह रही कि किसी के खरोंच तक होने की सूचना नहीं मिली। मकान मालिक सहित राहगीर या पड़ोसी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली।

### गैस गीजर, कई महीनों से बंद था उपयोग

मकान मालिक राम सोनी ने बताया कि वे पहले ऊपर बने कमरे में रहते थे। जहां बाथरूम में गर्म पानी के लिए गैस गीजर लगा हुआ था। पिछले कई महीनों से वे उस कमरे का उपयोग नहीं कर रहे थे और नीचे ही रह रहे थे। उनका कहना है कि संभवत बंद पड़े कमरे में लगे गीजर से गैस रिसाव हुआ हो और उसी के कारण यह हादसा हुआ हे। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों में रखे बर्तन तक गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को सख्ती बरतनी पड़ी। मौके से मजदूरों ने मकान का मलबा भी हटाया।



## होली पर्व को लेकर थाना परिसर में समिति की बैठक, 18 स्थानों पर होगा होलिका दहन

**सुसनेर।** होली पर्व को लेकर थाना परिसर रविवार को होली उत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओपी देवनारायण यादव एवं थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैस ने समिति के सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा की। बैठक में नगर में होने वाले होलिका दहन कार्यक्रमों, सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बताया गया कि नगर के कुल 18 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। इन सभी स्थानों पर पुलिस प्रशासन द्वारा आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी और रात्रि गश्त भी बढ़ाई जाएगी।

## बेटी ने दी पिता को मुखाग्नि, नम आंखों से दी अंतिम विदाई




**सुसनेर।** नगर के रिटायर्ड शिक्षक बसंती लाल सोनी का 92 वर्ष की आयु में आज दुखद निधन हो गया। उनके निधन से नगर में शोक की लहर व्याप्त है। वे लंबे समय तक शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं देते रहे और अपने सरल स्वभाव, अनुशासन तथा उच्च आदर्शों के लिए जाने जाते थे। उनकी अंतिम यात्रा में एक भावुक दृश्य देखने को मिला, जब उनकी बेटी गिरजा सोनी ने पिता की अर्थी को कंधा दिया और मुक्तिधाम पहुंचकर पूरे विधि-विधान से मुखाग्नि दी। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह की आंखें नम हो गईं। पोते नरेश सोनी ने भी अंतिम संस्कार की रस्मों में सहभागिता निभाई। मुक्तिधाम पर आयोजित शोक सभा में पत्रकार संघ अध्यक्ष मांगीलाल सोनी एवं सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने स्व. बसंती लाल सोनी के सादगीपूर्ण जीवन, शिक्षा के प्रति समर्पण और समाज सेवा के कार्यों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। परिवारजनों ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। नगरवासियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## होली पर्व से पहले एसडीएम व एसडीओपी की मौजूदगी में निकला फ्लैग मार्च

**सुसनेर।** आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना द्वारा रविवार को देर शाम को उपलब्ध पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। यह मार्च महाराणा प्रताप चौराहे से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य एवं संवेदनशील मार्गों का भ्रमण किया। फ्लैग मार्च में एसडीएम सर्वेश यादव एवं एसडीओपी देवनारायण यादव, थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैंस सहित पुलिस अधिकारी व जवान बड़ी संख्या में शामिल रहे। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में यह मार्च आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने तथा असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के उद्देश्य से निकाला गया। मार्च के दौरान पुलिस बल बाजार क्षेत्र, प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों से होकर गुजरा।

## माहेश्वरी महिला मंडल भौरासा के चुनाव व शपथ ग्रहण समारोह संपन्न





**भौंरासा।** माहेश्वरी धर्मशाला में माहेश्वरी समाज महिला मंडल की एक मीटिंग आयोजित की गई जिसमें माहेश्वरी महिला मंडल भौंरासा के चुनाव संपन्न हुए जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष के पद पर श्रीमती प्रेमलता लाहोटी, एव सचिव के पद पर श्रीमती विजया बजाज, उपाध्यक्ष के पद पर श्रीमती अर्पिता चिचाणी, कोषाध्यक्ष श्रीमती बृजबाला हेड़ा, सहसचिव श्रीमती संगीता लाहोटी, प्रचार प्रसार मंत्री श्रीमती सारिका सारडा, चुनी गई, सभी पदाधिकारियों को देवास जिला महिला मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती संध्या जाजू द्वारा शपथ दिलाई गई और उनके द्वारा सभी पदाधिकारी का स्वागत किया गया इस अवसर पर समस्त माहेश्वरी समाज की सभी महिलाए उपस्थित थी इनके द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी का स्वागत कर बधाई दी गई।

## होली पर्व पर रामोला मंदिर में फाग उत्सव मनाया

**खाचरोद।** अति प्राचीन श्री रामोला मंदिर खाचरोद पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामोला के महंत चेतनदास जी बैरागी ने बताया कि स्थानीय कलाकारों द्वारा सुमधुर भजनों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया, रंग गुलाल एवं फूलो से होली खेली गई एवं भगवान को ठंडाई का भोग लगाया गया इस अवसर पर खाचरोद नगरपालिका के यशस्वी अध्यक्ष श्री गोविंद जी भरावा एव नगर के प्रबुद्ध नर नारी उपस्थित थे अध्यक्ष गोविंद भरावा द्वारा सभी को होली की शुभकामनाएं प्रेषित की गई,फाग उत्सव पश्चात सभी भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की |इस अवसर पर रामोला उत्सव समिति केप्रहलाद असावा मनीष गुप्ता,सोनू सतीश सोनी, कमलेश, छाजेड़, अंतिम छाजेड़, विमल मेहता, सुधीर छाजेड़, संजय मालपानी, अरविंद चावड़ा, विजय गगरानी, राकेश शर्मा, जीवन लोहार, बालकिशन मेहता सुनील भरावा, राजेश पांचाल, पुनीत राठी,आदिश चत्तर, अंकित अक्षत पोरवाल, प्रहलाद राठौर आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे

देवास में इलेक्ट्रॉनिक पिचकारियों से सजे बाजार

# 10 से 2000 तक की पिचकारियां, 200 स्थानों पर होगा होलिका दहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में रंगों के त्योहार होली को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। बच्चों में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। शहर के एमजी रोड पर गुलाल, रंग और पिचकारी की दुकानें सज गई हैं, जहां बच्चे और बड़े खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। इस वर्ष बाजार में इलेक्ट्रॉनिक पिचकारियों का क्रेज अधिक है, जो 50 से 60 फीट तक पानी की बौछार कर सकती हैं। शहर में रंगपंचमी तक होली का उत्साह बना रहेगा।

### 10 रुपए से 2000 तक पिचकारियां बाजार में आई

कलर दुकान संचालक परिक्षित जैन ने बताया कि इस बार बच्चों के लिए टैंक वाली, इंडियन, भीम और मोटू-पतलू जैसी विभिन्न प्रकार की पिचकारियां उपलब्ध हैं, जिन्हें बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं। गुलाल उड़ाने वाली पिचकारियों की भी काफी मांग है। बाजार में 10 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक की पिचकारियों की वैरायटी मौजूद है।



### 200 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन

पंडित राजेंद्र दुबे के अनुसार, चंद्रग्रहण के कारण होली का पर्व 3 मार्च की जगह 4 मार्च को मनाया जाएगा। 3 मार्च की सुबह से सूतक काल शुरू हो जाएगा। होलिका दहन आज शाम से होलिका सजाने के साथ प्रारंभ होगा और भद्रा तिथि के चलते देर रात से सुबह तक होलिका दहन किया जाएगा। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में करीब 200 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। होलिका के आसपास आकर्षक रंगोलियां भी बनाई जाएंगी।

## बगड़ावत धाम में गूंजे फाग के रंग, महिला मंडल ने मनाया भव्य उत्सव

**सुसनेर।** नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बगड़ावत धाम में रविवार को महिला मंडल द्वारा रंगारंग फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम देर रात्रि तक भक्ति और उत्साह के वातावरण में चलता रहा। मंदिर परिसर में महिलाओं ने ढोलक और मंजीरों की थाप पर पारंपरिक फाग और भजनों का सामूहिक गायन किया।

फाग उत्सव के दौरान महिलाओं ने भगवान के भजनों के साथ नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। पूरे परिसर में रंग, उमंग और श्रद्धा का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। महिला मंडल की सदस्याओं ने बताया कि फाग उत्सव का उद्देश्य होली के पावन पर्व पर आपसी प्रेम, भाईचारा और धार्मिक भावनाओं को प्रोत्साहित करना है। भजनों के माध्यम से सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का संदेश भी दिया गया। देर रात तक चले इस आयोजन में उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में विशेष सजावट की गई थी, जिससे कार्यक्रम और भी आकर्षक बन गया। कार्यक्रम को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया और इसे नगर के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में से एक बताया जा रहा है।

## कायथा थाना के ग्राम बैलरी में चोरों का आतंक

**कायथा** । ग्राम बेलरी मे चोरी की घटना से लोगों मे भय का माहौल बन गया है,जानकारी के अनुसार मुकेश पिता करण सिंह मालवीय उम्र 40 साल निवासी ग्राम बेलरी का होकर टेलर का काम करते हैं 28 फरवरी को सुबह 10 बजे के लगभग घर ताला लगाकर अपनी दुकान पर चले गए काम करने के बाद रात्रि 3 बजे घर पहुचने पर ताला नहीं लगा देख कर मन में शंका पैदा हुई घर के अंदर जा कर देखा कि सामान बिखरा पड़ा था पलंग पैटी का ताला टुटा पढा हुआ था जिसमे 25000 रुपये रखे थे दिवार पर लगी एलसीडी रिसीवर रिमोट व एक टेप भी गायब थी पास ही भैया का मकान है वहा भैया को आवाज देकर जगाया ओर घर में घटित घटना के बारे में बताया कि घर में से कोई ताला तोड़ कर 25000 हजार रुपये एक एलसीडी रिसीवर रिमोट आदि सामान चोर चुरा कर ले गए जिसकी कायथा थाने पर रिपोर्ट दर्ज की गई वही ग्राम बेलरी मे दुसरी घटना रामचन्द्र पिता मकुंद सिंह धाकड़ उम्र 61 वर्ष निवासी ग्राम बेलरी ने दिनांक 10 जनवरी को कायथा थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमे दिनदहाड़े घर से 35000 हजार रुपये नगदी चांदी की पायजेब, नाक मे पहनने के दो काटे, चांदी का कमर में पहनने का कंदोरा,एक मंगलसूत्र पेंडल वाला, दो चांदी के सिक्के अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गए जिसकी कायथा थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

# 42 स्थानों पर होगा होली का दहनः हुडदंग मचाने, नशे में वाहन चलाने वालो पर पुलिस करेगी कार्रवाई

### चौक चौराहे पर तैनात रहेगा बल, ड्रोन से भी होगी निगरानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

होली पर्व के चलते सारंगपुर पुलिस एसडीओपी ने शहर समेत अंचल में सुरक्षा के बंदोबस्त कर लिए हैं। धुलेंडी पर हर चौक-चौराहे पर पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की टीमें लगातार निगरानी करेंगी। इस दौरान यदि कोई हुडदंग मचाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नेश की हालत में वाहन चलाते पकडे जाने पर वाहन मालिक के खिलाफ जुमार्ने की कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों को लेकर पचोर, लीमाचौहान, पडाना पुलिस अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गश्त कर रही है। सडक पर गश्त कर संदिग्ध की चेकिंग की जा रही है। पुलिस एसडीओपी अरविंद सिंह के अनुसार, शहर में 42 स्थानों पर होली का दहन किया जाएगा। वही दूसरी तरफ होली को लेकर सारंगपुर थाना क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों और भीडभाड वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पैदल पेट्रोलिंग, वाहन चेकिंग और रात्रि गश्त को संचालित किया जा रहा है। ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर तत्काल रोक लगाई जा सके। इसके साथ ही धुलेंडी पर्व पर सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से शहर की हर गतिविधि की निगरानी की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ई-चालान की कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही दो दिन पहले थाना परिसर में एसडीएम रोहित बम्हौरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक आयोजित कर शांतिपूर्ण तरीके से त्याहोर मनाने की अपील की गई है।

### संदिग्ध और बदमाशों की चेकिंग

कटरबाज, गुंडा तत्व, निगरानी बदमाश और आदतन अपराधियों की विशेष जांच की जा रही है। जिला बदर, प्रतिबंधित बदमाशों की गतिविधियों पर पुलिस टीमें नजर रख रही हैं। होटल, लॉज, ढाबों और सार्वजनिक स्थलों पर चेकिंग की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त और विशेष निगरानी है।

### डीजे पर डंडा, अश्लील गानों पर पूरी रोक

होली पर डीजे संचालकों को साफ चेतावनी है कि भक्ति, होली या सामान्य फिल्मी गीत ही बजेंगे। अश्लीलता या माहौल बिगाडने की कोशिश हुई तो कार्रवाई तय है। थाना स्तर पर डीजे संचालकों के साथ बैठक कर नियम समझाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जा रही है ताकि अफवाह या भडकाऊ पोस्ट पर तुरंत लगाम लगाई जा सके। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए है की त्योहार से पहले हर संदिग्ध और उपद्रवी पर नजर रखी जाए।




## श्रीचित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रमो की जिला संयोजक बनी ज्योति खरे

**राजगढ़-ब्यावरा।** कायस्थ समाज को माँसाहार खान-पान के साथ साथ दहेज मुक्त बनाने को लेकर पिछले पांच साल से महा अभियान चलाया जा रहा। अभियान का तेजी से विस्तार हो इसके लिए कायस्थ बंधु समिति मध्य प्रदेश के जिलो मे महिला संयोजक नियुक्त करने की योजना बना रही है। इसी उद्देश्य को लेकर रविवार को होशंगाबाद रोड समरधा ड्रीम सिटी कालोनी से वरिष्ठ समाज सेविका श्रीमती ज्योति-आशीष खरे को एक साल के लिए भोपाल का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। अभियान के प्रमुख गिरीश श्रीवास्तव ने आपको सह सम्मान नियुक्त पत्र प्रदान किया। ज्योति खरे विगत लम्बे समय से कायस्थ बंधु समिति द्वारा आयोजित माँसाहार दहेज मुक्त अभियान के साथ साथ समस्त गतिविधियों में विशेष रूप से योगदान दे रही। समिति के गिरीश श्रीवास्तव ने बताया कि श्री चित्रगुप्त घर घर सम्मान कार्यक्रमों को निरंतर चलाने मे पिछले कुछ सालो से कायस्थ सम्मानित महिलाए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अभी तक भोपाल सहित अन्य जिलो से हजारों की संख्या मे मातृ शक्ति कायस्थ समाज के माँसाहार दहेज मुक्त अभियान में शामिल हो चुकी है। कायस्थ समाज मे माँसाहार मुक्त बिन दहेज मांग बेटा बेटियो के विवाह हो इसी उद्देश्य को लेकर चित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रमों को महिला संयोजकों के सहयोग से लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## 15 मोटर सायकल जप्त कर 2 आरोपियो को किया गिरफ्तार, 1 फरार



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा सिटी थाना पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अंतर जिला मोटर सायकल चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया। आरोपी भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, धर्मशाला, मेडिकल स्टोर, होटल एवं किराये के मकानों के बाहर खड़ी मोटर सायकिलों को चिन्हित करते थे, मास्टर की व लॉक तोड़ने के उपकरणों की सहायता से कम समय में वाहन चोरी कर लेते थे, चोरी की गई मोटर सायकिलों की नंबर प्लेट बदलकर अन्य जिलों में बिक्री करते थे, कुछ वाहन गोदाम एवं खेत स्थित मकान में छिपाकर रखे जाते थे, घटनास्थलों एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का परीक्षण किया, संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों का तकनीकी विश्लेषण किया, मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड आदि का परीक्षण किया, सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी सन्नी उर्फ सुनील राजपूत 30 वर्ष निवासी जयसिंहपुरा चाचौड़ा जिला गुना और फैजान पिता सलीम खान 20 वर्ष निवासी कुभंराज जिला गुना को गिरफ्तार किया वही मुकेश पिता रामचरण मीना निवासी दीतलबाड़ा राघौगढ़ जिला गुना फरार हो गया, आरोपियों के कब्जे से 15 मोटर सायकिलें जिनकी कीमत 7 लाख 95 हजार रुपए है बरामद की, फरियादी अरविन्द पिता दयाराम अहिरवार बरखेड़ा की मोटर साइकिल यादव धर्मशाला ब्यावरा से चोरी हुई, निर्मल पिता मथुरालाल सेन बख्तपुरा की मोटर सायकल बालाजी मेडिकल के सामने रेलवे तिराहा ब्यावरा से चोरी हुई, देवेन्द्र पिता विनय सिंह सोलंकी कीलखेड़ा की मोटर सायकल ज्योति होटल के पास एबी रोड ब्यावरा से चोरी हुई, कृष्णमुरारी पिता रामहेत मीना की मोटर सायकल किराये का मकान सुठालिया रोड ब्यावरा से चोरी हुई, जो आरोपी के कब्जे से बरामद की अन्य जप्त वाहनों के संबंध में पृथक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम नलेश्री प.ह.नं. 00145 तहसील तराना जिला उज्जैन में स्थित भुमि विक्रेता जाकिर पटेल पिता गट्टा पटेल निवासी ग्राम कदवा टोड़ी इन्दौर कृषक ग्राम नलेश्री तह. तराना जिला उज्जैन । द्वारा कृषी भुमि सर्वे नम्बर 147/1 रकबा 0.45 हेक्टर, सर्वे नम्बर 146 रकबा 0.90 हेक्टर तथा सर्वे नम्बर 148/2 रकबा 0.09 हेक्टर कुल किता तीन कुल रकबा 1.44 हेक्टर भुमि जिसकी चतुसीर्मा इस प्रकार है। पूर्व मे :- मांगुभाई आदि की भूमि, पश्चिम में:- राजाराम मालवीय की भूमि, उत्तर में :- फारुख पिता अलाबख्श की भूमि, दक्षिण में :- फारुख पिता अलाबख्श की भूमि, उक्त चतुसीर्मा में वर्णीत भुमि केता अरमान पटेल पिता जाबिर पटेल निवासी नरवर जिला उज्जैन द्वारा खरीदी गई है। जिसका आंशिक बयाना भी अदा कर दिया गया है । जिस किसी को भी उक्त वर्णित बिक्रित सम्पत्ति सम्बन्धीत लेख या दस्तावेज हो, शासकिय अर्धदशासकिय लेन देन हो, या किसी प्रकार का उक्त सम्पत्ति पर कर्ज या टेक्स बकाया हो या उक्त भूमि संबंधित कोई आपत्ति हो, तो मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित हो कर आज दिनांक से एक सप्ताह के अन्दर आपत्ति दर्ज करा सकता है। एक सप्ताह पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही कि जावेगी। दिनांक :- 02.03.2026

**मिर्जा असद बैग एडव्होकेट**
**कोर्ट परीसर तराना जिला उज्जैन**
**मोबा. 7415348079**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित कया जाता है कि, मेरे पक्षकार संजय यादव पिता मन्नालालजी यादव जाति अहिर निवासी ग्राम बरदरी भवरासला जिला इंदौर म०प्र० ग्राम खेडामाधव तहसील बडनगर जिला उज्जैन म०प्र० में स्थित भूमि नया सर्वे नंबर 243/2/1 रकबा 0.60हे, सर्वे नंबर 248/2/2 रकबा 0.10हे, भुमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.70हे, भुमि स्वामी स्व. देवाराम पिता रणछोड निवासी ग्राम खेडामाधव तहसील बडनगर के विधिक वारिसान राधेश्याम, कमलेश पाटीदार पिता देवाराम जाति कुलम्बी आदि निवासी ग्राम झलारिया तहसील बडनगर से क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार द्वारा कर लिया है तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में सौदा चिट्ठी भी संपादित हो चुकी है तथा मेरे पक्षकारा द्वारा बयाना राशि भी अदा कर दी गयी है तथा नियत दिनांक 28/03/2026 पर उक्त भुमि का विक्रय पत्र संपादित होना शेष है। यदि उपरौक्त विक्रय कृषि भुमि के संबंध में किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तिय संस्था, या अन्य का ऋण, भार या किसी शासकीय, अर्ध शासकीय विभाग का किसी प्रकार का कर, पेनल्टी या देनदारी बकाया हो या उक्त विक्रयशुदा भुमि पर किसी का हित, स्वत्व संबंधी कोई विवाद या विक्रय सम्बंधी कोई आपत्ती हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधिन हो तो वह इस जारी सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मुझे सप्रमाण लिखीत में आपत्ति पेश करे ताकी उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा भुमि के स्वामी को शेष विक्रय मुल्य अदा कर उक्त वर्णित भुमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में संपादित करवा लिया जावेगा जिसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सुचित हो इति दिनांक 02/03/2026

**विजय बहादुरसिंह राठौर एडव्होकेट**
**कार्यालय पता- कोर्ट परिसर, बडनगर**
**मोबाइल न. 9893739314**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित कया जाता है कि, मेरे पक्षकार संजय यादव पिता मन्नालालजी यादव जाति अहिर निवासी ग्राम बरदरी भवरासला जिला इंदौर म०प्र० ग्राम खेडामाधव तहसील बडनगर जिला उज्जैन म०प्र० में स्थित भुमि नया सर्वे नंबर 243/1 रकबा 1.80हे. में से देढ बिघा भुमि याने रकबा 0.30हे. भुमि पुर्व दिशा की भुमि जिसकी चतुर्सीमा पुर्व दिशा में देवारामजी पश्चिम दिशा में इसी भुमि का शेष भाग, उत्तर दिशा में रास्ता तथा दक्षिण दिशा में रहिम व नाहर खां की भुमि स्थित है उक्त भुमि स्वामी रहीम खां पिता आमिर खां जाति मुसलमान निवासी ग्राम खेडामाधव तहसील बडनगर से क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार द्वारा कर लिया है तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में सौदा चि?ट्ठी भी संपादित हो चुकी है तथा मेरे पक्षकारा द्वारा बयाना राशि भी अदा कर दी गयी है तथा नियत दिनांक 28/03/2026 पर उक्त भुमि का विक्रय पत्र संपादित होना शेष है। यदि उपरौक्त विक्रय कृषि भुमि के संबंध में किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तिय संस्था, या अन्य का ऋण, भार या किसी शासकीय, अर्ध शासकीय विभाग का किसी प्रकार का कर, पेनल्टी या देनदारी बकाया हो या उक्त विक्रयशुदा भुमि पर किसी का हित, स्वत्व संबंधी कोई विवाद या विकय सम्बंधी कोई आपत्ती हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधिन हो तो वह इस जारी सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मुझे सप्रमाण लिखीत में आपत्ति पेश करे ताकी उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा भुमि के स्वामी को शेष विक्रय मुल्य अदा कर उक्त वर्णित भुमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में संपादित करवा लिया जावेगा जिसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सुचित हो इति दिनांक 02/03/2026

**विजय बहादुरसिंह राठौर एडव्होकेट**
**कार्यालय पता कोर्ट परिसर, बडनगर**
**मोबाइल न. 9893739314**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड पता-थर्ड फ्लोर जोन-4 विश्व विद्यालय मार्ग देवास उज्जैन मार्ग माधव नगर क्रोमा इलेक्ट्रोनिक शोरूम के उपर उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड म्यु. क्रमांक 38/1 का पश्चिम दिशा वाला भाग स्थित वार्ड न. 33 जयसिंह पुरा मार्गह्ल्ह्ल तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 69.67 वर्गमीटर है जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में - गली 06 फीट एवं शेष भाग विक्रेता का, पश्चिम मे - रामेश्वर दुबे का भवन, उत्तर में- लीलाबाई का भवन एवं दक्षिण में- सतीश श्रीवास्तव का भवन स्थित हैं। उक्त संपत्ति सचिन चैधरी पिता तेजबहादुर चैधरी ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022025A1167724 दिनांक 11/03/2025 को महेश चैधरी पिता कन्हैयालाल चैधरी को विक्रय की। एवं महेश चैधरी ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

## न्यूज कॉलम

### प्लेन कंपनी मालिक मेन पायलट सीट पर सोते दिखे : जय पंवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे जय पवार ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर वीएसआर वेंचर्स की उड़ानों को तुरंत रोकने की मांग की। 28 जनवरी 2026 को इसी कंपनी के प्लेन क्रैश में जय के पिता अजित पवार का निधन हुआ था। जय पवार ने वीडियो शेयर कर लिखा- मैंने अपने पिता को खो दिया है... यह पीड़ा जिंदगी भर मेरे साथ रहेगी। उन्होंने लिखा कि इस वीडियो में वीएसआर के मालिक रोहित सिंह मुख्य पायलट की सीट पर उड़ान के दौरान सोते हुए दिखाई दे रहे हैं। आसमान में ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। यह बेहद गंभीर और चौंकाने वाला मामला है। जय ने लिखा कि मैं डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन से मांग करता हूं कि इस मामले में तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। पूरी जांच होने तक श्रफकी सभी उड़ानों को तत्काल ग्राउंड किया जाए और रोहित सिंह को तुरंत गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। यह एक बेटे की पुकार है... मेरे पिता के लिए और हर यात्री की सुरक्षा के लिए। 28 जनवरी 2026 को महाराष्ट्र के बारामती में हुए लीअर्जेट 45 क्रैश में अजित पवार की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद किए गए स्पेशल सेफ्टी ऑडिट के दौरान नियमों के उल्लंघन सामने आया था।

### ईरान फीफा वर्ल्ड कप का बॉयकॉट कर सकता है, 11 जून से टूर्नामेंट



**तेल अवीव।** फुटबॉल की दुनिया के सबसे बड़े टूर्नामेंट 'फीफा वर्ल्ड कप 2026' पर युद्ध का साया मंडराने लगा है। इजरायल और अमेरिका के हमलों के कारण ईरान टूर्नामेंट का बॉयकॉट कर सकता है। ईरान फुटबॉल फेडरेशन के प्रेसिडेंट मेहदी ताज ने कहा है कि मौजूदा हालातों में नेशनल टीम का अमेरिका जाकर फुटबॉल खेलना बेहद मुश्किल है। वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई के बीच अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। ईरान को अपने तीनों मैच अमेरिका में ही खेलने हैं। उम्मीद के साथ वर्ल्ड कप नहीं देख सकते- मेहदी ईरानी स्पोर्ट्स वेबसाइट 'वर्जिश-3' से बातचीत में मेहदी ताज ने कहा, "इस हमले के बाद हमसे यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि हम आशा और उत्साह के साथ वर्ल्ड कप की ओर देखें। अमेरिका और इजरायल के हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए। इससे पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव का माहौल बन गया।

### अमेरिका, इजराइल ने अब हद पार की : जावेद अख्तर

**मुंबई।** अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई पर गीतकार और लेखक जावेद अख्तर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा, मुझे लगता है कि इस बार ट्रम्प और इजराइल ने हद से ज्यादा कदम उठा लिया है। अगर उन्हें इस तरह की हिम्मत दिखाने और इराक की तरह ईरान के साथ भी ऐसा करने की छूट मिल जाती है, तो चीन की दुनिया में पूरी साख खत्म हो जाएगी। उन्होंने आगे लिखा, नेतन्याहू और ट्रम्प ने, बाकी दबंग नेताओं की तरह, हालात को इतना आगे बढ़ा दिया है कि दूसरों के पास मजबूरी में कड़ा और साफ फैसला लेने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। जावेद अख्तर के अलावा एक्ट्रेस एलनाज नौरोजी ने भी वर-ईरान तनाव को लेकर प्रतिक्रिया दी। खामेनेई की मौत की खबर पर वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस एलनाज नौरोजी ने खुशी जताई। एलनाज नौरोजी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर कर लिखा, 47 साल से जिस खबर का इंतजार कर रहे थे, वो आ गई। खामेनेई मर गया है। भगवान सबसे बड़ा है। एलनाज ने एक अन्य स्टोरी में अली खामेनेई की मौत से जुड़ी खबर शेयर करते हुए थैंक्यू लिखा और खुशी वाले इमोजी भी पोस्ट किए।

### एआई जेनरेटेड सबूतों पर फैसला लेना बिल्कुल गलत : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली/विजयवाड़ा।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार आंध्र प्रदेश हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाए गए सबूतों पर फैसला लिखना गलत काम है। कोर्ट ने कहा कि ये कोई गलती से होने वाला काम नहीं है। जस्टिस पी एस नरसिम्हा और आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि इसके नतीजों और जवाबदेही की जांच करना चाहते हैं क्योंकि इसका सीधा असर फैसले की प्रक्रिया की ईमानदारी पर पड़ता है। कोर्ट ने इस मामले में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया है। दरअसल, पिछले साल अगस्त में आंध्र प्रदेश की एक ट्रायल कोर्ट ने विवादित प्रॉपर्टी के केस में अकसे बनी तस्वीर के आधार पर फैसला दिया था। फैसले के खिलाफ आंध्र प्रदेश हाइकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसी साल जनवरी में हाइकोर्ट ने भी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई। अगर किसी फैसले का आधार गैर-मौजूद या नकली सबूत हों, तो यह सिर्फ गलती नहीं बल्कि गंभीर गलत आचरण (मिसकंडक्ट) है। ऐसे मामले में कानूनी कार्रवाई हो सकती है। अटॉर्नी जनरल, सॉलिसिटर जनरल और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया जाता है। ट्रायल कोर्ट ने केस के दौरान विवादित प्रॉपर्टी की स्थिति देखने के लिए एक एडवोकेट-कमिश्नर नियुक्त किया था।

### एमपी के सोहागपुर में बाथरूम में मिली युवक-युवती की लाश



**नर्मदापुरम।** एमपी के नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर के भटगांव में 2 मार्च सोमवार की सुबह गोली लगने से युवक-युवती की मौत हो गई। ये हत्या है या युवक ने युवती को मारा और फिर खुद गोली मार ली, यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान, थाना प्रभारी उषा मरावी, शोभापुर पुलिस चौकी प्रभारी सुरेश चौहान ने मौका-मुआयना किया है। युवती की पहचान रिंकी पुरवड्या (21) पिता सुरेश पुरवड्या निवासी भटगांव, सोहागपुर के रूप में हुई है। युवक का नाम अरुण पुरवइया (28) है, जो रायसेन के गोरा मचवाई गांव का रहने वाला था। सोहागपुर पुलिस के मुताबिक, शव रिंकी के घर की छत पर बने बाथरूम में मिले हैं। इन्हें सबसे पहले रिंकी के पिता सुरेश पुरवड्या ने देखा। उन्होंने पुलिस को बताया कि रात करीब साढ़े 12 बजे रिंकी को छत पर देखा था।

---

#### होलिका दहन एवं धुरेंडी पर्व हेतु पुलिस बल की विशेष ब्रीफिंग सम्पन्न

# 550 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी तैनात, व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू

### ड्रोन व सीसीटीवी निगरानी, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में सोमवार दिनांक 02 मार्च 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में होलिका दहन एवं धुरेंडी पर्व के दृष्टिगत ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की विस्तृत ब्रीफिंग आयोजित की गई। पर्व के दौरान शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की गई है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा पुलिस बल को संबोधित करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी ड्यूटी पूर्ण सतर्कता, संवेदनशीलता एवं अनुशासन के साथ करें। होलिका दहन स्थलों, प्रमुख चैराहों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की हुड़दंग, अवैध गतिविधि, शराब पीकर वाहन चलाने या सार्वजनिक शांति भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। विशेष ड्यूटी 4 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। साथ ही रमजान माह भी चल रहा है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि धार्मिक भावनाओं का सम्मान सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी समुदाय द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी, भड़काऊ नारे या सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट/टिप्पणी पर तत्काल संज्ञान लिया जाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष मॉनिटरिंग रखने एवं अफवाहों का त्वरित खंडन करने के निर्देश भी दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु आगर मालवा पुलिस द्वारा ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाएगी। कंट्रोल रूम से लाइव मॉनिटरिंग कर संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार बोयट द्वारा संक्षिप्त संबोधन में पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि वे आपसी समन्वय बनाए रखें, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली सक्रिय रखें तथा किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने त्योहार के दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर विश्वास का वातावरण बनाए रखने पर भी बल दिया। इस संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था में लगभग 550 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात किए गए हैं। ब्रीफिंग कार्यक्रम में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आगर मोतीलाल कुशवाहा, थाना प्रभारी कोतवाली शशि उपाध्याय, थाना प्रभारी यातायात, थाना प्रभारी आजाद यशवंतराव गायकवाड, थाना प्रभारी महिला थाना केसर सिंह राजपूत, सूबेदार जगदीश यादव, सूबेदार जितेंद्र शुक्ला सहित 550 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आज निकलेगी हुरियारों की टोली मुहूर्त अनुसार हुआ होलिका दहन

### सुरक्षा व्यवस्था के चलते तैनात रहेगा बल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

नगर सहित अंचलों में सोमवार को होलिका दहन के लिए जगह-जगह आकर्षक रूप से सजाई गई। दहन के पूर्व महिलाओं ने विधिविधान से होलिका की पूजा-अर्चना करते हुए सुख व समृद्धि के लिए भगवान से कामना की। नगर स्थित सिटी क्षेत्र में 45 तथा मंडी क्षेत्र में 42 स्थानों पर होली दहन कार्यक्रम आयोजित हुआ। उक्त स्थलों को विद्युत सहित अन्य वस्तुओं से आकर्षित रूप से सजाया गया। लगभग सभी कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्दे नजर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। होली दहन स्थानों पर शाम से ही भीड जुटने लगी थी। यहां पर महिलाओं ने परम्परागत रूप से पूजा-अर्चना कर सामग्री भेंट की। इस पर्व को प्रशासन काफी सजग है, मंडी व सिटी क्षैत्र मे पुलिस बल तैनात रहा।

- **आज निकलेगी गेर-** नगर सहित अंचलों में धुलेंडी का पर्व मंगलवार को उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस पर्व के चलते गेर का आयोजन भी होगा। जिसमें हुरियारे शामिल होकर होली के रंगों में सराबोर होगे। उल्लेखनीय है कि धुलेंडी पर टोलियों में नागरिक उन घरों तक भी पहुंचते है जहां पर गमी हुई है। होली का रंग डाल कर ऐसे परिवारों को सांत्वना दी जाती है। सिटी क्षेत्र में बजरंग अखाडा, स्नेही मित्र मंडल व्यायामशाला तथा मंडी व फ्रीगंज में गैर का आयोजन किया जाएगा।
- **जामनेर में हुआ आयोजन-** रंगों का पर्व होली होली दहन होने के बाद ही रंग गुलाल बरसना प्रारंभ हो जाता है। जामनेर में होलिका दहन स्थानों की साज सज्जा फूलों व वंदनकारी आदि से हिन्दू परम्पराओं के मुताबिक गोबर से भटगुलिया से बनाई गई। भटगुलियों की माला बनाकर होली की विधिवत पूजा अर्चना की गई। उल्लेखनीय है कि होली दहन होने के बाद नगर व ग्राम के लोग होली की परिक्रमा करते है। परिक्रमा करते समय होली माता की जयकार करते हुए जौ अथवा गेहुं की बालिवा होली की अग्नि में दाना डालते है।

## स्वयंसेवकों ने लिया राष्ट्रसेवा का संकल्प

### राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर वराह मिहिर डोम प्रांगण में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। 23 फ रवरी से ग्राम कमलिया में संचालित इस शिविर से लौटे स्वयंसेवक दल का महाविद्यालय परिसर में स्वागत किया गया तथा समापन समारोह आयोजित हुआ। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्राम विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रम संचालित किए। प्रतिदिन प्रभात फेरी निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता, नशामुक्ति, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। योगाभ्यास एवं व्यायाम के माध्यम से स्वयंसेवकों में अनुशासन और स्वास्थ्य के प्रति सजगता विकसित की गई। बौद्धिक सत्रों में सामाजिक कर्तव्य, संविधानिक मूल्य एवं युवा शक्ति की भूमिका पर विचार-विमर्श हुआ। स्वयंसेवकों ने सार्वजनिक स्थलों की साफ.सफ ाई कर स्वच्छता अभियान चलाया तथा दीवार लेखन व रैली के माध्यम से जनजागरूकता फैलाई। ग्राम सर्वेक्षण कर ग्रामीण समस्याओं का अध्ययन भी किया गया। शिविर का संचालन शिविर नायिका हर्षिता नागजी एवं शिविर नायक मनोहर सिंह के नेतृत्व में हुआ। समापन समारोह में देशभक्ति गीत, नाटक एवं समूह नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। उत्कृष्ट कार्य के लिए निवेद, निसर्ग, शीतल एवं शिवानी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र कुम्भकार के मार्गदर्शन में शिविर सफ ल रहा। व्यवस्थाओं में प्रीतम परमार का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आर के शर्मा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष आलोक खन्ना एवं आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. बी के त्यागी उपस्थित रहे।

## बड़ौद में होलिका दहन स्थलों का संयुक्त निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से तहसील बड़ौद क्षेत्र में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से होलिका दहन स्थलों का सघन एवं औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मिलिंद ढोके तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मोतीलाल कुशवाह ने विभिन्न स्थलों का जायजा लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसरपर तहसीलदार बड़ौद भंवरसिंह चैहान, थाना प्रभारी बड़ौद रूपसिंह बैस तथा कस्बा पटवारी बड़ौद परमानंद त्यागी सहित तहसील एवं पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने होलिका दहन स्थलों के ऊपर से गुजरने वाली विद्युत लाइनों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए तथा विद्युत विभाग को आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि दहन स्थलों के कारण आमजन के आवागमन एवं यातायात में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को होली पर्व के दौरान मुस्तैद रहने, शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

## पांच माह तक चला 21 सुंदरकांड पाठ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

ग्राम जामनेर में विजयादशमी पर लिया गया 21 सुंदरकांड पाठ का संकल्प 28 फ रवरी की रात्रि को भव्य आयोजन के साथ पूर्ण हुआ। पांच माह तक प्रति शनिवार एवं मंगलवार विभिन्न मंदिरों में निरंतर सुंदरकांड पाठ आयोजित किया गया, जो क्षेत्र के इतिहास में पहली बार हुआ। संकल्पकर्ता एडवोकेट अमित मालवीय के नेतृत्व में चले इस धार्मिक अभियान का समापन मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। जय सीताराम सुंदरकांड मंडली द्वारा सस्वर पाठ तथा भजन संध्या में कवि हुकमसिंह गुर्जर सहित अन्य गायकों ने प्रस्तुति दी। महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। वक्ताओं ने इसे धार्मिक जागरण और सामाजिक एकता का प्रेरक आयोजन बताया।


### पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

डब्ल्यू/623/5/3/एनआईटी — **ई-टेंडरिंग नोटिस** — दिनांक 27.02.2026

डिविजनल रेलवे मैनेजर (WA) RATLAM, भारत के राष्ट्रपति की ओर से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ई-टेंडर के जरिए *ओपन टेंडर* मंगाते हैं, डिटेल्स नीचे दी गई हैं: -

| सीरियल नं. | ई-टेंडर नंबर और काम का नाम | अनुमानित मूल्य | ईएमडी में | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आरटीएम-2025-26-146आर | 1,61,55,345.73 | 2,30,800/- | 18 महीने |
| | गोधरा-रतलाम खंडः- एलसी 80 किमीः 650/22-24 के बदले आरयूबी पर जल निकासी प्रणाली में सुधार। इसी तरह का कामः कोई भी सिविल इंजीनियरिंग का काम। | | | |

लगभग मात्राः टेंडर शेड्यूल के अनुसार। वेबसाइट पर अपलोड करने की तारीखः 27.02.2026। टेंडर खोलने की तारीखः 23.03.2026। डिटेल्ड टेंडर नोटिस, एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया और नियम और शर्तें वेबसाइट www.Ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। AK/5/1/488

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

### पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल - पश्चिम रेलवे ने नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को (www.ireps.gov.in) के (ई-ऑक्शन लीजिंग) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है।

| क्र. सं. | ऑक्शन केटलॉग सं. | अनुबंध का प्रकार | अनुबंध की अवधि | ई-नीलामी की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PnU-RTM-RR-26-4 | Pay and Use | 05 वर्ष। | 13.03.2026 | प्रातः 12:00 बजे |
| | लॉट नं.: PnU-RTM-RTM-WRL-50-26-1 (Pay and Use Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | | | | |
| 2 | ADVT-RTM-RDN-59 | Non-Fare Revenue | 05 वर्ष। | 16.03.2026 | प्रातः 12:00 बजे |
| | लॉट नं.: ADVT-RTM-RTM-OSN-79-26-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital). | | | | |

प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट हैं। IREPS के ई ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। AK/5/1/489

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly


### जाहिर सूचना

एतद सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती कमलाबाई होल्कर पति श्री मधुकर राव होल्कर निवासी-787, वार्ड क्रमांक 9, सावेर, तहसील सावेर जिला इंदौर के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-266/1/2 रकबा 0.40हे ग्राम उंटेसरा तहसील घटिट्या जिला उज्जैन में स्थित हैं। जिसे क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार द्वारा किया गया हैं एवं टोकन बयाना राशि अदा कर सौदा चिठठी का निष्पादन करवा लिया गया हैं तथा शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र एवं विकय पत्र का निष्पादन होना शेष हैं। यदि उक्त कृषि भूमि में किसी भी व्यक्ति का स्वत्व, हित या भार हो या किसी व्यक्ति को उक्त सौदे के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपति हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी का कब्जा हो या किसी न्यायालय में उक्त कृषि भूमि के संबंध में कोई प्रकरण विचाराधीन हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। 7 दिन की अवधि पूर्ण हो जाने के पश्चात अनुबंध पत्र के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो ।

इति दिनांक 02/03/2026

**विश्वजीतसिंह चौहान एडवोकेट**
**कार्यालय--सेकण्ड फ्लोर वीडियोमेन बिल्डिंग, गुरूद्वारे के पीछे. फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र. मो. 7869333334**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम नलेश्री प.ह.न. 00145 तहसील तराना जिला उज्जैन में स्थित भुमि विक्रेता जाकिर पटेल पिता गट्टा पटेल निवासी ग्राम कदवा टोड़ी इन्दौर कृषक ग्राम नलेश्री तह. तराना जिला उज्जैन । द्वारा कृषी भुमि सर्वे नम्बर 147/1 रकबा 0.45 हेक्टर, सर्वे नम्बर 146 रकबा 0.90 हेक्टर तथा सर्वे नम्बर 148/2 रकबा 0.09 हेक्टर कुल किता तीन कुल रकबा 1.44 हेक्टर भुमि जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है। पूर्व मे :- मांगुभाई आदि की भूमि, पश्चिम में :- राजाराम मालवीय की भूमि, उत्तर में :- फारुख पिता अलाबख्श की भूमि, दक्षिण में :- फारुख पिता अलाबख्श की भूमि, उक्त चतुसीर्मा में वर्णीत भुमि केता अरमान पटेल पिता जाबिर पटेल निवासी नरवर जिला उज्जैन द्वारा खरीदी गई है। जिसका आंशिक बयाना भी अदा कर दिया गया है । जिस किसी को भी उक्त वर्णित बिक्रित सम्पत्ति सम्बन्धीत लेख या दस्तावेज हो, शासकिय अर्द्धशासकिय लेन देन हो, या किसी प्रकार का उक्त सम्पत्ति पर कर्ज या टेक्स बकाया हो या उक्त भुमि संबंधित कोई आपत्ति हो, तो मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित हो कर आज दिनांक से एक सप्ताह के अन्दर आपत्ति दर्ज करा सकता है। एक सप्ताह पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही कि जावेगी।

दिनांक :- 02.03.2026

**कार्यालय एडवाकेट**
**मिर्जा असद बैग**
**कोर्ट परिसर तराना जिला उज्जैन, मोबा. 7415348079**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड तीन बत्ती चैराहा फ्रिंगज उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 87, 87/1, 87/2, 87/3 ब्लाक न. ई, प्रकोष्ठ क्रमांक 167 प्रथम तल स्थित विश्व विद्यालय मार्ग, दवा बाजार माधव क्लब रोड, उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 24.25 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे - दवा बाजार का गलियारा, पश्चिम मे - दवा बाजार का गलियारा, उत्तर मे- दवा बाजार का ब्लाक डी, दक्षिण मे- दवा बाजार का गलियारा स्थित है। उक्त सम्पत्ति महेश जैन एवं दिनेश जैन पुत्रगण श्यामलाल जैन ने बजर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 4930 दिनांक 31/03/2011 के माध्यम से क्रय की थी तथा महेश जैन का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात सारिका जैन पति महेश जैन एवं शिल्पा पुत्री महेश जैन ने उक्त संपत्ति में अपने हिस्से का हक त्याग दस्तावेज क्रमांक एमपी432022021ए1085810 दिनांक 27/01/2021 के माध्यम से लविश जैन पिता महेश जैन के हिता में किया है तथा वर्तमान स्वामी दिनेश जैन एवं लविश जैन द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया है तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 02/03/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3, तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर, चैराहा फ्रीगंज, उज्जैन मोबाइल न. 9301860352**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड तीन बत्ती चैराहा फ्रिंगज उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड/भवन क्रमांक सी-069 स्थित पाश्र्वनाथ सिटी, देवास रोड, उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 251.16 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में - भूखण्ड क्रमांक सी-068, पश्चिम में - भूखण्ड क्रमांक सी-070, उत्तर मे- भूखण्ड क्रमांक सी-062, दक्षिण मे- रास्ता स्थित है। उक्त सम्पत्ति महेश जैन एवं दिनेश जैन पुत्रगण श्यामलाल जैन ने बजर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी432022016ए1207443 दिनांक 31/03/2016 के माध्यम से क्रय की थी तथा महेश जैन का स्वर्गवास हो जाने के कारण महेश जैन के पुत्र लविश जैन ने उनके भाग पर कार्यालय नगर पालिक निगम उज्जैन में प्रकरण क्रमांक 2902/21/7पी.टी. दिनांक 23/03/2022 के माध्यम से अपना नाम दर्ज करवा लिया है तथा वर्तमान स्वामी दिनेश जैन एवं लविश जैन द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया है तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 02/03/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3, तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर, चैराहा फ्रीगंज, उज्जैन, मोबाइल न. 9301860352**


### पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

**शुद्धिपत्र**

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) रतलाम द्वारा जारी **निविदा सूचना संख्या कार्य / 623 / NIT / 1 दिनांक 29.01.2026 के अंतर्गत जारी निविदा संख्या -RTM - 2025-26-177 कार्य का नाम: 1.** Chittaurgarh - Provision of Ballast less track at PF Line no. 2 (DN ML), PF line no. 4 (Common Loop line) and PF no. 5 (UP Loop line) and **2.** Ujjain station - Provision of Ballastless track on PF no.1 (DN main), PF no. 3/4(loop), PF no.5 (Loop) & PF no.6 (loop) line " उपरोक्त टेंडर जो की दिनांक 27.02.2026 को खोली जानी थी, **अब दिनांक 16.03.2026 को खोली जायेगी।** AK/5/1/487

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly


### न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं जिला विवाह पंजीयन अधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

क्र./1466 / प्रवा.-2/विवाह पंजी / 2026, राजगढ़, दिनांक 20/02/2028

**-::विज्ञप्ति::-**

आवेदक श्री रामबाबू पिता गोरधन सिंह निवासी ग्राम गोवर धनिया तहसील कालापीपल जिला शाजापुर म.प्र. एवं आवेदिका पूजा नागेश पिता रामचरण नागेश निवासी ग्राम नाहली तहसील पचोर जिला राजगढ़ म.प्र. के द्वारा हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत् रजिस्टर में विवाह की प्रविष्टी के लिए विवाह पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विवाह पंजीयन का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का निवेदन किया है। आवेदन पत्र पर हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत् विवाह पंजीयन की कार्यवाही इस न्यायालय में प्रचलित है।

हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा-6 (3) के तहत् सूचना के प्रकाशन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो पेपर प्रकाशन के दिनांक से एक माह की अवधि के अन्दर या दिनांक 18/03/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थिति होकर या अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर से विज्ञप्ति जारी की गयी।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह पंजीयन अधिकारी जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**


### पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

**ई- निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **निविदा संख्या: EL/TRD/58/2025-26, दिनांक: 26.02.2026. कार्य का नाम:** Replacement of old contact wire with silver-brazed joints and contact wire containing the maximum number of splices, along with replacement of isolators having low current-carrying capacity over Ratlam Division. **अनुमानित लागत:** रु. 1,62,14,164.75. **बयाना राशि:** रु. 2,31,100/-. **समापन अवधि:** 18 Months. **निविदा दस्तावेज़ की राशि:** Nil. **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय:** 27.03.2026 at 15:00 hrs. **ऑफर की वैधता:** 60 days from the date of opening. **वेबसाइट: www.ireps.gov.in नोटिस बोर्ड:** वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने। AK/13/1/486

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

### पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक - रतलाम मंडल - पश्चिम रेलवे ने नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को (**www.ireps.gov.in**) के (ई-ऑक्शन लीजिंग) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं.: एमएसएस-आईएनडीबी-26-58. अनुबंध का प्रकार:** Non Fare Revenue (NFR), **लॉट नं.:** MSS-RTM-INDB-WstMgt-59-25-1, (Misc - Static - Services - Waste Management at Station). अनुबंध की अवधि: 05 वर्ष। ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक 12.03.2026 को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। AK/4/1/490

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

न्यूज-कॉलम

## सीनियर सिटीजन ग्रुप द्वारा 10 दिवसीय तीर्थ यात्रा 12 से

**मंदसौर।** धार्मिक आस्था और तीर्थाटन के उद्देश्य से दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन मंदसौर द्वारा 12 मार्च से 10 दिवसीय तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए हाल ही में तीर्थंकर जन्म स्थली दर्शन एवं वंदना फोल्डर का विमोचन नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वीरेन्द्र कुमार गांधी द्वारा किया गया। प्रवक्ता दिनेश दोशी ने बताया कि ग्रुप के अध्यक्ष विनोद सिंहल और सचिव अजीत कोटड़िया के नेतृत्व में आयोजित यह यात्रा 12 मार्च गुरुवार को प्रातः 5.30 बजे मंदसौर से प्रस्थान करेगी। यात्रा के संघपति जगदीश गर्ग और प्रभारी दीपक भूता बनाए गए हैं। 50 यात्रियों का यह दल बस द्वारा चांदखेड़ी, करगुवाँजी, कौशाम्बी, प्रयासगिरी, प्रयागराज, अयोध्या, रत्नपुरी, श्रावस्ती, कहाऊ, सिंहपुरी, चन्द्रपुरी, वाराणसी के भदैनी घाट व भेलूपुर, कुण्डलपुर और पुष्पगिरी जैसे प्रमुख जैन तीर्थों की वंदना करेगा। यात्रा का समापन 21 मार्च को होगा।

## 329 बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**मन्दसौर।** शहर में आगामी धार्मिक पर्वों और त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना कोतवाली पुलिस ने अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध व्यापक धरपकड़ अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के पालन में कोतवाली थाना क्षेत्र के कुल 329 बदमाशों के विरुद्ध कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। इनमें 86 सूचीबद्ध गुंडे, 14 निगरानी बदमाश और 229 आदतन अपराधी शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी के विरुद्ध चेड नोटिस जारी कर सख्त हिदायत दी है कि उनकी हर गतिविधि पर पुलिस की पैनी नजर है। कोतवाली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों की न केवल भौतिक गतिविधियों बल्कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी जिला विशेष शाखा और सोशल मीडिया सेल के माध्यम से सतत निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की भड़काऊ पोस्ट या शांति भंग करने के प्रयास पर तत्काल जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी।

## नपा उपाध्यक्ष श्रीमती परमाल ने होली पर्व की दी बधाई

**नीमच!** नगर पालिका परिषद नीमच की उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करण सिंह परमाल ने रंगों के त्यौहार होली पर शहर वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं सभी से रंगों का यह पर्व मिलजुल कर प्रेम एवं भाईचारे के साथ मनाने का अनुरोध किया है!

## नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने दी होली पर्व की शुभकामनाएं

**नीमच!** नगर पालिका परिषद नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने रंगों के पर्व होली पर समस्त शहर वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है!

अपने बधाई संदेश में श्रीमती चोपड़ा ने कहा कि रंगों का यह पावन पर्व होली हमें असत्य पर सत्य की जीत एवं प्रेम व भाईचारे का संदेश देता है!सभी शहर वासी इस पर्व को मिलजुल कर शालीनता के साथ मनाए एवं हानिकारक रंगों का प्रयोग ना करते हुए किसी पर भी जबरदस्ती रंग ना डालें! यह त्यौहार सभी के जीवन में खुशियां एवं सुख समृद्धिलेकर आए!

## सीएमओ श्रीमती बामनिया ने दी होली पर्व की शुभकामनाएं

**नीमच!** नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने रंगों के पर्व होली पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी से होली का यह पर्व शालीनता एवं भाईचारे के साथ मनाने का अनुरोध करते हुए कहा कि सभी शहरवासी रंगों के इस पर्व पर स्वच्छता का भी ध्यान रखें और किसी पर भी जबरदस्ती रंग ना डालें! अपने बधाई संदेश में श्रीमती बामनिया ने कहा कि रंगों का यह पर्व सभी के जीवन में खुशहाली लेकर आवे।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 9977755777

# रतलाम में त्योहारों को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



आगामी त्योहारों होली, धुलेंडी, रंगपंचमी एवं रमजान के मद्देनजर जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रतलाम पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में शहर में व्यापक फ्लैग मार्च आयोजित किया गया। फ्लैग मार्च की शुरूआत कालिका माता मंदिर पुलिस चौकी से की गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा।

फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना तथा असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश देना रहा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने मार्ग में नागरिकों से संवाद कर सभी से त्योहारों को शांति, सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया, रक्षित निरीक्षक मोहन भर्रावत, शहर के समस्त थाना प्रभारी एवं पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने, आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट करने अथवा कानून व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। रतलाम पुलिस ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें और त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाकर जिले की परंपरागत भाईचारे की भावना को बनाए रखें।

# 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान तेज

### 6 मार्च से जिले में चलेगा अनफिट वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर




सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित साप्ताहिक अंतर-विभागीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर अदिति गर्ग ने विशेष रूप से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे सशक्त माध्यम बताया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह से परीक्षित, सत्यापित और सुरक्षित है, जिसका स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। कलेक्टर ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपनी १४ वर्ष की बालिकाओं को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर यह टीका अवश्य लगवाएं, ताकि भविष्य में उन्हें गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

जिले में यह अभियान उन बालिकाओं के लिए चलाया जा रहा है जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है और अभी 15 वर्ष की नहीं हुई हैं। टीकाकरण की सुविधा जिला चिकित्सालय मंदसौर सहित भानपुरा, गरोठ, मल्हारगढ़, नगरी, शामगढ़, सीतामऊ, सुवासरा, धुंधड़का और नारायणगढ़ के शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। श्रद्धालु और नागरिक शासकीय अवकाश को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर २ बजे तक इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि समय पर लिया गया यह निर्णय बालिकाओं के स्वस्थ भविष्य की नींव रखेगा।

बैठक में अन्य प्रशासनिक विषयों पर भी कड़े निर्देश जारी किए गए। परिवहन विभाग को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि 6 मार्च से जिले में अनफिट और बिना बीमा वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाए। इस दौरान वाहनों के फिटनेस, परमिट और अन्य दस्तावेजों की सघन जांच होगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

साथ ही, आगामी गेहूं उपार्जन की तैयारियों और भावांतर भुगतान योजना के तहत सरसों पंजीयन की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने राजस्व वसूली में तेजी लाने और नगरीय निकायों को स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने के निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाबालिग अपहृता को किया दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले की मल्हारगढ़ पुलिस ने ग्राम पिपलिया विश्निया से अपहत एक नाबालिग बालिका को पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सुरक्षित बरामद कर लिया है और अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। घटना 21 फरवरी 2026 की है, जब पीड़िता के परिजनों ने अज्ञात आरोपी द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गठित पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 1 मार्च को बालिका को दस्तयाब किया। महिला अधिकारी द्वारा लिए गए कथनों में पीड़िता ने बताया कि आरोपी पवन उर्फ शिवम पिता शंभुलाल सेन, नि. आक्याकुंवर पदा उसे शादी का झांसा देकर दुधाखेड़ी माताजी की ओर ले गया और वहां उसके साथ गलत काम किया। कथनों के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी पवन को गिरफ्तार कर लिया।

## रामद्वारा में आज संत श्री ललितरामजी देंगे भक्त प्रहलाद चरित्र पर प्रवचन

मंदसौर। शहर के जनकूपुरा स्थित अमर झमर के बाग, बड़ा रामद्वारा में आज धुलेंडी के पावन पर्व पर जहाजपुर वाले सुप्रसिद्ध संत श्री ललितराम जी महाराज एवं उनके शिष्य युवा संत श्री ईश्वर राम जी महाराज के सानिध्य में विशेष सत्संग एवं प्रवचन कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर संत श्री भक्त प्रहलाद के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देंगे।समाजसेवी एवं मंडी व्यवसायी श्री सूरजमल गर्ग (चाचाजी) तथा गर्ग परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रातः 10.30 बजे से अमृतवाणी की वर्षा होगी। अंतरराष्ट्रीय स्वामी श्री रामनिवास जी महाराज के अनुयायियों और स्थानीय भक्त मंडल ने इस आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। आयोजक परिवार ने धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर ज्ञान गंगा का लाभ उठाएं।

# होली, धुलेंडी तथा रंगपंचमी पर्व सदभाव से मनाने की अपील

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

होली, धुलेटी तथा रंगपंचमी पर्व पर नगर निगम द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परंम्परागत व्यवस्था की जावेगी। महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त अनिल भाना, महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामूभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी व पार्षदगणों ने नागरिकों से पर्वो को शांति एवं सौहार्द के वातावरण मे मनाकर नगर की गौरवशाली परंम्परा को कायम रखने की अपील की है।

जारी अपील मे नागरिकों से अनुरोध किया है कि रंगो के पर्व होली पर जबरन चंदा वसूली न करें, हरे पेड़ न काटे, सड़को पर गडढ़े खोदकर क्षति न पहूंचावें व डामर की सड़कों पर मिट्टी डालकर होलिका दहन करें तथा विद्युत के तारो के नीचे होलिका दहन न करें, होलिका दहन सामुहिक रूप से करने का प्रयास भी करें, सुखे रंगो का उपयोग करें, गंदगी व हानिकारक रंग-पेंट का इस्तेमाल न करें, गुब्बारो मे रंग भरकर राहगीरों पर न फेकें, पेयजल का उपयोग मितव्ययिता से करें।

## ईरान-इजराइल जंग के बीच रतलाम का गौरव दुबई में फंसा

**रतलाम।** काट्जू नगर में रहने वाले गौरव पारीख 23 फरवरी को दुबई में सेलिब्रेटी मैनजमेंट की मीटिंग में गए थे। इस बीच अमेरिका व इजरायल की स्ट्राइक ईरान पर हो गई। स्ट्राइक का असर दुबई में भी है। जब से हमले की जानकारी मिली, तब से गौरव के माता-पिता बेटे से हर आधे घंटे में कॉल कर बात कर रहे है। उन्हें अपने बेटे की चिंता सताने लगी है। गौरव के पिता सुनील पारीख वकील है। बेटा वुम नाइट सेलिब्रेटी मैनेजमेंट का कामकाज देखता है। अप्रैल माह में बड़ा इवेंट होने वाला है। इस सिलसिले में वह 23 फरवरी को मुंबई से दुबई गया था। दुबई के बुर्ज खलीफा से ३ किमी दूर डाउन टाउन में गौरव रुका हुआ है। पिता सुनील पारीख ने बताया कि बेटा जिस दिन दुबई पहुंचा, उसी दिन स्ट्राइक की जानकारी मिली। रात भर नींद नहीं आई। बेटे की चिंता सताती रही। परिवार तो दशहत में है क्योकि वहां पर पूरी लाइट बंद करा देना। धमाका होने की बात बेटे ने बताई है।

# जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल ने मनाई ब्रज की तर्ज पर होली



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल द्वारा रामटेकरी स्थित पोरवाल छात्रावास में फाग महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मथुरा और वृंदावन की होली की तर्ज पर आयोजित इस कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने फागुन की मस्ती के बीच पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राधा-कृष्ण के स्वरूपों को गुलाल लगाकर किया गया। इस दौरान मार्गदर्शक मंडल की निर्मला मांदलिया, पुष्पा मरच्या, संतोष फरक्या और अध्यक्ष कुसुम सेठिया सहित कार्यकारिणी के सदस्यों ने भगवान की आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की।

फाग महोत्सव में ज्योति काला राधा, सुनीता सेठिया कृष्ण और पुष्पा गुप्ता रुकमणी के वेश में आकर्षण का केंद्र रहीं। सभी सदस्यों ने प्राकृतिक रंगों, गुलाल और फूलों के साथ होली खेलकर भाईचारे का संदेश दिया। मंडल अध्यक्ष कुसुम सेठिया ने अपने संबोधन में कहा कि होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और हमें नई ऊर्जा के साथ समाज सेवा के कार्यों में जुटी रहना चाहिए। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने विश्व शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना भी की। कार्यक्रम का संचालन और आभार सचिव प्रमिला संघवी ने व्यक्त किया, जबकि मीडिया प्रभारी प्रिया फरक्या ने आयोजन की जानकारी साझा की। इस अवसर पर ज्योति रत्नावत, संगीता गुप्ता,हेमलता गुप्ता, विद्या गुप्ता, ममता रत्नावत, गुणमाला धनोतिया,रेखा पोरवाल, विजयलक्ष्मी महाजन, रेखा गुप्ता,निधि गुप्ता, कविता गुप्ता, डॉ शिल्पा मंडवारिया, ज्योति गुप्ता, रीना उदिया, वंदना धनोतिया, जागृति सेठिया, सीमा उदिया, निर्मला गुप्ता, प्रियंका मुजावदिया,सुमित्रा सेठिया, रानू सेठिया, सरिता रत्नावत,भावना रत्नावत, सुशीला घाटिया, इंदु फरक्या आदि महिलाएं उपस्थित रही।

# सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप की-अच्छा तो हम चलते हैं के साथ संगीत संध्या संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच




शहर में एक भव्य संगीत निशा का आयोजन शनिवार, 28 फरवरी को टाउन हॉल में "सुर संगम ग्रुप नीमच " द्वारा, भारत विकास परिषद् (सुभाष शाखा-नीमच )के तत्वावधान में होगा द्य नीमच के उभरते कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सदाबहार फिल्मी गीतों का ट्रेक पर गायन कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा द्य जिसमें अतिथि के रूप में सर्व श्री जम्बूकुमारजी जैन (समाज सेवी) राकेशजी (पप्पू) जैन , प्रमोदजी रामावत अध्यक्ष-सार्थक सृजन,श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा ,अध्यक्ष-नगर पालिका, संतोषजी चौपड़ा,डॉ. चेतनजी पाटीदार , प्रदीप चौपड़ा (रिजनल सचिव सेवा सेन्ट्रल रिजन) सुनील शर्मा, भारत विकास परिषद सुभाष शाखा नीमच के अध्यक्ष ललित जी राठी सचिव मनीष गर्ग, एवं सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप के संयोजक महेश शर्मा, सह संयोजक- डॉ जीवन कौशिक, वीरेंद्र दुबे ,कोषाध्यक्ष द्वारा सदस्यों की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलन किया गया। भारत विकास परिषद सुभाष शाखा अध्यक्ष ललित राठी एवं सुर संगम ग्रुप के अध्यक्ष संयोजक महेश शर्मा द्वारा स्वागत उदबोधन के माध्यम से संस्थाओं की जानकारी दी गई। संगीत संध्या के इस कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती को वंदन करते हुए सरस्वती वंदना स्तुति का गान किया गया । सरस्वती वंदन व गायन श्रीमती संध्या जैन, भारती उपाध्याय, मीना पंत व पूर्वा प्रधान ने किया। इसके पश्चात सुमधुर गीत - आते जाते खूबसूरत.. की प्रस्तुति राजकुमार लालवानी ने दी। इसके पश्चात प्रणीत जैन ने गोरी तेरा गाँव बड़ा प्यारा...,गोपाल गर्ग व संध्या जी ने ये चाँदनी रात में इक बार तुम्हे.. अनिल जैन ने - ओ हंसिनी मेरी हंसिनी..तथा सतीश पाटीदार ब पूर्व नेझ्र आ जा सनम मधुर ... मीना पंत ने दिल तो है दिल.. की कर्णप्रिय प्रस्तुति दी।

इसके पश्चात ग्रुप संयोजक महेश शर्मा व भारती उपाध्याय ने - तुम जो चले गए तो होगी... की युगल प्रस्तुति दी। वही वीरेंद्र दुबे व संध्या जैन ने- तुम आ गए हो नूर आ गया है... कि प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मध्य में आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया गया।इसके पश्चात लोकेश सैनी एवं भारतीय उपाध्याय द्वारा कोरा कागज था यह मन मेरा की सदाबहार गीत की प्रस्तुति देखकर तालियां बटोरी गई। सुर संगम ग्रुप के सहसंयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ जीवन कौशिक ने श्रीमती संध्या जैन के साथ युगल प्रस्तुति इस मोड़ से जाते हैं कुछ सुस्त कदम रस्ते .. की प्रस्तुति दी गई। वही नरेश जी पाठक ने - रात कली एक ख्वाब में आई... जैसे सु मधुर गीत की प्रस्तुति दी गई।



## अंग्रेजी साहित्य के छात्र ओजस सोनी ने सुधा मूर्ति की कहानियों पर किया शोध

**मंदसौर।** राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के अंग्रेजी विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र ओजस सोनी ने प्रख्यात लेखिका सुधा मूर्ति के साहित्य पर आधारित लघु शोध प्रबंध च्च द हाट्र्स क्वाईट जॉयः ए स्टडी ऑफ हैप्पीनेस न सुधा मूर्ति स्टोरीजच्च्प्रस्तुत किया है। उनके इस शोध कार्य को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान विशेष रूप से सराहा गया और उन्हें सम्मानित किया गया। यह शोध प्रबंध अंग्रेजी विभाग में विधिवत रूप से प्रस्तुत किया गया, जो मानवीय मूल्यों और आंतरिक सुख की व्याख्या करता है। सम्मान कार्यक्रम में एसपी विनोद कुमार मीणा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दूबे, और त्रिपुरा विश्वविद्यालय की डॉ. सिंधु पौडियाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि वर्तमान दौर में जहाँ युवा मानसिक तनाव और अवसाद से जूझ रहे हैं, वहाँ ओजस का यह शोध कार्य सकारात्मक चिंतन और मानसिक संतुलन की राह दिखाता है। विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा सिंह के मार्गदर्शन में तैयार इस शोध में बताया गया है कि कैसे सरल जीवन और नैतिक दृष्टिकोण सच्चे आनंद की कुंजी है। इस सफलता में प्राध्यापक सचिन शर्मा, दीप्ति शक्तावत और डॉ. द्युति मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

## कुंवर रणजीत सिंह ने सेना से सेवानिवृत होकर आए सैनिकों का किया स्वागत



**पिपलिया मंडी।** 2 मार्च को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव तुरकिया निवासी राजेंद्र सिंह बोराना के 18 वर्ष की भारतीय सेना में सेवा कर सेवानिवृत होने के पश्चात अपने गृह गांव एवं गृह शहर पिपलिया मंडी आगमन पर तथा गांव नैनौरा निवासी भंवर जितेंद्र सिंह के 17 वर्ष की भारतीय सेना में सेवा करने के पश्चात सेवानिवृत होकर अपने प्रदेश एवं अपने गांव नैनोरा आगमन पर पुष्पमाला,पुष्प वर्षा एवं ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया ।कुंवर शक्तावत ने दोनों ही सैनिकों की दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन है तु ईश्वर से प्रार्थना की और उनके जज्बे और उनकी कार्यशैली को लाल सलाम करते हुए कुंवर शक्तावत ने कहा मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र से इस प्रकार के वीर सपूत हमेशा देश की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाते आए हैं और निभाते रहेंगे। इस अवसर पर अनेक क्षेत्रिय कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## दशहरा मैदान में पहले जलेगी होली फिर होगा आर्केस्ट्रा का आयोजन

**नीमच।** नीमच सांस्कृतिक उत्सव समिति नीमच के द्वारा बीते 11 वर्षो अधिक से होलिका दहन का आयोजन किया जाता आ रहा है। नीमच सांस्कृतिक उत्सव समिति हर वर्ष पारंपरिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शहर के दशहरा मैदान में होली का पर्व को लेकर एक बड़ा आयोजन करती है जिसमें सांस्कृतिक आयोजन भी होते हैं उसी के अंतर्गत प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी होलिका पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसके अंतर्गत आज होलिका दहन रात्रि 8.15 बजे होगा। होलिका दहन के पश्चात नाइस आर्केस्ट्रा द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें आर्केस्ट्रा के कलाकार मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे।, जिसमें होली गीतों की मस्ती के साथ होली पर्व का आगाज होगा। इस हेतु नीमच सांस्कृतिक उत्सव समिति के सदस्यों बृजेश मित्तल, ओम दीवान, मनोहर अंब, इलियास कुरैशी, रमेश बोरीवाल, रोहित खेर (सोनू यादव),जग्गा पुनर, राजेश पराग टेंट, धर्मेंद्र परिहार, ठाकुर जी पिपलोंन कार्यक्रम की पूर्ण तैयारियां कर ली है। सभी ने एक मत से निर्णय लिया कि पारंपरिक होली का पर्व होली के मधुर गीतों के साथ पारिवारिक माहौल में संपन्न होगा।

## 17 वर्ष थल सेना में सेवारत फौजी का घर आगमन पर किया स्वागत



**पिपलिया मंडी।** नेनोरा रावला परिवार से ठा. रतन सिंह शक्तावात के पौत्र जितेन्द्र सिंह शक्तावात सेवारत फौजी के 17 वर्षों तक थल सेना में सेवारत फौजी का 2 मार्च को सेवानिवृत्त पश्चात घर आगमन पर किया भव्य स्वागत । सर्वप्रथम पिपलिया मंडी स्टेशन बालाजी मंदिर में नतमस्तक होकर बैंड बाजा के साथ जितेंन्द्र सिंह का भव्य जुलूस पिपलिया मंडी में निकल गया। गांधी चौराहे पर गांधीजी को माल्यार्पण के बाद पूरे बाजार में टिलाखेड़ा तक विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जुलूस का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसी कड़ी में श्री दयानंद एजुकेशन सेंटर पर फौजी भाई का शाल श्रीफल भेंट कर हुआ सम्मान। इसी तरह कंचन श्री कोल्ड पर देवेन्द्र कराड़ा मित्र मंडल द्वारा भी फौजी शक्तावत का अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात खोखरा नेनोरा गांवों में भी जितेंद्रसिंह भव्य जुलूस निकाला गया। घर-घर से फौजी भाई का पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। स्वागत की कड़ी में शक्तावत परिवार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में गांव व आसपास गांवो से आये सैकड़ों स्नेही जनों ने जितेंद्र सिंह शक्तावात का आत्मिय अभिनंदन किया गया। इसी दौरान आमंत्रित सभी स्नेही जनों के सम्मान में स्नेहभोज भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दयानंद एजुकेशन सेंटर के संचालक दयानंद पाटीदार ने किया। आभार शिक्षाविद विरेंद्र सिंह शक्तावात ने माना।

## अंशुल माहेश्वरी बने सी ए ईस्ट मित्रों ने दी बधाई

**पिपलियामंडी।** नगर के समाज सेवी लहसुन व्यापारी राजेंद्र माहेश्वरी के पुत्र अंशुल माहेश्वरी बने सी ए। सभी ईस्ट मित्रों ने निवास पर पहुंचे और स्वागत कर बधाई शुभकामनाएं दी।



## राम मंदिर में मनाया फाग उत्सव

**सारंगपुर।** सारंगपुर के पंडित वाडी में स्थित राम मंदिर में लगातार 20 वर्षों से फाग उत्सव महिला मंडल के द्वारा मनाया जाता है। एकादशी के अवसर पर महिला मंडल द्वारा आयोजित गीत संगीत का कार्यक्रम के साथ होली के पर्व पर फाग उत्सव रंग रंग गुलाल के साथ फूलों की होली खेलकर मनाया गया। जिसमें विशेष रूप से महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्य हर्ष पालीवाल, रेखा दुबे, रूपल सादानी, नेहा सादानी, नीता सोनी, संध्या पारीक, किरण पारीक, सरोज सोनी, सुनीता महेश्वरी, प्रमिला सक्सेना, सुनीता पुष्पद, सीमा कुशवाहा, मधु चौहान, अलका सोनी, आकांक्षा तिवारी व अन्य महिला मंडल के सदस्य उपस्थित थे।



नवीन बस स्टैंड के क्षतिग्रस्त सुविधाघर की मरम्मत

## सीएमओ दीपक रानवे ने स्वयं कार्य स्थल पर पहुंचकर की मानीटरिंग

**सारंगपुर।** नगर पालिका द्वारा नवीन बस स्टैण्ड के क्षतिग्रस्त सुविधाघर प्रशाधन ग्रह की मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया। हमारी खबर के बाद नगर पालिका सारंगपुर सीएमओ दीपक रानवे द्वारा 26 फरवरी को नवीन बस स्टैण्ड की सफाई कार्यो का औचक निरीक्षक में बस स्टैण्ड के पीछे काफी गंदगी होने एवं पूर्व से निर्मित प्रशाधन ग्रह क्षतिग्रस्त होने से महिलाओं को परेशानी को देखते हुए उपयंत्री एवं स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे को तत्काल बुलवाकर बस स्टैण्ड के पीछे फेली गंदगी को हटाने एवं उपयंत्री को क्षतिग्रस्त मूत्रालय के तत्काल मरम्मत कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये थे। सीएमओ ने तत्काल मामले में संज्ञान लेते हुए धार्मिक पर्वो के देखते हुए नगर में सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं नियमित सफाई के निर्देश स्वच्छता निरीक्षक को दिये। नवीन बस स्टैंण्ड के प्रशाधन के मरम्मत कार्य स्वयं सीएमओ द्वारा अपनी समक्षता में प्रारंभ करवाया गया। उक्त कार्य के प्रारंभ के समय नगर पालिका कर्मचारी गोकुल पुष्पद को कार्य तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

सफलता का मंत्र– शान्त मन बेहतर प्रदर्शन

## शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में परीक्षा पूर्व तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन



**महिदपुर।** मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों में परीक्षा के तनाव को कम करने हेतु आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. राकेश गोयल ने कहा कि सीमित तनाव हमें मेहनत के लिए प्रेरित करता है ।विद्यार्थियों को संगीत, ध्यान, प्राणायाम आदि से तनाव को कम करने का प्रयास करना चाहिए। विषय प्रवर्तन करते हुए कार्यशाला संयोजक श्री राम हरसोरा ने बताया कि परीक्षा में पूरी तैयारी से जाएं और शांत मन से प्रश्नों के उत्तर लिखे तो सफलता निश्चित मिलेगी। प्राचार्य डॉ.आशा सक्सेना ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी को महाविद्यालय के शिक्षकों से निसंकोच अपनी समस्याओं पर चर्चा करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों में चित्रेश शर्मा, मितिक्षा पंड्या, हाकम सिंह आदि ने डॉ. राकेश गोयल से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। अतिथि परिचय डॉ. शालिनी विजयवर्गीय ने दिया एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती मोनिका बैरागी ने किया । कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. जाकिर उद्दीन अहिंगर ने किया।

सप्त ऋ षि ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न

## 27 अप्रैल को मनाई जाएगी परशुराम जयंती



**शुजालपुर।** सप्त ऋ षि ब्राह्मण समाज की बैठक समाज की धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की जानकारी देते हुए अध्यक्ष जनकराय जोशी ने बताया कि आगामी परशुराम जयंती 27 अप्रैल 2026 को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को महिला मंडल द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी दिन कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। 27 अप्रैल को समाज का भव्य चल समारोह चौबे स्कूल से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः चौबे स्कूल पहुंचेगा, जहां भगवान परशुराम की महाआरती की जाएगी। बैठक में सचिव गंगाधर शर्मा, उपाध्यक्ष प्रफु ल्ल चौबे, कैलाश शर्मा, हेमंत शर्मा, मिश्रीलाल शर्मा, आशीष हरदेनिया, संजय उपाध्याय, अर्पित शर्मा, विनय शर्मा, वैभव तिवारी, मधु मंडलोई, आशा शर्मा, क्षमा शर्मा, हेमलता जोशी, मधु नागर, सविता शर्मा, प्रीति मिश्रा, कृष्णा शास्त्री, अनीता शर्मा, अशोक शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

तैयारी: बस स्टैंड, सदर बाजार, मुखर्जी चौराहे, भेरू दरवाजा क्षेत्र में होली की खरीदारी शुरू

# होली पर हर्बल रंग, पिचकारी व म्यूजिकल गन की रहेगी धूम, अच्छें कारोबार का अनुमान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

फागुन की फिजा के साथ ही तहसील मुख्यालय के बाजार में सतरंगी रौनक शुरू हो गई है। शहर में गांधी चौक स्थित मुख्य बाजार, मुखर्जी चौराहा, सदर बाजार, भेरू दरवाजा और बस स्टैंड सहित प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में होली और रंगपंचमी को लेकर खरीदारी तेज हो गई है। जिसके चलते बाजार का रुझान बदला नजर आ रहा है। पहले जहां फैंसी पिचकारी और रंगों में चाइनीज उत्पादों की अधिक मांग रहती थी, अब बाजार में स्वदेशी यानी 'मेक इन इंडिया उत्पादों के रंग में रंगा दिख रहा है।




शहर के व्यापारियों ने बताया कि केमिकल युक्त रंगों की जगह पर लोग अब टेसू, गुलाब, पलाश और चुकंदर से बने सुगंधित हर्बल गुलाल को ग्राहक विशेष रूप से पसंद कर रहे हैं। यही नहीं देसी पिचकारी खरीदना पसंद कर रहे हैं। होली उत्पादों की बिक्री में इस बार 45 से 50 प्रतिशत तक बढोतरी दर्ज की गई है। शहर के लोग हाथरस और इंदौर से आने वाले गुलाल की सबसे ज्यादा मांग है। रंगपंचमी तक हर्बल गुलाल की करीब 110 टन से अधिक बिक्री का अनुमान है। वहीं कारोबार पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष अच्छा होने की संभावना है।

### ग्रहण के कारण धुरेडी को लेकर संशय

नगर में 2 मार्च को होली दहन होना तय है। लेकिन धुलेंडी मनाने को लेकर संशय है। क्योंकि अगले दिन 3 मार्च को ग्रहण के सूतक काल और ग्रहण के मोक्ष का समय शाम तक है। इस कारण धुरेडी 4 मार्च को मनाए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि इसको लेकर अभी सहमति नहीं बनी है। तीन साल पहले भी शहर में इसी तरह दो दिन त्योहार मनाया गया था। 3 मार्च को चंद्रग्रहण है। इसका सूतक काल सुबह से शुरू हो जाएगा और शाम तक रहेगा। पंडितों का कहना है इस समय धुरेडी नहीं मनाई जा सकती। पं. कैलाश शर्मा ने बताया होलिका दहन के लिए उत्तम समय 3 मार्च को ग्रहण के पहले का है। लेकिन इतनी सुबह होलिका दहन संभव नहीं है। 2 मार्च को भद्रा है। इसमें भी शाम के समय पौन घंटे में दहन हो सकता है। धुरेडी 4 मार्च को मनाई जाएगी। 3 मार्च की सुबह 6.20 बजे से ग्रहण का सूतक काल शुरू होगा। जिसकी समाप्ति शाम 6.47 बजे होगी। दिनभर सूतक काल और ग्रहण के समय धुरेडी नहीं मनाई जा सकती। इसलिए धुरेडी 4 मार्च को मनाई जाएगी।

### हाथरस, इंदौर और दिल्ली से आती है गुलाल

व्यापारियों के अनुसार इस साल हर्बल गुलाल और रंगों की मांग 80 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। वहीं, चीन से आने वाली पिचकारी, टी-शर्ट, गुलाल सिलेंडर और स्प्रे की हिस्सेदारी घटकर 20 प्रतिशत से भी कम रह गई है। सात-आठ वर्ष पहले यह 60 से 65 प्रतिशत तक थी। शहर के थोक व्यापारी बताते हैं कि 10 साल पहले तक हर्बल गुलाल की मांग 20 से 30 प्रतिशत थी। अब यह दोगुनी हो गई है। इस बार मांग को देखते हुए 90 से 110 टन गुलाल की खपत का अनुमान है। इस बार बाजार में हाथरस, इंदौर, दिल्ली, राजकोट और ग्वालियर से गुलाल मंगाया गया है। व्यापारी के अनुसार हर्बल रंगों के साथ बैटरी चालित म्यूजिकल गन और पिस्तौल पिचकारी की मांग बढी है।

### होली सामग्री के भाव

शहर के बाजार में हर्बल गुलाल 50 से 130 रुपए प्रति किलो, टेसू रंग 80 से 140 रुपए, साधारण पिचकारी 30 से 80 रुपए, टैंक पिचकारी 350 से 700 रुपए, स्नो/फोम स्प्रे 120 से 300 रुपए और होली टी-शर्ट 120 से 350 तक बिक रही हैं। बाजारों में होली के लिए कई आकर्षक सामान उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए नए मुखौटे, रंगीन बाल, स्टाइलिश चश्मे और गुलाल की आतिशबाजी के लिए पटाखे भी मौजूद हैं। इस बार 20 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की पिचकारियां उपलब्ध हैं। डोरेमोन, छोटा भीम, स्पाइडर मैन और मोटू पतलू जैसे कार्टून किरदारों वाली पिचकारियां बच्चों को खूब लुभा रही हैं। इसके अलावा, भूत, परी, राक्षस, शेर, भालू, डोरेमोन, स्पाइडर मैन और हैकर जैसे मास्क भी बाजार में बिक रहे हैं।

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़नगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 28 फरवरी 2026 से किया जा रहा है। शिविर की थीम मेरे भारत का युवा और डिजिटल भारत पर केंद्रित है ।यह शिविर 6 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा । जिसका उद्देश्य राष्ट्र निर्माण की भूमिका का विकास करना है। शिविर का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सरपंच नंदकिशोर जी यादव के करकमलों से किया गया । सरपंच महोदय ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविरार्थियों को समाज के प्रति जागरूक और उत्तरदाई नागरिक बनने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और साक्षरता जागरूकता जैसे कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया ।विशेष अतिथि राजेंद्र कुमार शर्मा ग्राम पंचायत सहायक रहे जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक समस्याओं से रूबरू कराते हैं और उनमें सेवा भाव को स्वीकार करते हैं ।

उन्होंने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए शिविर की सफलता की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनीता कुमावत ने किया जिसमें उन्होंने शिविर की सात दिवसीय रूपरेखा प्रस्तुत की तथा 7 दिनों तक आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशेष अतिथि में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर लक्ष्मण चेलानी ने स्वयंसेवकों को निडर होकर शिविर में भागीदारी हेतु प्रेरित किया ।तथा आभार प्रोफेसर अनिल राठौड़ द्वारा व्यक्त किया गया। शिविर में प्रगति चावढ़ा, चंचल चावड़ा ,नेहा मालवीय, जीवन चौधरी ,आर्यन केवट, आराधना भावर ,वैष्णवी परमार, मोहित प्रजापत ,आयुषी तंवर, राजवर्धन सिंह पवार, दीपक नागर ,चेतन कुमावत ने परियोजना कार्य को उत्कृष्ट तरीके से पूर्ण किया। इस शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन ,सहयोग ,नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा।



## अंबेडकर जयंती तैयारी को लेकर अजाक्स कार्यालय पर बैठक सम्पन्न

**गुना।** बोधिसत्व, विधिवैत्ता, सिंबल ऑफ नॉलेज, भारतीय संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर बाबा साहब का 135 वां जन्मोत्सव मनाने की तैयारी हेतु रविवार अजाक्स कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। अजाक्स के जिला अध्यक्ष रमेश अहिरवार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर गत वर्ष मनाई गई जयंती की समीक्षा की गई। वहीं सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाबा साहब की जयंती गुना के 37 वार्ड में सभी वर्गों से संपर्क कर बैठक आयोजित की जाएगी। बाबा साहब की सभी वार्डों से झांकियां तैयार कर अंबेडकर मांगलिक भवन पर एकत्रित की जाएगी। अंबेडकर मांगलिक भवन से सभी झांकियां क्रम अनुसार चल समारोह के रूप में निकली जाएंगे। 8 मार्च रविवार को शाम 5 बजे बाबा साहब के अनुयायियों की अंबेडकर मांगलिक भवन पर पुनः बैठक आयोजित की जाएगी। वहीं 10 मार्च को माता सावित्रीबाई फुले को भारतीय संविधान से सम्मानित करने हेतु महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। जयंती मनाने हेतु 8 तारीख की बैठक में कोर कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से डीपी गोलियां, प्रकाश सिंह धाकड़ बसंत खरे महेश परोसिया कन्हैयाराम अहिरवार, अवधेश बौद्ध चुन्नीलाल बडोनिया करण सिंह अहिरवार किशनलाल जाटव दिनेश जाटव जिला सचिव, किशोरीलाल अहिरवार सुरेंद्र कछारे, नरेंद्र सोनकर हरिओम मखनिया मौजूद रहे।

## लीमाचौहान थाने में शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी ने दिया शांति का संदेश

**सारंगपुर।** आगामी होली होली पर्व, रमजान को लेकर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी एसआई सगुनलाल धुर्वे ने की। इस बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में होली मनाने को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर एसआई धुर्वे ने कहा कि होली उल्लास और भाईचारे का पर्व है। इसे आपसी प्रेम और शांति के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने सभी से प्रशासन का सहयोग करने और किसी भी अप्रिय स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की।

# ग्रीष्मकाल शुरू होते ही बढ़ने लगी देशी फ्रिज की मांग

## बाजार में नल लगे मटके आए, जिनकी कीमत सामान्य मटकों से अधिक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

नगर सहित ग्रामीण अंचलों में ग्रीष्मकाल शुरू होते ही देशी फ्रिज की मांग बढ़ने लगी है। लोग बजारों से मटकी खरीदना शुरू कर चुके हैं। नगर के चौक चौराहों में ग्रामीण अंचल से लोग मटकी बेचने आ रहे है। नगर में कई जगह मटकों की दुकान सजी है, जहां बिक्री शुरू हो गई है। हालांकि ऐसी मान्यता है कि नए मटकों का उपयोग अक्षय तृतीया के दिन से शुरू होती है, लेकिन इस बार फरवरी माह से ही गर्मी अपने तीखे तेवर दिखाने लगी है, हालांकि मार्च के प्रथम सप्ताह में राहत मिली लेकिन फिर भी मटकों का उपयोग होना शुरू हो गया है।



कई नगरवासियों का कहना है कि वे फ्रिज की जगह मटके का पानी ही पीते हैं। लोगों ने बताया कि इस बार मटके के दामों में वृद्धि हुई है जो सबसे छोटा मटका पहले 30 से 40 रुपए में मिलता था। अब वह 50 रुपए तक मिल रहा है। वहीं मझोले प्रकार का मटका 70 रुपए तक में आ जाता था, वह इस साल 80 रुपए का है। इसी तरह 150 रुपए में मिलने वाला मटका 160 का है। वहीं सबसे बड़े आकार का मटका पहले दो सौ रुपए में मिल जाता है। इस साल उसकी कीमत 210 से 220 रुपए ली जा रही है।

### नल लगे मटके की मांग अधिक

एबी रोड किनार एसडीएम निवास के सामने मटको की दुकान लगाने वाले विक्रेता राम लखन प्रजापति ने बताया कि लोगों की सुविधा को देखते हुए बाजार में नल लगे हुए भी मटके आ गए हैं, जिनकी कीमत सामान्य मटकों से अधिक है। गर्मी के मौसम में मटकों की मांग बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। मटके का पानी ठंडा होता है। इसीलिए लगभग सभी घरों में मटके का उपयाग होता है। कई संपन्ना परिवार भी ऐसे हैं जो फ्रिज की जगह मटके के पानी को ही तरजीह देते हैं। उन्होंने का कहना है कि मटकों के अलावा मिट्टी के बर्तन और गमले आदि बेचने का काम भी करते हैं। मटकों की मांग पिछले चंद दिनों में इतनी अधिक बढ़ी है कि ऑर्डर पूरा करने में हमें मुश्किल आ रही है। राम लखन प्रजापति ने बताया कि वे मटके आसपास के गांव मांगते हैं। मटके मिट्टी के बने होते हैं, इसलिए इनके टूटने की हमेशा आशंका बनी रहती है। परिवहन के दौरान ही कई मटके फूट जाते हैं, जिससे उन्हें नुकसान हो जाता है। सामान में अधिक टूट-फूट की वजह व बनाने में होने वाली अधिक मेहनत का असर भी महंगाई पर पड़ता है। उन्होंने बताया कि हमारे पास 30 रुपये से लेकर 900 रुपये की कीमत के मटके है।



## पोरवाल समाज महिला मंडल ने ठाकुर जी को गुलाल लगाकर मनाया फाग उत्सव

**महिदपुर रोड।** फागुन के रंगों और भक्तिभाव के साथ रवि वार को नगर पोरवाल समाज महिला मंडल की सदस्यों ने हर्षोल्लास से फाग उत्सव मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सपना कामरिया ने की। समाज की सभी बहिनों ने भजन आज बिरज में होली है रसिया पर नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिलाओं ने फूलों और गुलाल से होली खेली तथा और समाज के शेष शायी लक्ष्मीनारायण भगवान को श्रद्धापूर्वक गुलाल अर्पित किया। पूरा माहौल राधा-कृष्ण भक्ति रस से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर पुष्पा मांदलिया एवं मंजू भैसोटा ने राधा-कृष्ण के स्वरूप का श्रृंगार धारण कर सभी का मन मोह लिया। उक्त उत्सव में समाज की अनेक महिलाओं के साथ-साथ मंडल की पदाधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दी और सभी ने कार्यक्रम का आनंद लिया जानकारी मीडिया प्रभारी संगीता मांदलिया ने दी।

## हिंगलाज माता व भोले बाबा को रंग गुलाल लगाकर होली मनाई जाएगी

**बड़नगर।** हिंगलाज माता मंदिर रंगार सेरी में सोमवार 2 मार्च को शुभ मुहूर्त में विधि विधान से पूजा कर माता और भोले बाबा का विशेष श्रृंगार कर रंग गुलाब लगाकर होली



का उत्सव मनाया जाएगा। पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि प्रति प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महिलाओं द्वारा दीप माला सजाकर आरती होगी। पश्चात महिलाएं रंग गुलाल चढ़ाकर होलिका की पूजा ओर आरती करेगी। अर्ध रात्रि में होलिका का दहन किया जाएगा। जानकारी देवपुरी गोस्वामी ने दी।

## बाजारों में लौटी रौनक, इफ्तार की खरीदारी के लिए उमड़ रही भीड़



**शाजापुर।** मुकद्दस रमजान माह के चलते शहर के बाजारों में एक बार फिर से विशेष रौनक नजर आ रही है। पवित्र महीने में रोजेदारों की चहल-पहल और इबादत के उत्साह से बाजार पूरी तरह से गुलजार हो गए हैं। विशेषकर शाम के समय, जैसे-जैसे इफ्तार का वक्त करीब आता है, बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। शहर की प्रमुख दुकानों और अस्थायी बाजारों में रोजेदार इफ्तारी की खरीदारी करते नजर आते हैं। दिन भर रोजा रखने के बाद शाम को मगरिब की अजान के साथ रोजा खोला जाता है, जिसके लिए लोग खजूर, ताजे फल, सेवईयां, और अन्य विशेष खाद्य सामग्रियां खरीदने पहुंच रहे हैं और इसीके चलते बाजार में देर रात तक चहल-पहल बनी हुई है। दुकानदारों के अनुसार, पवित्र माह में फलों और पारंपरिक खाद्य पदार्थों की मांग काफी बढ़ गई है। पूरे शहर में इबादत, आपसी भाईचारे और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## पांच माह तक चला 21 सुंदरकांड पाठ



**शुजालपुर।** ग्राम जामनेर में विजयादशमी पर लिया गया 21 सुंदरकांड पाठ का संकल्प 28 फ रवरी की रात्रि को भव्य आयोजन के साथ पूर्ण हुआ। पांच माह तक प्रति शनिवार एवं मंगलवार विभिन्न मंदिरों में निरंतर सुंदरकांड पाठ आयोजित किया गया, जो क्षेत्र के इतिहास में पहली बार हुआ। संकल्पकर्ता एडवोकेट अमित मालवीय के नेतृत्व में चले इस धार्मिक अभियान का समापन मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। जय सीताराम सुंदरकांड मंडली द्वारा सस्वर पाठ तथा भजन संध्या में कवि हुकमसिंह गुर्जर सहित अन्य गायकों ने प्रस्तुति दी। महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। वक्ताओं ने इसे धार्मिक जागरण और सामाजिक एकता का प्रेरक आयोजन बताया। इस संकल्प को सफल बनाने में अमरीशपुरी गोस्वामी, प्रवीण विश्वकर्मा, गजाधर सोनी, राजकुमार धाकड़, राधेश्याम धाकड़, मंगल सिंह मालवीय आदि का सहयोग रहा।

ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने के लिए सिर्फ दवाइयों पर निर्भर रहना काफी नहीं है। सबसे पहले डाइट में बदलाव जरूरी है। नमक का सेवन कम करें, क्योंकि ज्यादा सोडियम बीपी बढ़ाता है। नियमित फिजिकल एक्टिविटी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में अहम भूमिका निभाती है।

# बीपी के मरीजों को रोज-रोज दवा खाने से मिलेगी राहत

## वैज्ञानिकों ने ढूंढ लिया इसका कारगर तरीका




हाई ब्लड प्रेशर दुनियाभर में तेजी से बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, इसका खतरा समय के साथ बढ़ता ही जा रहा है। विश्व स्वास्थ संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों से पता चलता है कि 2024 में दुनियाभर में 30-79 साल की उम्र के 1.4 बिलियन (140 करोड़) वयस्कों को हाइपरटेंशन की समस्या थी। ये आंकड़ा इस आयु वाले कुल लोगों का करीब 33% है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों में भी हाइपरटेंशन की दिक्कत बढ़ती जा रही है, जो कम उम्र में ही उन्हें कई प्रकार की क्रॉनिक बीमारियों का शिकार बनाने वाली हो सकती है।

हाइपरटेंशन के शिकार मरीजों को डॉक्टर नियमित रूप से दवा लेते रहने की सलाह देते हैं, ताकि उन्हें ब्लड प्रेशर बढ़ने के कारण होने वाली समस्याओं जैसे हार्ट अटैक, स्ट्रोक, किडनी और आंखों की दिक्कतों से बचाया जा सके। मरीजों को जीवनभर ये दवाएं लेनी पड़ सकती हैं।

ऐसे लोगों के लिए बड़ी राहत वाली खबर है। वैज्ञानिकों की टीम ने ऐसा तरीका ढूंढ लिया है जिसकी मदद से बिना दवाओं के भी आप ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रख सकते है। शोधकताओं ने बीपी की दवाओं का विकल्प तलाश लिया है।

### बिना दवाओं के कंट्रोल हो सकेगा ब्लड प्रेशर

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, दशकों से हर दिन बिना गैप किए एक गोली खाते रहने को हाई बीपी का सबसे प्रभावी इलाज माना जाता रहा है। मरीजों को बीपी की दवाओं पर पूरी तरह निर्भर हो जाना पड़ता है। हालांकि अब ऐसे लोगों के लिए राहत वाली खबर सामने आ रही है। शोधकताओं की टीम ने एक हालिया रिपोर्ट में बताया है कि जल्द ही रोजाना बिना दवा लिए भी आप ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रख पाएंगे। इसके लिए विकल्प के तौर पर एक इंजेक्शन की काफी चर्चा है, जिसे गोलियों की जगह साल में सिर्फ दो बार लेने से आप बीपी को कंट्रोल में रख पाएंगे। जिलेबेसिरन नाम के इस इंजेक्शन को विशेषज्ञ भविष्य के लिए काफी असरदार उपाय के तौर पर देख रहे हैं।

### कई गंभीर समस्याओं का कम होगा खतरा

द लैंसेट जर्नल में इस इंजेक्शन से बीपी को मरीजों को होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी गई है। शोधकताओं का कहना है कि इस खोज से हाइपरटेंशन को मैनेज करने का तरीका पूरी तरह बदल सकता है, खासकर ऐसे समय में जब दशकों से मौजूद दवाओं के बावजूद हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों की संख्या दुनियाभर में बढ़ती ही जा रही है।

माना जा रहा है कि जिलेबेसिरन इंजेक्शन लंबे समय तक हाइपरटेंशन को कंट्रोल में रखने में मददगार हो सकती है। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक के साथ किडनी-आंख की समस्याओं के खतरे को कम करने में भी मदद मिल सकती है। हाई ब्लड प्रेशर की समस्या को अगर बेहतर तरीके से कंट्रोल कर लिया जाए तो इसके कारण होने वाली बीमारियों का बोझ भी स्वास्थ्य सेवाओं से कम किया जा सकता है।

### कैसे काम करेगी ये इंजेक्शन?

इस इंजेक्शन को लेकर साझा की गई जानकारियों के मुताबिक फिलहाल ये अपने लेट-स्टेज ग्लोबल ट्रायल में हैं। साल में दो बार लगने वाले इस इंजेक्शन से हाई बीपी को आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है।

रोश और एल्नीलम फार्मास्यूटिकल्स द्वारा विकसित जिलेबेसिरन इंजेक्शन को साल में दो बार लगवाने की जरूरत होगी।

इसमें लिवर में एंजियोटेंसिनोजेन के उत्पादन को कम करने के लिए स्मॉल इंटरफेरिंग आरएनए (२फ्छअ) टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। एंजियोटेंसिनोजेन एक प्रोटीन है जो ब्लड प्रेशर रेगुलेशन के लिए जरूरी है।

एंजियोटेंसिनोजेन के उत्पादन को धीमा करके यह इंजेक्शन करीब छह महीने तक ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रख सकती है।

मिड-स्टेज अच्छे नतीजों के बाद अब ये फेज 3 ट्रायल्स में है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

विशेषज्ञ कहते हैं, शुरूआती ट्रायल्स से पता चलता है कि ये इंजेक्शन असरदार हो सकती है, लेकिन शोधकताओं ने चेतावनी दी है कि हाइपरटेंशन जिंदगी भर चलने वाली बीमारी है और ये थेरेपी अभी क्लिनिकल जांच के तहत हैं। स्टैंडर्ड इलाज यानी रोजाना ली जाने वाली दवाओं की जगह लेने के लिए ये कितनी प्रभावी है, फिलहाल दावा नहीं किया जा सकता है।

# कान में चला जाए होली का रंग तो भूलकर भी न करें ये गलती, ऐसे पा सकते हैं राहत



होली की मस्ती में अक्सर लोग अपने चेहरे और आंखों को बचाने की कोशिश तो करते हैं, लेकिन कानों की सुरक्षा को नजरअंदाज कर देते हैं। कान शरीर का एक बेहद संवेदनशील हिस्सा हैं। होली के सूखे गुलाल और पक्के रंगों में सीसा, क्रोमियम और अभ्रक जैसे हानिकारक रसायन होते हैं, जो कान की नाजुक त्वचा और पर्दे को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। अगर खेलते समय रंग कान के भीतर चला जाए, तो यह न सिर्फ खुजली और जलन पैदा करता है, बल्कि संक्रमण का कारण भी बन सकता है।

विशेषज्ञों के अनुसार कान में फंसा सूखा रंग नमी पाकर फूल जाता है, जिससे कान बंद होने या 'टिनिटस' (घंटी बजने जैसी आवाज) की समस्या हो सकती है। बता दें कि कान की नली बहुत संवेदनशील होती है और इसमें बाहरी रसायनों का जानें से 'ओटिटिस एक्सटर्ना' जैसी सूजन वाली बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए होली की मस्ती के बीच कानों की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना बहुत जरूरी है।

### कान में रंग जाने से किन चीजों का जोखिम बढ़ जाता है?

कान के भीतर अगर पक्के रंग चले जाते हैं तो फंगल और बैक्टीरियल इन्फेक्शन का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

अगर रंग कान के पर्दे तक पहुंच जाए, तो इससे सुनने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है और तेज दर्द महसूस हो सकता है।

### अगर कान में रंग चला जाए तो कैसे राहत पाएं?

सबसे पहले सिर को उस दिशा में झुकाएं जिस कान में रंग गया है और उसे धीरे-धीरे हिलाएं ताकि सूखा रंग बाहर गिर जाए।

बाहरी हिस्से पर लगे रंग को गीले सूती कपड़े से धीरे से पोंछ लें, लेकिन पानी को कान के छेद के भीतर न जाने दें।

अपनी उंगली से हल्के हाथों से कान को हिलाएं, इससे कान में फंसा रंग बाहर आ सकता है।

अगर खुजली या भारीपन महसूस हो, तो तुरंत ईएनटी विशेषज्ञ से मिलें ताकि वे सुरक्षित तरीके से 'सक्शन' द्वारा रंग निकाल सकें।

### क्या गलती नहीं करनी चाहिए?

कान में रंग जाने पर उसे निकालने के लिए माचिस की तीली, चाबी या ईयर बड्स का इस्तेमाल बिल्कुल न करें, यह रंग को और अंदर धकेल सकता है।

कान में अपनी मर्जी से तेल, हाइड्रोजन पेरोक्साइड या कोई भी आई-ईयर ड्रॉप्स न डालें, क्योंकि यह पर्दे को स्थायी नुकसान पहुंचा सकता है।

कान को जोर से रगड़ने या झटकने की कोशिश न करें, इससे नाजुक ऊतकों में चोट लग सकती है।



गत चैंपियन भारतीय टीम टी20 विश्व कप का खिताब बचाए रखने से दो कदम दूर है। भारत का सामना अब पांच मार्च को मुंबई में इंग्लैंड से होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट के इतिहास में छठी बार सेमीफाइनल में पहुंची है।

# छठी बार सेमीफाइनल में भारत: टी20 विश्वकप के नॉकआउट में कैसा है टीम इंडिया का रिकॉर्ड?

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। रविवार को कोलकाता के ईडेन गार्डन्स मैदान पर खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराते हुए भारतीय टीम ने अंतिम चार का टिकट हासिल किया। टीम इंडिया छठी बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है। टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की भिड़ंत 5 मार्च को इंग्लैंड के साथ होगी।



### 2007 : ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में हराया

भारतीय टीम ने साल 2007 में खेले गए टी20 विश्व कप के पहले ही संस्करण में सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया था। महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था। इस मुकाबले में युवराज सिंह ने कमाल की बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों में 70 रनों की दमदार पारी खेली थी। वहीं, धोनी ने 18 गेंदों में 200 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए नाबाद 36 रन बनाए थे। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 188 रन लगाए थे। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम सात विकेट गंवाकर 173 रन ही बना सकी थी। वहीं, गेंदबाजी में इरफान पठान और जोगिंदर शर्मा ने दो-दो विकेट निकाले थे।

### 2014 : दक्षिण अफ्रीका को किया था चित

2007 में चैंपियन बनने के बाद भारतीय टीम को टी20 विश्व कप का अगला सेमीफाइनल खेलने का मौका सात साल बाद मिला था। टी20 विश्व कप 2014 के सेमीफाइनल में भारतीय टीम का सामना दक्षिण अफ्रीका से हुआ था। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 172 रन बनाए थे। हालांकि, टीम इंडिया ने 173 रनों के लक्ष्य को सिर्फ चार विकेट गंवाकर 19.1 ओवर में हासिल कर लिया था। विराट कोहली ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंदों में 72 रनों की नाबाद पारी खेली थी।

### 2016 : जब वेस्टइंडीज ने तोड़ा था करोड़ों प्रशंसकों का दिल

साल 2016 में घरेलू सरजमीं पर खेले गए टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में टीम इंडिया की भिड़ंत वेस्टइंडीज से हुई थी। विराट कोहली की 89 और रोहित शर्मा की 43 रनों की दमदार पारी के बूते पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में दो विकेट पर 192 रन बनाए थे। हालांकि, लेंडल सिमंस की नाबाद 82 और जॉनसन चार्ल्स की 36 गेंदों में खेली गई 52 रनों की पारी के दम पर कैरेबियाई टीम 193 रनों के लक्ष्य को हासिल करने में सफल रही थी।

### 2022 : इंग्लैंड ने एकतरफा अंदाज में हराया

साल 2022 में ऑस्ट्रेलिया की धरती पर खेले गए टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारतीय टीम को इंग्लैंड के हाथों करारी हार झेलनी पड़ी थी। हार्दिक पांड्या की 33 गेंदों में खेली गई 63 रनों की दमदार पारी और विराट कोहली के 50 रनों की बदौलत भारतीय टीम ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 168 रन लगाए थे। हालांकि, इंग्लैंड ने जोस बटलर और एलेक्स हेल्स की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर बिना कोई विकेट गंवाए 169 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया था।

### 2024 : भारत ने इंग्लैंड से हिसाब किया था चुकता

टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को हराते हुए पिछले विश्व कप में मिली हार का हिसाब चुकता कर लिया था। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 171 रन बनाए। रोहित शर्मा ने 39 गेंदों में 57 रनों की दमदार पारी खेली थी, जबकि सूर्यकुमार यादव ने 47 रनों का योगदान दिया था। हालांकि, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की घूमती गेंदों के आगे इंग्लिश बल्लेबाजों ने आसानी से घुटने टेक दिए थे। इंग्लैंड की पूरी टीम महज 103 रन बनाकर सिमट गई थी। कुलदीप और अक्षर ने तीन-तीन विकेट निकाले थे।

# क्या पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर लगा 50-50 लाख का जुर्माना? टी20 विश्वकप से बाहर होने पर पीसीबी सख्त

**कराची।** टी20 विश्वकप 2026 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बड़ा कदम उठाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहने पर टीम के प्रत्येक खिलाड़ी पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (करीब 16 लाख भारतीय रुपये) का जुर्माना लगाया गया है।

पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, यह फैसला भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज हार और सुपर-8 में इंग्लैंड से मिली शिकस्त के बाद लिया गया। हालांकि, टीम ने श्रीलंका के खिलाफ करीबी जीत दर्ज की, लेकिन वह सेमीफाइनल की राह नहीं खोल सकी। बताया जा रहा है कि बोर्ड के अधिकारी टीम के प्रदर्शन से बेहद नाराज थे और लगातार आईसीसी टूर्नामेंट्स में असफलता को देखते हुए यह सख्त कदम उठाया गया।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, 'आपको दो साल में एक मौका मिलता है कि अपने देश के क्रिकेट की छाप छोड़ सकें और आप फिर असफल हो जाते हैं। यह देखना बेहद निराशाजनक है।' उन्होंने आगे कहा कि टी20 अब बेहद योजनाबद्ध प्रारूप बन चुका है और पाकिस्तान के खिलाड़ी बाकी टीमों के स्तर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

# भारत के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम घोषित, दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को मौका

**सिडनी।** वनडे सीरीज के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकमात्र टेस्ट मैच छह से नौ मार्च तक खेला जाना है। इस एकमात्र टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम में जो अनकैप्ड खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने रेचल ट्रेनमैन और मैटलन ब्राउन के रूप में दो युवा खिलाड़ियों को मौका दिया है। ब्राउन और ट्रेनमैन दोनों ने पिछले अगस्त में ब्रिस्बेन में इंडिया ए के खिलाफ रेड-बॉल चार-दिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया ए के लिए खेला था।

यह अनकैप्ड जोड़ी इस सप्ताह पर्थ में टीम के साथ जुड़ेगी। दोनों के टीम में शामिल होने से गार्थ और एलिस पेरी की क्वाड इंजरी और सोफी मोलिनक्स की पीठ की शिकायत के बाद टीम में मजबूती आएगी। ट्रेनमैन पहली बार पेरी के कवर के तौर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल हुई हैं। उन्हें क्वाड की समस्या है, और अगर वह समय पर ठीक हो जाती हैं, तो पर्थ में सिर्फ बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगी। तेज गेंदबाज किम गार्थ चोट की समस्या के कारण मैच से बाहर हैं।

ब्राउन को 2021 के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। 28 साल की इस तेज गेंदबाज ने इस सीजन में न्यू साउथ वेल्स के लिए 10 मैचों में 16 विकेट लिए हैं। कप्तान सोफी मोलिनक्स भी पीठ की समस्या के कारण मैच नहीं खेल पाएंगी। एलिसा हीली ही कप्तान होंगी। यह उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। हीली ने रविवार को भारत के खिलाफ अपना आखिरी वनडे खेला था और 98 गेंद पर 158 रन की पारी खेली थी।

**ऑस्ट्रेलिया टेस्ट टीम:** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, मैटलन ब्राउन, एश्ले गार्डनर, लूसी हैमिल्टन, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्राथ, एलिस पेरी, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

**भारतीय टेस्ट टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, रेणुका ठाकुर, स्नेह राणा, क्रांति गौड़, वैष्णवी शर्मा, सायाली सतघरे।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### दोपहिया वाहनों में आग लगाने वाले बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलूस

**इंदौर।** इंदौर के रावजी बाजार में पिछले दिनों तीन से ज्यादा दो पहिया वाहनों में आग लगाने वाले बदमाश को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी का इलाके में जुलूस निकाला गया। पुलिस ने आगजनी को लेकर आरोपी पर कारवाई की थी। उसे पुलिस जिला कोर्ट में पेश करेगी। एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि राजू वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को लखन उर्फ काला पुत्र शरद वर्मा पर आगजनी और अड़ीबाजी को लेकर एफआईआर की थी। लखन बुधवार को पहले राजू के पास आया ओर शराब पीने के लिए रुपये मांगे। जब राजू ने इंकार किया तो आरोपी रात में आया ओर दो बाइक सहित अन्य वाहनो में आग लगाकर भाग गया। पुलिस ने राजू की शिकायत पर एफआईआर की इसके बाद रविवार रात लखन पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस की टीम उसके पीछे गई तो वह गिर गया। सोमवार को इलाके में आरोपी का जुलूस निकाला गया। पुलिस के सामने वह गिड़गिड़ाते नजर आया। **ट्रेवलर के कांच फोड़ने वाला पकड़ाया-** चदंन नगर में भी शुक्रवार शनिवार की दरमियानी रात जितेन्द्र धारवा की ट्रेवलर कार के कांच बदमाश ने फोड़ दिए थे। पुलिस ने जितेन्द्र के रिश्तेदार कपिल की शिकायत पर नीरज पुत्र सुभाष प्रजाप्रत पर एफआईआर की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। शराब के लिए रुपए नहीं देने के चलते आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया था।

### नौवीं की छात्रा ने छेड़छाड़ करने वाले युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई

**इंदौर।** इंदौर की सदर बाजार पुलिस ने एक छात्रा की शिकायत पर छेड़डाड़ के मामले में एफआईआर की है। आरोपी पिछले कई माह से पीड़िता को परेशान कर रहा था। एक माह पहले भी आरोपी ने पीड़िता के घर में घुसकर हरकत की थी, लेकिन बदनामी के चलते पीड़िता ने यह बात किसी को बताई नही थी। सदर बाजार पुलिस ने 16 साल की लड़की की शिकायत पर रोहित उर्फ काउ के खिलाफ छेड़डाड़ के मामले में एफआईआर की है। पीड़िता के मुताबिक रोहित पीछे की गली में रहता है ओर घर के सामने आकर बैठ जाता है। पिछले कई माह से वह यह हरकत कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने 8 जनवरी के दिन कपड़े सुखाने के दौरान उसके साथ हरकत की थी आरोपी ने रुपए का लालच भी दिया। बदनामी के चलते छात्रा चुप रही। 27 फरवरी को आरोपी ने उसके भाई से मारपीट की। आरोपी ने पीड़िता के भाई को रोककर कहा कि वह उसकी बहन को पसंद करता है। इसके बाद आरोपी को रोका टोका तो मारपीट करने लगा। रविवार को भी आरोपी पीड़िता के घर आया। दरवाजा बजाते हुए विवाद करने लगा। पुलिस के पास पीड़िता और उसकी मां पहुंची। आरोपी पर एफआईआर की गई है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा- अतिक्रमण हटाएं समय-सीमा में पूरा करें निर्माण कार्य

## मास्टर प्लान सड़क की गुणवत्ता का किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर शहर के समग्र ट्रैफिक सुधार और अधोसंरचना विकास को गति देने के उद्देश्य से महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार को वीर सावरकर प्रतिमा से अटल गेट तक निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क की स्थिति देखी। यह सड़क 1.31 किलोमीटर लंबाई एवं 18 मीटर चौड़ाई की है, जिसका निर्माण काम लगभग 10.76 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है।

महापौर ने निर्माणाधीन मार्ग में बाधक बने अतिक्रमण एवं अन्य निर्माणों को जारी किए गए नोटिसों की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।

वर्तमान में दबंग दुनिया जीटीएस से लक्ष्मी मेमोरियल अस्पताल तक प्रथम चरण में सड़क निर्माण काम प्रगति पर है। महापौर ने मौके पर गुणवत्ता की जांच करते हुए संबंधित एजेंसी को काम में तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा में पूरा करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह रास्ता शहर के ट्रैफिक दबाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**लोगों की सुविधा को प्राथमिकता-** महापौर ने अटल द्वार से बैरवा समाज धर्मशाला तक के रास्ते पर लोगों को हो रही ट्रैफिक असुविधा का संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब तक पूरा निर्माण कार्य संपन्न नहीं हो जाता, तब तक असुविधा कम करने के लिए तत्काल प्रभाव से पेचवर्क काम किया जाए, जिससे आनाजाना सुगम हो सके। महापौर के साथ एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, सहायक यंत्री नरेश जायसवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी थे।

## होली के त्योहार को लेकर सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से पुलिस की रहेगी पैनी नजर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

होली के त्योहार को लेकर शहर में शांति व्यवस्था और सौहार्दपूर्ण वातावरण रहे इसके मद्देनजर रविवार को पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ मीटिंग की। आगामी त्यौहारों होली, धुलेंडी एवं रंगपंचमी तथा रमजान माह आदि त्योहारों के दौरान इंदौर में पुलिस व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल पूरे शहर में तैनात किया जाएगा, जो पूरे संसाधनों से लैस होकर पूरी संवेदनशीलता व सतर्कता के साथ ड्यूटी कर, हर गतिविधि पर निगरानी रखेगा। इस दौरान पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन आदि का जाल भी शहर में बिछाया जाएगा। होलिका दहन परम्परागत, गैर विवादित स्थल पर किया जाना सुनिश्चित किया जाए और उनसे रास्ता या ट्रैफिक अवरूद्ध न हो यह भी ध्यान रखा जाए। होलिका दहन के समय क्षेत्र में सघन पुलिस पेट्रोलिंग हो और आगजनी आदि दुर्घटना से बचाव के पर्याप्त संसाधनों की व्यवस्था तथा वॉलियटियर्स की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की गई है, ये भी सुनिश्चित करें।

## साल की पहली लोक अदालत 14 मार्च को

### संपत्तिकर व जलकर के सरचार्ज में 100 प्रतिशत तक की छूट, महापौर-निगम आयुक्त ने की लाभ उठाने की अपील

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के सभी 22 जोनल ऑफिसों, रजिस्टार ऑफिस और निगम मुख्यालय में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगमायुक्त क्षितिज सिंघल एवं राजस्व प्रभारी निरंजनसिंह चौहान ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में संपतिकर अधिभार (सरचार्ज) में निम्न शर्तों पर छूट दी जा रही है।

संपति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार तक बकाया है पर अधिभार में 100% तक की छूट।

संपति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार से ज्यादा और एक लाख तक बकाया होने पर अधिभार में 50% तक की छूट।

संपति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 1 लाख से ज्यादा बकाया होने पर अधिभार में 25% तक की छूट दी जाएगी। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार तक बकाया होने पर 100% प्रतिशत तक की छूट। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार से ज्यादा और 50 हजार तक बकाया होने पर अधिभार में 75% प्रतिशत की छूट। जलकर के ऐसे प्रकरण में जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार से ज्यादा बकाया होने पर अधिभार में 50% प्रतिशत की छूट।

महापौर और निगमायुक्त ने 14 मार्च को निगम मुख्यालय व जोनल कार्यालयों में आयोजित नेशनल लोक अदालत का लाभ लेने के लिए संपतिकरदाता व जलकरदाताओं से अपील की है कि वे इस नेशनल लोक अदालत में आकर संपतिकर व जलकर जमा कराएं और अधिभार में छूट का लाभ लेकर शहर विकास में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि यह साल 2026 की पहली लोक अदालत होने से अधिभार की छूट प्राप्त कर राजस्व राशि जमा कराने के लिए सभी 1 से 22 जोनों के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारियों एवं उनके अधीनस्थ कार्यरत वसूली अमले को अधिभार में छूट के बिल जारी कर करदाताओं को उपलब्ध कराने तथा बड़े बकायादारों से संपर्क करने तथा जोन क्षेत्र/वार्ड क्षेत्र में लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा गया है। ताकि लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा राजस्व राशि का संग्रहण निगम कोष में प्राप्त हो सके।

## जयपुर-इंदौर इंडिगो फ्लाइट कैंसिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर जयपुर आने-जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इंडिगो एयरलाइंस की जयपुर-इंदौर-जयपुर फ्लाइट को निरस्त कर दिया गया, जिससे रात को आने और सुबह जाने वाले यात्री फंस गए।

एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार इंडिगो की फ्लाइट रात 10.05 बजे जयपुर से इंदौर पहुंचती है और सुबह 6.35 बजे जयपुर के लिए रवाना होती है। लेकिन फ्लाइट के जयपुर से देरी से रवाना होने और इंदौर एयरपोर्ट के रनवे मरम्मत के कारण रात 10.30 बजे बंद हो जाने से विमान इंदौर नहीं आ सका। इसके चलते कंपनी को फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी। रात की फ्लाइट रद्द होने के कारण सुबह जयपुर जाने वाली फ्लाइट भी निरस्त करनी पड़ी। इससे जयपुर से इंदौर आने वाले यात्री जयपुर एयरपोर्ट पर ही अटक गए, जबकि सुबह जयपुर जाने वाले यात्री इंदौर में ही फंस गए।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समयः सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रुम की सुविधा
• टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रुम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com